वर्ष- 13 अंक- 272
लखनऊ, गुरुवार 4 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अवैध मदिरा के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान जारी 10

चौक को मिली 50 लाख की सौगात 03


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,56,370/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,43,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,17,320/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,80,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### सौरव गांगुली की सुरक्षा में कटौती

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष सौरव गांगुली की सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राज्य सरकार द्वारा की गई सुरक्षा समीक्षा के बाद उनकी सुरक्षा श्रेणी को जेड से घटाकर वाई कर दिया गया है। यह फैसला राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद चल रही व्यापक सुरक्षा समीक्षा प्रक्रिया का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत कई नेताओं, जनप्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख व्यक्तियों को दी जा रही सरकारी सुरक्षा का पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है। सौरव गांगुली को पिछले कुछ वर्षों से जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी। इस श्रेणी में आम तौर पर बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाती है।

### बंगाल सरकार ने बीएसएफ को सौंपी 31.9 एकड़ जमीन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़बंदी कार्य को तेज करने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को 31.905 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर दी है। यह प्रक्रिया कई वर्षों से लंबित थी। राज्य के पंचायत मंत्री दिलीप घोष ने बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद इसकी जानकारी दी। दिलीप घोष ने बताया कि सरकार ने बीएसएफ को सीमा पर बाड़बंदी और स्थायी सीमा चौकियों के निर्माण के लिए विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि सरकार के पहले मंत्रिमंडल निर्णय के अनुरूप बांग्लादेश सीमा से लगे राज्य के नौ स्थानों पर कुल 31.905 एकड़ भूमि सीमा सुरक्षा बल को सौंपी गई है।

### नैनोमेडिसिन से निष्क्रिय हो सकते हैं कैंसर के प्रमुख कारक

**नई दिल्ली।** पुणे के वैज्ञानिकों ने जीन साइलेंसिंग की एक ऐसी रणनीति विकसित की है, जो स्तन कैंसर में ट्यूमर को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर सकती है। यह अगली पीढ़ी की सटीक नैनोमेडिसिन के रूप में सामने आई है। नैनोमेडिसिन में प्रगति तेजी से ऐसी सटीक रणनीतियों की ओर बढ़ रही है, जो कैंसर पैदा करने वाले जीन को सीधे निष्क्रिय करती हैं और साथ ही प्रणालीगत विषाक्तता को कम करती हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान, पुणे के अगरकर अनुसंधान संस्थान (एआरआई) के वैज्ञानिकों ने स्तन कैंसर में लक्षित जीन थेरेपी के लिए एक नवीन जैव-अपघटनीय नैनोकैरियर प्लेटफॉर्म प्रस्तुत किया है। एडवांस्ड हेल्थकेयर मैटेरियल्स में हाल ही में प्रकाशित यह शोध, स्तन कैंसर में प्रमुख जीवन रक्षा मार्गों के लक्षित जीन साइलेंसिंग में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिससे कुशल ट्यूमर लक्ष्यीकरण और दमन संभव होता है। यह अधिक प्रभावी और सुरक्षित नैनोमेडिसिन-आधारित उपचार विकसित करने के लिए एक आशाजनक रणनीति प्रदान करता है।

### मोनालिसा के पति को बड़ी राहत, केरल हाई कोर्ट ने दी ट्रांजिट अग्रिम जमानत

**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट ने बुधवार को कुंभ मेले की वायरल मोनालिसा भोसले के पति मोहम्मद फरमान को एक आपराधिक मामले में ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी। यह मामला मध्य प्रदेश पुलिस ने मोनालिसा के पिता की शिकायत के आधार पर दर्ज किया था। जस्टिस कौसर एडापगाथ ने फरमान को गिरफ्तारी से एक महीने की सुरक्षा दी, जिससे उसे मध्य प्रदेश की संबंधित अदालतों में जाने और नियमित अग्रिम जमानत मांगने का समय मिल सके। अदालत ने निर्देश दिया कि फरमान को एक महीने की अवधि पूरी होने तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। यह आदेश उस समय आया, जब अदालत अंतर-धार्मिक जोड़े द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका पर विचार कर रही थी। दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# रेस्टोरेंट में लगी आग ने ली 21 जिंदगियां



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में बुधवार सुबह फ्लोरिश स्टे बीएंडबी रेस्टोरेंट में लगी आग में 21 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। वहीं इस घटना में 40 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। दमकल की आठ गाड़ियों ने पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया है।

इलाके में भीषण आग के बाद घंटों तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। आग इतनी तेजी से फैली कि रेस्टोरेंट और उससे जुड़े हिस्सों में मौजूद कई लोग अंदर फंस गए। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग, दिल्ली पुलिस और आपदा प्रबंधन एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंचीं और बड़े स्तर पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस दुखद घटना में 21 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है। 8 दमकल गाड़ियों की सहायता से आग को सफलतापूर्वक बुझा दिया गया है। मौके पर मौजूद अधिकारियों के अनुसार आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है, लेकिन धुआं और गर्मी के कारण सर्च ऑपरेशन बेहद सावधानी से चलाया जा रहा है। बचाव टीमें इमारत के अंदर प्रवेश कर हर कमरे और बेसमेंट की जांच कर रही हैं। घटना के बाद मालवीय नगर और आसपास के इलाके में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र को घेर लिया है और आम लोगों की आवाजाही पर नियंत्रण रखा जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जांच के बाद ही आग की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### 40 लोगों को सुरक्षित बचाया गया

पुलिस, अग्निशमन सेवाओं और अन्य आपातकालीन बचाव कर्मियों के समन्वित प्रयासों से, 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है और चिकित्सा उपचार के लिए पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक यह संख्या उन सभी लोगों की है, जिन्हें इमारत से निकाला गया है। इनमें से कितने लोग घायल हैं और उनकी स्थिति क्या है, इसकी विस्तृत जानकारी संबंधित अस्पतालों से जुटाई जा रही है।

### दमकल विभाग के जवानों को करना पड़ा चुनौतियों का सामना

राहत एवं बचाव अभियान के दौरान दमकल विभाग के जवानों को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। आग बुझाने और अंदर फंसे लोगों को निकालने के दौरान एलएफएम योगेंद्र घायल हो गए। उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। वहीं एसटीओ मनोज की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें ड्यूटी से हटाकर वापस स्टेशन भेजा गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए अग्निशमन विभाग के प्रधान निदेशक भी मौके पर पहुंच गए। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पूरे अभियान की निगरानी की जा रही है। अग्निशमन विभाग, पुलिस और अन्य एजेंसियों की संयुक्त टीम इमारत के हर हिस्से की गहन तलाशी ले रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई व्यक्ति अंदर फंसा न रह गया हो।

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख मुआवजे की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के मालवीय नगर में भीषण आग की घटना पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में जनहानि बेहद दुखद है। अपनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति उनकी गहरी संवेदना है। वे घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। अधिकारी प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष से 2 लाख की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।
दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दुख जताते हुए कहा कि घटना की सूचना मिलते ही, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, डीडीएमए, सीएटीएस एम्बुलेंस सेवा और अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों की टीमें तुरंत सक्रिय हुईं और बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया। त्वरित कार्यवाही से प्रभावित परिसरों से कई लोगों को बचाने और सुरक्षित निकालने में मदद मिली। दिल्ली सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। प्रभावित परिवारों को सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता और समर्थन प्रदान किया जा रहा है।
उन्होंने कहा, दुख की इस घड़ी में दिल्ली सरकार प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है।

# योगी सरकार का किसानों को बड़ा तोहफा

## मक्के की नई एमएसपी समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को कैबिनेट ने दी मंजूरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मक्के की नई एमएसपी समेत 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बैठक में किसान हित, बुनियादी ढांचा विकास, पर्यावरण संरक्षण और कानून-व्यवस्था से जुड़े अहम फैसले लिए गए।

बैठक में सबसे चर्चित फैसलों में मक्के की नई न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) शामिल है। जिससे प्रदेश के मक्का उत्पादक किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।

कैबिनेट ने इलेक्ट्रिक बसों की खरीद को भी हरी झंडी दी है। इससे प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन को हरित और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ेगा।

बैठक में नई जेलों के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली है, जिससे जेलों की क्षमता बढ़ेगी और कैदियों के सुधार एवं पुनर्वास की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी।

### मोहनलालगंज के मऊ गांव में बनेगा नया रजिस्ट्री कार्यालय



मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें लखनऊ के मोहनलालगंज में उप निबंधक कार्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इसके तहत ग्राम मऊ की 953 वर्गमीटर भूमि राजस्व विभाग से स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को हस्तांतरित की जाएगी। प्रस्ताव के मुताबिक मोहनलालगंज तहसील के ग्राम मऊ स्थित गाटा संख्या 1134 और 1137 की कुल 953 वर्गमीटर (0.0953 हेक्टेयर) भूमि उप निबंधक कार्यालय के निर्माण के लिए आवंटित की जाएगी। यह भूमि वर्तमान में राजस्व विभाग के पास है, जिसे स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग प्रदेश के प्रमुख राजस्व अर्जक विभागों में शामिल है और राजस्व संग्रह के मामले में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश के निबंधन कार्यालयों में हर वर्ष करीब 50 लाख दस्तावेजों का पंजीकरण होता है। इनमें भूमि और मकानों की रजिस्ट्री के अलावा विवाह पंजीकरण, किरायानामा, गिफ्ट डीड और मुख्तारनामा जैसे दस्तावेज शामिल हैं। प्रस्तावित उप निबंधक कार्यालय में सब-रजिस्ट्रार कक्ष, रजिस्ट्रेशन कक्ष और अभिलेखागार के अलावा आम लोगों के लिए बड़ा प्रतीक्षालय, महिला और पुरुषों के लिए अलग शौचालय तथा पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार का उद्देश्य निबंधन संबंधी सेवाओं को अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाना है।

### भारत ने की कुवैत पर हुए हमले की निंदा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने कुवैत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमले की निंदा की है। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हुई है और अन्य घायल हैं। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि पश्चिम एशिया में जारी वर्तमान संघर्ष की शुरुआत से ही भारत, नागरिकों और नागरिक ढांचागत सुविधाओं को निशाना बनाए जाने का विरोध करता रहा है। सरकार हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। मंत्रालय का कहना है कि भारतीय दूतावास सभी घायलों को हर प्रकार की सहायता दे रहा है। भारतीय नागरिकों की भलाई के लिए दूतावास स्थानीय प्रशासन के साथ संपर्क बनाए हुए हैं। क्षेत्र में मौजूद भारतीय मिशन और पोस्ट पूरी तरह से सतर्क है और समुदाय को मदद पहुंचाने के लिए आगे बढ़कर कदम उठा रहा है।
उल्लेखनीय है कि कल रात कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल 1 ईरान के ड्रोन और मिसाइल का निशाना बना। इसमें हवाई अड्डे को भारी नुकसान पहुंचा, हवाई अड्डे के कर्मचारियों और यात्रियों सहित लगभग 63 लोग घायल हुए और उड़ानों को निलंबित करना पड़ा।

# वर्ष 2005-14 के दौरान लाखों किसानों ने आत्महत्या की, मोदी सरकार में हालात बदले : मुख्यमंत्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



> किसानों को अब उनकी मेहनत का बेहतर प्रतिफल मिल रहा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दावा किया कि वर्ष 2005 से 2014 के बीच पूरे देश में लाखों किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर खुदकुशी कर ली लेकिन पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हालात में काफी बदलाव हुआ है।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर, बस्ती और आजमगढ़ मंडलों के लिए संयुक्त खरीफ उत्पादकता सेमिनार-2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में आए बदलाव ने किसानों को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने और देश के विकास में सक्रिय भागीदार बनने में सक्षम बनाया है।

उन्होंने कहा, अगर हम वर्ष 2005 से 2014 तक के दौर को देखें, तो पूरे देश में लाखों किसानों ने आत्महत्या की। इन घटनाओं के पीछे एक त्रासदी थी।

किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज नहीं मिल रहे थे, खेती की लागत बढ़ रही थी, उत्पादकता घट रही थी और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली के तहत अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा था। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि उस दौर में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के लिए आपदा प्रबंधन और राहत के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। आदित्यनाथ ने दावा किया कि किसानों को अब उनकी मेहनत का बेहतर प्रतिफल मिल रहा है और वे केंद्र और राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए सुधारों से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले 12 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, कृषि और खेती में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं। किसान अब समाज की मुख्यधारा और राष्ट्र-निर्माण का हिस्सा बनते हुए आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र की बेहतर स्थिति ने उत्तर प्रदेश को देश की अग्रणी कृषि अर्थव्यवस्थाओं में से एक में बदलने में अहम भूमिका निभाई है।

# शिवकुमार ने ली कर्नाटक के 25वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ

**एजेंसी, बेंगलुरु।**



कांग्रेस नेता डी. के. शिवकुमार ने बुधवार कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शिवकुमार को लोक भवन के ग्लास हाउस में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कई अन्य नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही आठ बार के विधायक डी.के. शिवकुमार का वह वह सपना साकार हो गया, जिसके लिए उन्होंने लंबे समय तक राजनीतिक संघर्ष किया। शिवकुमार और सिद्धरमैया के बीच काफी समय तक चली खींचतान का अंत पिछले सप्ताह सिद्धरमैया के मुख्यमंत्री पद छोड़ने के साथ हुआ। सिद्धरमैया ने कांग्रेस आलाकमान के निर्देश के बाद बीते 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और उनके इस कदम से दक्षिण भारत में पार्टी के संकटमोचक माने जाने वाले शिवकुमार के लिए यह पद ग्रहण करने का रास्ता साफ हुआ।

### केंद्र ने 10 हजार करोड़ के एटीएफ मूल्य स्थिरीकरण कोष को दी मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट एवं वैश्विक ईंधन की कीमतों में उछाल के बीच केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय एयरलाइंस के लिए 10,000 करोड़ रुपये के एटीएफ मूल्य स्थिरीकरण कोष को मंजूरी दे दी है। इसका मुख्य उद्देश्य विमानन कंपनियों और यात्रियों को ईंधन के भारी झटकों से बचाना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यहां पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का एकमुश्त बजटीय सहयोग देने की मंजूरी दी है, ताकि वे अनुसूचित भारतीय एयरलाइनों को उनके घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों को स्थिर रखने में सहायता प्रदान कर सकें।

# वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति पांच दिवसीय भारत दौरे पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज 3 से 7 जून तक भारत की कार्ययात्रा पर हैं। वे आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच ऊर्जा, व्यापार, निवेश, उत्पादन, स्वास्थ्य और परिवहन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होने की संभावना है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने उनके आगमन की जानकारी देते हुए बुधवार को कहा कि यह दौरा भारत-वेनेजुएला संबंधों को और प्रगाढ़ करेगा और द्विपक्षीय साझेदारी में मिली गति को आगे बढ़ाएगा।

विदेश मंत्रालय के अनुसार रोड्रिगेज को पहले 1 जून को प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आना था। सम्मेलन को आगे बढ़ाये जाने के बाद उनकी यात्रा को कार्य यात्रा के रूप में निर्धारित किया गया है। कार्यवाहक राष्ट्रपति के साथ विदेश मामलों, अर्थव्यवस्था एवं वित्त, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, संचार एवं सूचना तथा परिवहन मंत्रियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी है। कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगेज इससे पहले विदेश मंत्री और उपराष्ट्रपति के रूप में कई बार भारत का दौरा कर चुकी हैं। यह उनकी छठी भारत यात्रा है।

यात्रा के दौरान कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगेज़ प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। इन वार्ताओं में भारत-वेनेजुएला संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा होगी और ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य सेवा, परिवहन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में आगे सहयोग के रास्ते तलाशे जाएंगे।

वेनेजुएला से आया प्रतिनिधिमंडल ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटो क्षेत्रों से जुड़े कई स्थलों का दौरा करेगा ताकि भारत की तकनीकी और औद्योगिक क्षमताओं की जानकारी प्राप्त कर सके और सहयोग के अवसरों का पता लगा सके।

### हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर दौड़ती वोल्वो बनी आग का गोला

**एजेंसी, हरिद्वार।** उत्तराखंड में हरिद्वार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार तड़के एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब देहरादून से दिल्ली और जयपुर जा रही एक वोल्वो बस में अचानक आग लग गयी। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरी बस जलकर खाक हो गई, हालांकि चालक की सतर्कता, यात्रियों की समझदारी और पुलिस-फायर सर्विस की त्वरित कार्रवाई के कारण बस में सवार सभी 32 यात्री सुरक्षित बच गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महालक्ष्मी फिलिप्स वोल्वो बस बुधवार सुबह करीब चार बजे देहरादून से ऋषिकेश होते हुए दिल्ली और जयपुर की ओर जा रही थी। बस जब क्रिस्टल वर्ल्ड से आगे पुलिस चौकी शांतारशाह से लगभग 200 मीटर पहले हरिद्वार-दिल्ली रोड पर पहुंची, तभी तकनीकी खराबी के कारण उसमें अचानक आग लग गई।

# खान सर के संस्थान पर हमला, छात्रों में चिंता

**एजेंसी, पटना।**



पटना के मुसल्लहपुर इलाके में दो कोचिंग संस्थानों के बीच विवाद के बाद छात्र-छात्राएं अपने पढ़ाई को लेकर चिंतित हैं। देर रात यह विवाद पत्थरबाजी और तोड़फोड़ तक पहुंच गया। आरोप है कि खान सर के संस्थान पर हमला किया गया, जिसमें एक सुरक्षा गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। छात्रों का कहना है कि इस विवाद के कारण हमारी पढ़ाई का बहुत नुकसान हुआ है।

एक छात्र ने कहा, सबसे जरूरी बात यह है कि शिक्षण संस्थानों पर कभी भी हमला नहीं होना चाहिए। असल में, किसी पर भी इस तरह का हमला नहीं होना चाहिए, लेकिन किसी शिक्षण संस्थान पर हमला विशेष रूप से नुकसानदायक होता है, क्योंकि इससे पूरे बिहार राज्य की छवि खराब होती है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में हर रोज प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसे में यहां विवाद के कारण कोचिंग बंद हो चुकी है, जो हमारे जैसे अनेक छात्रों के लिए बड़ा नुकसान है। अभी कितने दिन कोचिंग बंद रहेगी, इसका भी अंदाजा नहीं है।

एक अन्य छात्र ने कहा, घटना करीब 10 बजकर 15-20 मिनट के आसपास हुई, क्योंकि हम 10 बजे यहां से निकल चुके थे। 10 बजे के 5-10 मिनट में हम लाइब्रेरी में जाते हैं, तो हम लाइब्रेरी से यहां से निकल चुके थे। उसके बाद जब हम रूम पर गए तो हम थोड़ा छत पर गए और पापा से बात कर रहे थे। उसी दौरान करीब 10 बजकर 20 मिनट पर गोली चलने की आवाज आई।

छात्र ने कहा कि देर रात सोशल मीडिया के जरिए पता चला कि खान सर के कोचिंग सेंटर पर हमला हुआ है। यहां गोलियां चलने और पत्थरबाजी होने की सूचना मिली थी।

### तीन लोग गिरफ्तार पुलिस जांच जारी

बिहार की राजधानी पटना में चर्चित शिक्षक खान सर की कोचिंग पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में ज्ञान बिंदु कोचिंग के संचालक रोशन आनंद तथा उनके दो सहयोगी अभिषेक और गौरव शामिल हैं। पुलिस तीनों से लगातार पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है।

**स्पष्टता** — गोल्ड रिजर्व 880.52 टन पर स्थिर

# आरबीआई ने सोना बेचने की खबरों को बताया गलत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने सोने के भंडार को लेकर चल रही खबरों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। बुधवार को जारी बयान में केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि फिजिकल गोल्ड रिजर्व में कोई कमी नहीं हुई है और यह 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है।
आरबीआई ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया में तनाव के चलते विदेशी मुद्रा भंडार की सुरक्षा के लिए लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेचा गया है, जो पूरी तरह गलत है। केंद्रीय बैंक ने अपने बयान में जोर देकर कहा कि इस तरह की रिपोर्ट्स तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। आरबीआई ने आम जनता और निवेशकों को सलाह दी कि वे केवल केंद्रीय बैंक द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें और अपुष्ट खबरों से भ्रमित न हों। इसी बीच प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने भी इन दावों पर फैक्ट-चेक जारी करते हुए उन्हें भ्रामक बताया है। यह पूरा विवाद ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के बाद शुरू हुआ, जिसमें ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स के डेटा के हवाले से दावा किया गया था कि भारतीय रिजर्व बैंक ने मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष के बीच अपनी विदेशी मुद्रा संपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए सोने का एक हिस्सा बेचा हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया था कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ते दबाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण आरबीआई ने लिक्विड फॉरेक्स एसेट्स को प्राथमिकता दी है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आरबीआई ने संभवत: 22 मई तक के दो हफ्तों में लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेचा और इसके साथ ही 7.5 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा संपत्तियों की खरीद भी की।



रिपोर्ट के अनुसार, यह गतिविधि ऐसे समय में हुई जब सोने के आयात शुल्क में बढ़ोतरी के बावजूद बैंक के गोल्ड रिजर्व में बड़ा बदलाव देखा गया। इसी आधार पर यह अनुमान लगाया गया कि केंद्रीय बैंक अपने गोल्ड रिजर्व का उपयोग कर रहा है। आरबीआई ने अपने आधिकारिक आंकड़ों में स्पष्ट किया है कि 31 मार्च 2026 तक भारत के पास कुल 880.52 मीट्रिक टन सोना मौजूद था। यह आंकड़ा 31 मार्च 2025 के 879.58 मीट्रिक टन की तुलना में थोड़ा अधिक है। इसका मतलब है कि इस अवधि में सोने के भंडार में 0.94 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है, न कि कमी। केंद्रीय बैंक के अनुसार, यह तथ्य स्पष्ट करता है कि वित्त वर्ष 2026 के दौरान सोने की बिक्री नहीं हुई, बल्कि भंडार में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है।
आरबीआई ने यह भी जानकारी दी कि कुल 880.52 मीट्रिक टन सोने में से 312.32 मीट्रिक टन सोना 'इश्यू डिपार्टमेंट' के पास रखा गया है, जबकि 568.20 मीट्रिक टन सोना 'बैंकिंग डिपार्टमेंट' के अंतर्गत सुरक्षित है। इसके अलावा, आरबीआई ने बताया कि अपने विदेशी मुद्रा भंडार का एक बड़ा हिस्सा बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के पास सुरक्षित रखा जाता है।

# रामगांव पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री शिविर का डीएम ने लिया जायज़ा

## 3 दिवस में अवशेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के दिये निर्देश

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

कृषि एवं एलायड विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में फार्मर आई.डी. की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के शत-प्रतिशत कृषकों की फार्मर आई.डी. बनाये जाने के उद्देश्य से जनपद की ग्राम पंचायतों में संचालित किये जा रहे शिविरों का जायजा लेने के उद्देश्य जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे के साथ तहसील एवं ब्लाक महसी के ग्राम पंचायत रामगांव का भ्रमण किया। प्राथमिक विद्यालय रामगांव के परिसर में लगाये शिविर के निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी कृषि आर.पी. सिंह ने बताया कि लक्ष्य 192 के सापेक्ष 44 कृषकों की फार्मर



रजिस्ट्री की गई है। निरीक्षण दिवस की बात की जाये तो डीएम के पहुंचने तक 05 कृषकों की फार्मर आईडी तैयार की गई थी। डीएम श्री त्रिपाठी ने उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा को निर्देश दिया कि 03 दिवस के अन्दर अवशेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले कृषकों की खतौनी, किसान सम्मान निधि इत्यादि से सम्बन्धित यदि कोई समस्या है तो उसका भी निस्तारण कराया जाय। डीएम ने राजस्व विभाग से सम्बन्धित कार्मिकों को निर्देश दिया कि राजस्व वाद तथा चकमार्ग के सम्बन्ध में भी यदि किसी ग्रामीण या कृषक की कोई समस्या है तो उसका भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में मौजूद कृषकों से संवाद करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कृषकों के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण अभिलेख है। आने वाले समय में सरकार की सभी लाभकारी योजनाएं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, खाद-बीज पर सब्सिडी एवं कृषि यंत्रों पर छूट इत्यादि सुविधाएं प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी का होना अनिवार्य होगा। निकट भविष्य में फार्मर रजिस्ट्री न होने पर कृषक सरकारी लाभों से वंचित भी सकते हैं। जिलाधिकारी ने कृषकों को सुझाव दिया कि अपने आधार लिंक्ड मोबाइल, आधार नम्बर व खतौनी अथवा गाटा संख्या के साथ शिविर में आकर अथवा नज़दीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर या लेखपाल से सम्पर्क कर फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री बन जाने से कृषकों को क्रय केंद्रों पर गेहूं, धान, सरसों इत्यादि बेचने हेतु सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी, किसान क्रेडिट कार्ड मात्र तीन दिनों में बन जाएगा, आपदा से फसलों में क्षति होने पर क्षतिपूर्ति प्राप्त करने, खाद बीज सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के साथ-साथ किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य होगी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी प्रतीक, लेखपाल, सचिव, पंचायत सहायक व अन्य सम्बन्धित कार्मिक मौजूद रहे।

**फार्मर रजिस्ट्री के लिए कृषकों को किया जागरूक**

# सपा ने बिजली कटौती, पेपर लीक पर किया प्रदर्शन



- सिटी मजिस्ट्रेट ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में नारेबाजी पर आपत्ति जताई

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में बिजली कटौती और प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने के मामलों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट ने परिसर के अंदर नारेबाजी करने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाहर बने धरना स्थल पर प्रदर्शन करने को कहा, यह स्पष्ट करते हुए कि परिसर के अंदर नारेबाजी या प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने जनपद में लगातार हो रही विद्युत कटौती और पेपर लीक की घटनाओं पर विरोध जताया। जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव ने बताया कि उन्होंने जनसमस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा है। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन पर आपत्ति जताने पर भी टिप्पणी की।

इस प्रदर्शन में मोबिन, आञ्जनेय बाजपेई, विद्याराम यादव, इरशाद अली, अन्नू गुप्ता, महबूब अली, सत्य प्रकाश, सुनील यादव सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिनेश प्रताप सिंह बने जिले के प्रभारी मंत्री

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया जिलों के प्रभारियों में बदलाव

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जिलों के प्रभारी मंत्रियों में बदलाव किया है। इसी क्रम में मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह को बहराइच का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। इससे पहले कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के प्रभारी मंत्री का कार्यभार देख रहे थे। उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन और कृषि विदेश व्यापार विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह अब बांदा के साथ-साथ बहराइच का भी कार्यभार संभालेंगे। वहीं, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही को अब अयोध्या और बस्ती जनपद का प्रभार सौंपा गया है। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर पार्टी के विधायकों और कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। जिले के राजनीतिक समीकरणों की बात करें तो यहां पिछड़े और ब्राह्मण मतदाताओं के साथ-साथ कैसरगंज, पयागपुर और सदर विधानसभा में क्षत्रिय मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। जिले की कैसरगंज लोकसभा सीट से पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह भाजपा से सांसद हैं।

# 1.10 करोड़ की पानी टंकी पर उठे भ्रष्टाचार के सवाल, निर्माण गुणवत्ता को लेकर मचा हड़कंप

## स्थानीय लोगों ने घटिया सामग्री के इस्तेमाल का लगाया आरोप, उच्चस्तरीय जांच की मांग तेज

**बहराइच, मिहींपुरवा समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा रेलवे स्टेशन के निकट करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से बन रही पानी की टंकी निर्माणाधीन अवस्था में ही विवादों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों और शिकायतकर्ताओं ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितता तथा घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। आरोप है कि टंकी निर्माण में गुणवत्ता मानकों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि बाउंड्री वॉल में पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है तथा मसाले का अनुपात भी मानकों के अनुरूप नहीं है। इसके अलावा ढलाई कार्य में



सीमेंट की मात्रा कम और गिट्टी, मोरंग व बालू की मात्रा अधिक रखे जाने का आरोप लगाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की सरकारी परियोजना में यदि निर्माण गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है तो यह न केवल सरकारी धन की बर्बादी है बल्कि भविष्य में बड़ी दुर्घटना का कारण भी बन सकता है। लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर निर्माण कार्य की निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारी क्या कर रहे हैं। मामले में जब सेक्शन इंजीनियर नीरज कुमार से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वहीं शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि निर्माण कार्य में बरती जा रही कथित लापरवाही की अनदेखी की जा रही है। वहीं इस संबंध में पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर गौरव अग्रवाल ने कहा, 'मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी। यदि जांच में कोई अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।'

अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में किसी प्रकार की गड़बड़ी या मानकों की अनदेखी सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अब बड़ा सवाल यह है कि करोड़ों रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में लगाए गए आरोपों की सच्चाई क्या है?

क्या जांच के बाद निर्माण में कथित अनियमितताओं का खुलासा होगा या मामला केवल आश्वासनों तक सीमित रह जाएगा? इसका जवाब जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा।

## खबरें एक नजर में

### एनसीसी 'ए' व 'सी' प्रमाण पत्र का वितरण समारोह संपन्न



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बडगांव गोंडा के सभागार में एनसीसी सी सर्टिफिकेट एवं ए सर्टिफिकेट में उत्तीर्ण हुए कैडेटों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम किया गया। कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर का स्वागत संस्था के प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी द्वारा किया गया।गोंडा जनपद के समस्त जूनियर डिवीजन के 536 उत्तीर्ण कैडेट एवं जनपद के डिग्री कॉलेज के सीनियर डिवीजन के 44 कैडेटों को 48 यूपी वाहिनी एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर एवं बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव तिवारी द्वारा प्रमाण पत्रों को वितरित किया गया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह के उपरांत कमान अधिकारी ने कहा कि सभी उत्तीर्ण हुए कैडेटो को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई के साथ एक अनुशासित छात्र जीवन के हर मंजिल को प्राप्त करता है और विषम परिस्थितियों में भी विचलित ना होते हुए अपने कर्तव्यों को करते हुए मंजिल को प्राप्त करता है। उत्तीर्ण छात्र आगे चलकर सेना में अधिकारी बने अथवा अन्य क्षेत्रों में भी अपने गांव, अपने परिवार के साथ राष्ट्रहित में कार्य करें। प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव तिवारी ने सभी कैडेटों को ए और सी प्रमाण पत्र की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संस्था के प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी ने कहा कि इस कार्यक्रम का यहां होना संस्था के लिए गौरव की बात है सभी कैडेट बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर कैप्टन एन के मिश्रा, लेफ्टिनेंट विपिन शुक्ला, केयरटेकर ऑफिसर अमित शुक्ला, ट्रेनिंग प्रभारी नायब सूबेदार विपिन कुमार, हवलदार बंटी, प्रभाकर एवं विभोर मौजूद थे।

### डीएलए पर अनियमितता और धन मांगने का आरोप, जिलाधिकारी से शिकायत



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में मेडिकल लाइसें जारी करने की प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। यूथ फार्मासिस्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष रोहित मिश्रा की ओर से जिलाधिकारी को प्रेषित शिकायती पत्र में डीएलए पर अनुज्ञा आवेदन के निस्तारण में अनियमितता एवं कथित धन मांगने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता आलोक यादव ने बताया कि उन्होंने अपने प्रतिष्ठान मां शांति मेडिकल स्टोर के लिए औषधि अनुज्ञा प्राप्त करने के लिये 8 अप्रैल को ऑनलाइन आवेदन किया था। आरोप है कि 22 अप्रैल को आवेदन में संशोधन के लिए वापस किया गया, जबकि संशोधन की निर्धारित अवधि 60 दिन थी। शिकायत के अनुसार 22 मई को संशोधित आवेदन जमा करने के बावजूद 27 मई को यह कहते हुए पुनः अस्वीकृत कर दिया गया कि आवेदन संशोधन अवधि के बाद जमा किया गया है।शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि कार्यालय के एक नोटिस नंबर पर संपर्क करने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा 30 हजार रुपये की मांग की गई। आरोप है कि शिकायतकर्ता ने गूगल पे के माध्यम से 10 हजार रुपये भेज भी दिए, लेकिन शेष 20 हजार रुपये न देने पर आवेदन को निरस्त कर दिया गया।फेडरेशन ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाती है तो लाइसेंस प्रक्रिया में व्याप्त कथित अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। फिलहाल शिकायत पत्र के आधार पर मामले से स्वास्थ्य एवं औषधि विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। और उसमें उपस्थित महामंत्री राकेश शुक्ला उपाध्यक्ष संजय अवस्थी, बृजेश शुक्ला, सनत कुमार पांडे अंकित तिवारी, आलोक यादव, अंकित इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# डीसीएम-ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत

## डीसीएम का ड्राइवर-खलासी घायल, दोनों वाहन क्षतिग्रस्त

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मटेरा थाना क्षेत्र में नानपारा मार्ग पर बर्मा ढाबा के पास मंगलवार की रात में दहेज का सामान लेकर जा रही डीसीएम और रोटावेटर से जुड़े ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम ड्राइवर और खलासी घायल हो गए, जबकि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।



डीसीएम बाबागंज से दहेज का सामान लेकर बहराइच की ओर जा रही थी। वहीं ट्रैक्टर रोटावेटर जोड़कर बहराइच से मटेरा की तरफ जा रहा था। बर्मा ढाबा के पास पहुंचते ही दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलने पर मटेरा थाना प्रभारी हरकेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए बहराइच मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। दुर्घटना के बाद सड़क पर यातायात प्रभावित हो गया था। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार माना जा रहा है।

# जिले के डॉक्टर शिशिर अग्रवाल ने 'प्लास्टिक बेबी' को दिया नया जीवन

- प्लास्टिक बेबी अब सामान्य बच्चों की तरह हंस-खेल रहा
- यूपी में 10 साल तक चला इलाज, दिल्ली-मुंबई से आते थे इंजेक्शन, गंभीर बीमारी से था पीड़ित



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जन्म के तुरंत बाद 20 दिन तक एनआईसीयू में रहा। जब बाहर आया तो उसकी पूरी त्वचा प्लास्टिक जैसी दिखाई दे रही थी। इसी वजह से उसे 'प्लास्टिक बेबी' कहा जाने लगा। कोई उसे छू देता तो संक्रमण का खतरा हो जाता था। इसलिए उसके माता-पिता भी उसे गोद में नहीं ले पाते थे। थोड़ा बड़ा होने पर भी वह न ठीक से हंस पाता था और न ही रो पाता था। यहां तक कि उसे खाना खाने में भी दिक्कत होती थी। लेकिन डॉक्टर उसके लिए किसी भगवान से कम साबित नहीं हुए। मुंबई और दिल्ली से विशेष इंजेक्शन मंगवाए गए, जो उसे नियमित रूप से दिए जाते रहे। करीब 10 साल तक चले इलाज और लगातार फिजियोथेरेपी के बाद अब वह कुछ हद तक सामान्य बच्चों की तरह जीवन जी रहा है। यह कहानी श्रावस्ती के रेहान की है। भेला गांव की रहने वाली तरन्नुम ने अक्टूबर 2016 में जिला अस्पताल में उसे जन्म दिया था। डॉक्टरों का कहना है कि रेहान की 80 प्रतिशत रिकवरी हो चुकी है, हालांकि उसे जीवनभर दवाएं लेनी पड़ेंगी। दरअसल, रेहान उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा मामला नहीं है। इससे पहले बलरामपुर में भी इसी तरह के एक बच्चे का जन्म हुआ था, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका था। श्रावस्ती के भेला गांव निवासी तरन्नुम ने अक्टूबर 2016 में जिला अस्पताल में रेहान को जन्म दिया था। जन्म के बाद रेहान ठीक से न सांस ले पा रहा था न ही रो पा रहा था। डॉक्टर्स ने उसकी स्थिति को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन उसे लखनऊ न ले जाकर बहराइच के एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर गए। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर्स ने एनआईसीयू में भर्ती किया। करीब 20 दिनों तक बच्चा एनआईसीयू में रहा। डॉक्टर्स उसकी फीडिंग ट्यूब से कराते थे। लेकिन हालत जस की तस बनी रही। परिजन ने कई डॉक्टर्स से उसके केस के बारे में सलाह ली लेकिन कहीं से कोई राहत की उम्मीद न दिखी। थक हारकर वे बहराइव के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.शिशिर से मिले। उनसे मिलकर उम्मीद जगी। डॉ.शिशिर ने बच्चे को इलाज के लिए अपने यहां भर्ती कराया।

# अतिक्रमण की चपेट में गोंडा का जिला सूचना कार्यालय



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पहले तो जिला सूचना कार्यालय के अगल-बगल और बाहर अधिवक्ताओं ने डेरा जमाया बाद में पूरे अतिक्रमण की चपेट में आ गया जिला सूचना कार्यालय और बगल का प्रोबेशन कार्यालय स्थिति यह हो गई है चाहे वह अधिवक्ता हो या उनके क्लाइंट मिलने तो आते हैं अपने विद्वान अधिवक्ताओं से लेकिन पूरे रास्ते को घेर कर अपनी अपनी बाइक खड़ी कर देते हैं आने-जाने में पूरी तरह दिक्कत होती है जिस प्रकार का दृश्य फोटो में दिखाई पड़ेगा बमुश्किल उसमें से पैदल आदमी आ और जा सकता है काम कम से कम जिले के प्रशासन को चाहिए एक सुरक्षा कर्मचारी की नियुक्ति कर दे जिससे वह बाइक को सलीके से खड़ा करा सके क्योंकि अगर कोई दूसरा बोलता है तो उसमें लोग लड़ाई करने पर भी आमादा हो जाते हैं इसलिए जिलाधिकारी महोदया से यह निवेदन है कि अधिवक्ताओं को वहां बैठने से न रोके किंतु जो लोग अपनी गाड़ियां खड़ी करके बेतरतीब तरीके से चले जाते हैं वह न करने पाएँ ।

### वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** उ0नि0 प्रशान्त कुमार चौकी प्रभारी गुरुनानक मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध वाहन, व्यक्ति एवं वस्तुओं की चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन मार्ग शेखापुर के पास स्थित खण्डहर से 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रूपेन्द्र सिंह उर्फ रौनक पुत्र दिनेश सिंह निवासी अमदही बाजार थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा,



दुर्गेश मिश्रा पुत्र जगदीश प्रसाद मिश्रा निवासी सिंहपुर मौजा नकहा थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा तथा गुड्डु उर्फ हेटा पुत्र मजीद निवासी पटेल नगर घोसियाना थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा शामिल हैं। अभियुक्तों के कब्जे से 05 अदद चोरी की मोटरसाइकिलें, 01 अदद आई-टेल कम्पनी का की-पैड मोबाइल फोन, 2580/- नकद, दो अदद पेन्ट की डिब्बियाँ एवं एक ब्रश बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

# धनराज हत्याकांड: फरार चल रहा सातवां आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** थाना गैण्डास बुजुर्ग क्षेत्र के अहिरौला गांव में हुई चर्चित मारपीट और हत्या की घटना में पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी घटना के दिन हमले में शामिल था और लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के साथ ही मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या सात पहुंच गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान वाजिद पुत्र आबिद निवासी अहिरौला के रूप में हुई है। बताया गया कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास किया, जिससे उसके पैर में चोट लग गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय बलरामपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार 26 मई की रात गांव में बाइक से घूमने को लेकर हुए विवाद ने अगले दिन हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि 27 मई की सुबह जब राजू मौर्य अपने परिचितों के साथ चाय पीने जा रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मामला मारपीट में बदल गया। बताया जाता है कि विवाद बढ़ने पर लाठी-डंडों से हमला किया गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। बीच-बचाव के लिए पहुंचे परिवार के अन्य सदस्य भी हमले की चपेट में आ गए। घटना में मीना देवी और धनराज मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बाद में इलाज के दौरान धनराज मौर्य की मृत्यु हो गई, जिसके बाद मामला हत्या में परिवर्तित हो गया। घटना के संबंध में राजू मौर्य पुत्र धनीराम की तहरीर पर थाना गैण्डास बुजुर्ग में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। धनराज मौर्य की मृत्यु के बाद मुकदमे में हत्या से संबंधित गंभीर धाराएं भी जोड़ दी गईं। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय तथा क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में थाना प्रभारी राजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वाजिद को गिरफ्तार कर लिया।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-340/ई.ई.-3/निविदा/2026-27 दिनांक- 03.06.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 10.06.2026 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 10.06.2026 को समय 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुयी सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायंकाल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/ आपूर्ति का विवरण | धरोहर राशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of 312 Meter 110 mm P.V.C. pipe at Vivekanandpuri ward from Montfort Chowk to Yadav house | 8400.00 | 450+18% GST=531 | 07 दिवस |
| 2. | Laying of 386 Meter P.V.C. pipeline at Ayodhyadas Second Ward (1) 260 mtr 125mm dia from Gomti Party lawn to anjani traders (2) 62 mtr 110mm dia from vinod singh h.no. 538ka/1032 to monika h.no.538ka/1038(3) 15 mtr 110mm dia from mandir road to anjani h.no.538ka/1141(4) 14 mtr 110mm from mandir road to phool Chandra rajpoot h.no.538ka/1366(5) 15 mtr 110 mm dia from mandir road to diwakar tiwari house near trlkoneshwar mandir lko. | 8100.00 | 450+18% GST=531 | 07 दिवस |
| 3. | Reboring of 1.5 hp submersible pump 02 nos at h.no. N-2/676 sri abhay Mishra house sabauli Bhuiyan devi mandir. | 6600.00 | 350+18% GST=413 | 07 दिवस |
| 4. | Reboring of 1.5 hp submersible pump 01 nos at Deen Dayal nagar in front of house of Radhe Lal Maourya | 3300.00 | 200+18% GST=236 | 07 दिवस |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्यदिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ**

# टीजीटी परीक्षा के पहले दिन 2.21 लाख अभ्यर्थी हुए शामिल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से 3539 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) पदों के लिए आज, बुधवार को लिखित परीक्षा हुई। पहले दिन प्रदेश के 36 जिलों में शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुआ।

परीक्षा की निगरानी पहली बार एआई आधारित इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम के माध्यम से की गई, जिसमें 11 फर्जी परीक्षार्थियों की पहचान की गई। कल, गुरुवार को भी परीक्षा होगी। आयोग अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, विज्ञान और उर्दू विषय की परीक्षा आयोजित हुई। द्वितीय पाली में हिंदी, गणित, कृषि और संगीत गायन विषय की परीक्षा कराई गई।

पहली पाली की परीक्षा 514 और दूसरी पाली की परीक्षा 508 केंद्रों पर संपन्न हुई। टीजीटी भर्ती परीक्षा के लिए कुल 8,68,531 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

पहले दिन दोनों पालियों में कुल 2,21,489 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें महिला अभ्यर्थियों की भागीदारी 45.41: और पुरुष अभ्यर्थियों की 52.42: रही। आयोग मुख्यालय में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केंद्रों की रियल टाइम निगरानी की गई। जांच के दौरान लखनऊ, बरेली और चित्रकूट में दो-दो, जबकि जौनपुर और मिर्जापुर में एक-एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए।



- एआई से हुई निगरानी
- 11 फर्जी परीक्षार्थियों में से 9 को स्थानीय पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो फरार

### परीक्षा केंद्रों पर रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

लखनऊ में कुल 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और वैध फोटो पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। इनके बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं रही। परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था की गई है। केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, उड़नदस्ते और अन्य सुरक्षा उपायों के जरिए परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारी की गई है। पहली पाली में सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, विज्ञान और उर्दू विषय की परीक्षा हुई। 2 घंटे का पेपर देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर मॉडरेट लेवल का रहा। और तय समय के भीतर पेपर हो गया। परीक्षा दोनों दिन दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक होगी।

# चौक को मिली 50 लाख की सौगात

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को जोन-6 के चौक कालीजी वार्ड में करीब 50 लाख रुपये की लागत से कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इनमें नई स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, हाईमास्ट लाइटों की स्थापना और लालजी टंडन चौक के सौंदर्यीकरण कार्य शामिल हैं। महापौर ने 36 लाख रुपये की लागत से लगाए गए 74 नए स्ट्रीट लाइट पोल और प्रकाश व्यवस्था के कार्यों का लोकार्पण किया।

इससे क्षेत्र की गलियों और प्रमुख मार्गों पर रोशनी की व्यवस्था बेहतर होगी, जिससे लोगों की सुरक्षा और आवागमन में सुविधा बढ़ेगी।

चौक चौराहा, खुन-खुन जी मार्ग, कमला नेहरू मार्ग और राज नारायण खन्ना मार्ग पर 4 हाईमास्ट लाइटें स्थापित की गई हैं। इनसे व्यस्त चौराहों और प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश मिलेगा तथा क्षेत्र की सुंदरता में भी इजाफा होगा। महापौर ने 14 लाख रुपये की लागत से कराए गए लालजी टंडन चौक के सौंदर्यीकरण, सड़क और नाली निर्माण कार्यों का भी उद्घाटन किया। इन कार्यों से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाएं मजबूत होने के साथ स्थानीय लोगों को बेहतर वातावरण मिलेगा।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नगर निगम शहर के सभी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। प्रकाश व्यवस्था, सड़क, नाली और सौंदर्यीकरण से जुड़े विकास कार्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सहयोग से लखनऊ को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और विकसित शहर बनाने का अभियान लगातार जारी रहेगा।



महापौर ने 74 स्ट्रीट लाइट पोल, 4 हाईमास्ट का किया लोकार्पण

## खबरें एक नजर में

### कंटेनर ने दंपती को मारी टक्कर, महिला की मौत, पति गंभीर रूप से घायल

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** राजधानी के महिंगवां थाना क्षेत्र में बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कुम्हारवा रोड पर तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से साइकिल सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने करीब 5 घंटे तक सड़क जाम करके हंगामा किया। स्थानीय विधायक योगेश शुक्ला और एसीपी बीकेटी विकास पांडेय ने लोगों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने कंटेनर और चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान राम प्यारी (42) के रूप में हुई। वह नोहरीपुरवा की रहने वाली थी। उसके पति मंशाराम का अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजनों ने बताया कि मंशाराम पत्नी राम प्यारी के साथ कुम्हारवा स्थित एक बैंक से पैसा निकालने आए थे। दोपहर करीब 12 बजे पैसा निकालकर साइकिल से दोनों घर जा रहे थे। इटौंजा की और से आ रहे कंटेनर ने उन्हें टक्कर मार दी। राम प्यारी की मौके पर मौत हो गई। मंशाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद उनको 100 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर मंशाराम को ट्रामा सेंटर केजीएमयू भेज दिया गया। हालत गंभीर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कंटेनर काफी तेज गति से आ रहा था। उसने पीछे से मंशाराम की साइकिल में टक्कर मारी। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। परिजनों ने सड़क पर हंगामा करना शुरू कर दिया और शव को उठाने से मना कर दिया। इस कारण कुम्हारवा रोड पर यातायात भी बाधित हो गया। मृतका के परिजन और स्थानीय लोगों ने करीब 1 बजे घटना स्थल पर हंगामा शुरू किया। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि मृतक के 3 बच्चे हैं, जिनकी उम्र करीब 2 वर्ष, 6 वर्ष और 8 वर्ष है। ग्रामीणों ने मांग उठाई कि प्रत्येक बच्चे को 50-50 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाए। महिला के पति मंशाराम का उचित इलाज कराया जाए। विधायक योगेश शुक्ला ने आश्वासन दिया कि बच्चों को मुख्यमंत्री से मिलवाया जाएगा। उनके आवास, शिक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री से बातचीत की जाएगी। इस पर शाम करीब 5 बजे लोग शांत हुए।

### बीकॉम छात्र ने फांसी लगाकर दी जान, पंखे से लटका मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र स्थित भारत नगर पानी की टंकी इलाके में बीकॉम अंतिम वर्ष के 22 वर्षीय छात्र महेंद्र कुमार ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों के अनुसार, तीन वर्ष पहले मां के निधन के बाद से वह डिप्रेशन में रहने लगा था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मृतक महेंद्र के पिता देवी प्रसाद सब्जी विक्रेता हैं। महेंद्र तीन भाइयों में सबसे बड़ा था, जबकि उसके छोटे भाई जितेंद्र और आकाश हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के मुताबिक महेंद्र की मां शारदा का तीन साल पहले 14 जून को निधन हो गया था। मां की मौत के बाद से वह अवसाद में रहने लगा था। बुधवार को घर पर छोटा भाई आकाश मौजूद था। काफी देर तक महेंद्र कमरे से बाहर नहीं निकला तो आकाश ने देखा कि वह पंखे से रस्सी के सहारे लटका हुआ है। आकाश ने तत्काल पिता देवी प्रसाद को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि मां की मौत के बाद से महेंद्र गुमसुम रहने लगा था। वह पहले की तुलना में कम लोगों से बातचीत करता था और अक्सर अकेला रहता था।

### बर्थडे-पार्टी की फर्जी बुकिंग कर लूटे थे कैमरे, साथी ही निकला मास्टरमाइंड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के इटौंजा में वीडियोग्राफर से लाखों रुपए के कैमरे और अन्य उपकरण लूटने की वारदात का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। स्वाट और सर्विलांस टीम के साथ इटौंजा पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट का अधिकांश सामान बरामद कर लिया। मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि पीड़ित के साथ काम करने वाला सहयोगी ही पूरी साजिश का मास्टरमाइंड निकला। पुलिस के मुताबिक माल थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा निवासी अशोक यादव को व्हाट्सएप कॉल के जरिए बर्थडे पार्टी की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की बुकिंग मिली थी। सोमवार को वह अपने साथियों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे। हीरापुरवा तिराहे के पास सुनसान इलाके में दो बाइक सवार बदमाशों ने उनकी कार रोक ली और तमंचे के बल पर छह कैमरे, सात लेन्स, दो गेम्बल, मोबाइल फोन समेत लाखों रुपए के उपकरण लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल डाटा और सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की। बुधवार को इटौंजा चौराहे के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने राम अनुज और विपिन मिश्रा उर्फ दुर्लभ मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में राम अनुज के पास से .315 बोर का तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि फर्जी बुकिंग के लिए इस्तेमाल मोबाइल फोन घटना के बाद नष्ट कर दिया गया था। जांच में सामने आया कि अशोक यादव के साथ काम करने वाला रोहन कुमार शर्मा ही पूरे षड्यंत्र का सूत्रधार था। उसने पीड़ित के पास मौजूद महंगे उपकरणों और उसकी गतिविधियों की जानकारी आरोपियों को दी थी। इसके बाद लूट की योजना बनाई गई। पुलिस ने रोहन को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर दो वीडियो कैमरे, पांच लेन्स, दो गेम्बल, एक लाइट सेटअप बॉक्स, एक ओक्टा स्टैंड, चार मोबाइल फोन, एक तमंचा और वारदात में इस्तेमाल स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

# आगरा से इटावा तक बनाया था साइकिल हाइवे : अखिलेश

▶ भाजपा ने बरबाद किया साइकिल ट्रैक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सपा सरकार के समय की महत्वाकांक्षी विकास परियोजनाओं को भाजपा ने बर्बाद कर दिया।

साइकिल ट्रैक और साइकिल हाई-वे जैसी पर्यावरण-अनुकूल पहल को चौपट कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और विकास का छत्तीस का आंकड़ा है। जिस वेलोड्रोम पर साइकिल दौड़ती है, वो भाजपा सरकार में 9 सालों से ठहरा हुआ है। अखिलेश ने यादव दिलाया कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने लखनऊ समेत प्रदेश के अन्य शहरों में साइकिल ट्रैक बनाए और पर्यावरण तथा जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए साइकिलिंग को बढ़ावा दिया। सपा शासनकाल में आगरा से इटावा के बीच 207 किलोमीटर लंबा साइकिल हाई-वे बनाया गया, जो ताज महल को इटावा लायन सफारी से जोड़ता है।



अखिलेश यादव ने इसे पर्यावरण संरक्षण, ईंधन खपत कम करने और स्वास्थ्य जागरूकता का अनुपम उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि साइकिल ट्रैक सपा सरकार का दूरर्शिता का नतीजा था। समाजवादी पार्टी का चुनाव चिह्न साइकिल है। अखिलेश यादव ने कहा कि साइकिल से समाजवादियों का विशेष लगाव है, जिसके कारण भाजपा साइकिल से नफरत करती है। भारत में 1 लाख साइकिलें 1951 में विदेशों से मंगाई गई थी।

इंग्लैंड और जापान से इसके कलपुर्जे मंगाए जाते थे। 1953 में आगरा में साइकिल के कल पुर्जे बनाने का पहला कारखाना लगा था। साइकिल और समाजवादी पार्टी का रिश्ता केवल चुनावी पहचान तक सीमित नहीं है। यह रिश्ता उस विचारधारा, संघर्ष और जनसरोकार से जुड़ा है जिसे पार्टी अपने राजनीतिक दर्शन का आधार मानती है। साइकिल आम आदमी की यात्रा, मेहनत और उम्मीदों का प्रतीक है और यही कारण है कि यह समाजवादी पार्टी की राजनीतिक पहचान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है।

### जून की शुरुआत के साथ ही बढ़ने लगी गर्मी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में जून की शुरुआत के साथ ही गर्मी बढ़ने लगी है। बुधवार सुबह 7 बजे तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले छह दिनों में गर्मी और बढ़ सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। जिससे लोगों को तेज धूप और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने हीटवेव और वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है। सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। सुबह 8 बजे के बाद तापमान में तेजी से बढ़ोतरी शुरू हो गई और दोपहर तक इसके 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। फिलहाल आसमान साफ रहने के कारण बारिश की संभावना नहीं है। मौसम के ताजा आंकड़ों के अनुसार हवा की गति महज 2 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई, जिससे गर्म हवाओं से राहत मिलने की संभावना कम है। वहीं, आर्द्रता का स्तर 63 प्रतिशत रहने के कारण उमस भी लोगों को परेशान कर सकती है।

# श्मशान की भूमि पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

लखनऊ नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को सरोजनीनगर तहसील के ग्राम रहिमाबाद में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 18.75 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। भूमि पर अवैध प्लाटिंग और अस्थायी बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा किए जाने की शिकायत पर जेसीबी से कार्रवाई की गई।

नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हुई जांच में पाया गया कि राजस्व अभिलेखों में वृक्षारोपण, कब्रिस्तान और श्मशान भूमि के रूप में दर्ज जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। साथ ही बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। अभियान के दौरान खसरा संख्या 1279, 1286, 1385, 958, 959 और 960 से संबंधित कुल 1.250 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। अधिकारियों के अनुसार मुक्त कराई गई भूमि का बाजार मूल्य लगभग 18 करोड़ 75 लाख रुपये है। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध प्लाटिंग और अस्थायी बाउंड्रीवाल को ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं हुई और अभियान शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया गया। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर अंकित शुक्ला के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद और तहसीलदार नगर निगम अरविन्द पाण्डेय की देखरेख में कार्रवाई की गई।

# संविदा बस ड्राइवरों-कंडक्टरों का प्रदर्शन, मांगें पूरी न होने पर आत्महत्या की चेतावनी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

राजधानी लखनऊ में गांधी प्रतिमा पर बुधवार को चालक-परिचालकों ने विरोध प्रदर्शन किया। दुबग्गा डिपो के संविदा परिचालकों ने हजरतगंज पहुंचकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे विभिन्न मांगों को लेकर कई दिनों से दुबग्गा डिपो में कार्य बहिष्कार कर विरोध जता रहे थे, लेकिन उनकी समस्याओं पर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारी परिचालकों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शनकारियों ने मांग पूरी न होने पर आत्महत्या की चेतावनी दी है। प्रदर्शन कर रहे सुनील ने कहा कि दुबग्गा डिपो के संविदा कर्मचारियों का प्राइवेट कंपनी एसएस एंटरप्राइजेज में विलय किया जा रहा है जो स्वीकार नहीं है। कोई भी चालक या परिचालक को प्राइवेट कंपनी के साथ काम करना नहीं चाहता है। सिटी बसों में सेवा देने वाले लगभग 300 से अधिक परिचालक विगत कई दिनों से हड़ताल पर हैं। जिसकी वजह से शहर के 22 प्रमुख रूट पर चलने वाली सिटी बसें प्रभावित हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने मांग पूरी न होने पर आत्महत्या की चेतावनी दिया। प्रदर्शन कर रहे महेंद्र ने कहा कि जब तक हम लोगों की मांग पूरी नहीं हो जाएगी यह विरोध




चलता रहेगा। लगातार चालकों और परिचालकों के अधिकारों का हनन करने की कोशिश की जा रही है। हम लोग संविदा पर काम कर रहे हैं पहले से ही वेतन बहुत कम है और सुविधाएं शून्य। अब अगर प्राइवेट कंपनियों के हाथ में चले जाएंगे तो शोषण बढ़ जाएगा। इसलिए सभी परिचालक कार्य बहिष्कार करके सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकरियों ने कहा कि हम लोग की सुनवाई नहीं हो रही थी जिसके बाद हमारे कई साथी मुख्यमंत्री आवास आत्मदाह करने पहुंचे थे। उन्हें भी जेल भेज दिया गया है।

हमारी मांग है कि सभी साथियों को छोड़ा जाए और मुकदमे वापस लिया जाए। यह सीधे तौर पर तानाशाही है कि जब हमारी भर्ती संविदा पर हुई थी तो प्राइवेट कंपनी में क्यों भेजा जा रहा है। और विरोध करने पर हम सभी लोगों मुकदमे को धमकी दी जा रही है और कुछ साथियों को जेल भी भेज दिया गया।

# हज यात्रा पूरी कर वापस लौटे यात्रीयों का गर्मजोशी के साथ स्वागत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

हज यात्रा पूरी कर वापस लौट रहे यात्रियों का लखनऊ एयरपोर्ट पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से यात्रियों के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गई, जहां उन्हें फूलों के साथ सम्मान दिया गया।

यात्रियों की सुविधा और आराम को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट परिसर में कई व्यवस्थाएं की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सियों की व्यवस्था की गई, वहीं राहत के लिए वॉटर कूलर और एयर कूलर भी लगाए गए, ताकि यात्रियों को गर्मी से परेशानी न हो।



इसके अलावा यात्रियों के खाने-पीने का भी खास ख्याल रखा गया। एयरपोर्ट की तरफसे स्टॉल लगाए गए, जहां यात्रियों और उनके परिजनों के लिए कम कीमत पर खाने-पीने की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। हज यात्रियों के आगमन और प्रस्थान को सुगम बनाने के लिए एयरपोर्ट पर जगह-जगह क्यू मैनेजर्स लगाए गए, जिससे भीड़ को व्यवस्थित किया जा सके और यात्रियों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।वहीं, कुछ यात्रियों के सामान को लेकर भी समस्या सामने आई। जानकारी के मुताबिक कुछ यात्रियों का लगेज फ्लाइट के साथ नहीं पहुंच पाया।

इस मामले में एयरपोर्ट प्रशासन ने एयरलाइन कंपनी फ्लाइनास को निर्देश जारी किए हैं और यात्रियों के सामान को लेकर लापरवाही न बरतने को कहा गया है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो। एयरलाइन की ओर से बताया गया है कि जो सामान फ्लाइट में नहीं आ पाया है, उसे अगली निर्धारित फ्लाइट के जरिए यात्रियों तक पहुंचाया जाएगा। हज यात्रा से लौटे यात्रियों ने भी एयरपोर्ट की व्यवस्थाओं की सराहना की।

# सीएमएस छात्रा ने इंग्लिश ओलम्पियाड में ऑल इण्डिया रैंक 2 अर्जित की

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर कैम्पस प्रथम की मेधावी छात्रा आद्या बघेल ने इंग्लिश ओलम्पियाड में ऑल इण्डिया रैंक 2 अर्जित कर विद्यालय एवं लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित ओलम्पियाड यूनिफाइड काउन्सिल, हैदराबाद के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया।

यह जानकारी देते हुए सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स, श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कई राज्यों के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आद्या ने अंग्रेजी भाषा पर अपनी उत्कृष्ट पकड़, बौद्धिक क्षमता एवं शैक्षणिक



प्रतिभा का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

आद्या की इस शानदार उपलब्धि पर ओलम्पियाड के आयोजकों ने उन्हें ट्रॉफी, मेडल एवं मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने मेधावी छात्रा को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल एवं सफल भविष्य की कामना की।

श्री खन्ना ने आगे बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में उत्कृष्ट दक्षता प्रदान करने के साथ-साथ उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास एवं वैश्विक सोच विकसित करने के लिए सतत् प्रयासरत है।

इसी समग्र शैक्षिक दृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप सी.एम.एस. छात्र राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में निरन्तर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

### ट्रक-बाइक टक्कर में युवक की मौत, दूसरा घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुबग्गा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बीए के छात्र की मौत हो गई। हादसा हरदोई रोड स्थित सिफा अस्पताल के सामने उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, गोंडा जनपद के छपिया थाना क्षेत्र के ग्राम तबेपुर निवासी 22 वर्षीय अमृत लाल जायसवाल लखनऊ के ऐशबाग क्षेत्र में किराये पर रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। परिवार पर आर्थिक बोझ न पड़े, इसके लिए वह पढ़ाई के साथ-साथ पार्ट टाइम रेपिडो बाइक चालक के रूप में भी कार्य करता था। बताया गया कि बुधवार सुबह अमृत लाल एक बुकिंग पर सवारी को छोड़ने दुबग्गा क्षेत्र गया था। वह अपने ग्राहक विपुल कुमार द्विवेदी को बाइक से छोड़ने जा रहा था। सुबह करीब साढ़े छह बजे हरदोई रोड स्थित सिफा अस्पताल के सामने मलिहाबाद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल ट्रॉमा सेंटर भेजा। जहां इलाज के दौरान अमृत लाल जायसवाल ने दम तोड़ दिया। घायल विपुल कुमार द्विवेदी निवासी महाराजपुर, पिपरी जघई, प्रयागराज का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि विपुल एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। अमृत लाल अपने पीछे पिता रामपाल, माता सुदामा देवी तथा भाइयों आकाश और अंबिका को छोड़ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दुबग्गा थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत रॉय ने बताया कि मृतक के पिता रामपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को कब्जे में ले लिया है तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फरार ट्रक चालक की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

**मास्टरस्ट्रोक** | यूपी के मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में भारी फेरबदल, नए चेहरों को भी मिली बड़ी जिम्मेदारी

# मिशन 2027 के लिए योगी सरकार का बड़ा दांव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में बड़ा फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ और नए मंत्रियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। हाल ही में मंत्रिमंडल में शामिल किए गए मंत्रियों को भी महत्वपूर्ण जिलों का प्रभार दिया गया है। भाजपा सरकार के इस कदम को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले संगठन और प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

नई व्यवस्था के तहत वरिष्ठ मंत्री भूपेंद्र चौधरी को आगरा के साथ कासगंज जिले का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। हाल ही में कैबिनेट में शामिल हुए मनोज पांडेय को सीतापुर का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा अजीत पाल को फतेहपुर, समेंद्र तोमर को मुजफ्फरनगर, हंसराज विश्वकर्मा को सोनभद्र तथा सुरेन्द्र दलेर को बुलंदशहर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



कैबिनेट मंत्रियों में सूर्य प्रताप शाही को अयोध्या और बस्ती, सुरेश कुमार खन्ना को वाराणसी और लखनऊ, स्वतंत्र देव सिंह को प्रयागराज और गोरखपुर, बेबी रानी मौर्य को इटावा और हाथरस, लक्ष्मी नारायण चौधरी को अलीगढ़ और फिरोजाबाद तथा जयवीर सिंह को झांसी और फरुर्खाबाद का प्रभार दिया गया है।

इसी प्रकार धर्मपाल सिंह को गाजियाबाद और रामपुर, नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को मिर्जापुर और चित्रकूट, अनिल राजभर को आजमगढ़ और सिद्धार्थनगर, राकेश सचान को रायबरेली और कन्नौज तथा अरविन्द कुमार शर्मा को जौनपुर और भदोही की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा योगेन्द्र उपाध्याय को कानपुर नगर, आशीष पटेल को गोंडा, संजय निषाद को कानपुर देहात, ओम प्रकाश राजभर को अंबेडकरनगर, दारा सिंह चौहान को कुशीनगर और श्रावस्ती, सुनील कुमार शर्मा को सहारनपुर तथा अनिल कुमार को मुरादाबाद का प्रभारी बनाया गया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के स्तर पर नितिन अग्रवाल को लखीमपुर खीरी, कपिल देव अग्रवाल को बिजनौर, रवीन्द्र जायसवाल को गाजीपुर, सन्दीप सिंह को मथुरा, गुलाब देवी को अमरोहा तथा गिरीश चन्द्र यादव को सुल्तानपुर का प्रभार सौंपा गया है। वहीं धर्मवीर प्रजापति को मैनपुरी, असीम अरुण को हरदोई और मेरठ, जे.पी.एस. राठौर को संभल और बरेली, दयाशंकर सिंह को देवरिया और मऊ, नरेन्द्र कुमार कश्यप को शाहजहांपुर, दिनेश प्रताप सिंह को बांदा और बहराइच, अरुण कुमार सक्सेना को बदायूं तथा दयाशंकर मिश्र दयालु को बलिया और महराजगंज का प्रभार सौंपा गया है।

सरकार के इस व्यापक फेरबदल को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर जिलों में बेहतर समन्वय, जनसंपर्क और विकास कार्यों की निगरानी को और प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्व साइकिल दिवस पर निकली जागरूकता रैली

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के सप्ताहभर चल रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत बुधवार को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

ईआईएसीपी केंद्र, वन्यजीव विज्ञान संस्थान (आईडब्ल्यूएस), लखनऊ विश्वविद्यालय ने नीवा फाउंडेशन के सहयोग से इस रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता, ऊर्जा संरक्षण, सतत परिवहन और जलवायु परिवर्तन के प्रति लोगों को जागरूक करना था। रैली को लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3 से ईआईएसीपी-आईडब्ल्यूएस की समन्वयक, प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता




छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल चालक विश्वविद्यालय से राजभवन तक गए और वहां से वापस परिसर लौटे। इस दौरान प्रतिभागियों ने पर्यावरण-अनुकूल परिवहन और हरित जीवनशैली का संदेश दिया। रैली में कुल 120 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बिजली आपूर्ति बाधित रहने से किसान और उपभोक्ता परेशान

▸ किसान नेताओं ने उपकेंद्र पर किया प्रदर्शन, आपूर्ति सही कराने की मांग

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से परेशान किसानों और किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष गुलजार सिंह के नेतृत्व में बुधवार दोपहर सिधौली स्थित बिजली हाइडिल कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि कई दिनों से नियमित बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण धान की पौध, मूंग, उड़द, ज्वार, ढैंचा और गन्ने सहित अन्य फसलें सूखने लगी हैं। किसानों का कहना था कि समय पर सिंचाई न होने से उनकी मेहनत और लागत दोनों पर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने विभाग से तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन में किसान यूनियन के कार्यकर्ता मुनेश्वर दयाल कठेरिया, राजू गुप्ता, शैलेंद्र चैहान, शरद कुमार, अमरेश सिंह, दीपक कुमार सक्सेना, तारा सिंह, राजीव सिंह, कमलजीत सिंह, मनोज सिंह, सुमित सिंह, अनिकेत मौर्य सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने बताया कि चककन्हऊ, रजऊ, चंदपई, कीरतपुर,नगलाभोज, पचपेड़ा, पिलखना समेत कई गांवों में लंबे समय से बिजली आपूर्ति बाधित है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दरोगा हनुमान यादव ने किसानों को शांत कराया और बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता से फोन पर वार्ता की। अधिकारियों की ओर से आश्वासन दिया गया कि बिजली आपूर्ति में आ रही तकनीकी समस्या को जल्द दूर कर दिया जाएगा तथा प्रभावित गांवों में शीघ्र नियमित सप्लाई शुरू कराई जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया, हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## ढाबे से मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** ढाबे पर खाना खाने गए युवक की मोटरसाइकिल हुई चोरी हो गई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। लखीमपुर खीरी जनपद के गांव मुल्लापुर निवासी अंकित गुप्ता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बरेली से वापस अपने घर जा रहे थे। उन्हें भूख लगी तो तिलहर आने पर बाईपास के निकट पप्पू के ढाबा पर उन्होंने मोटरसाइकिल लगाई और खाना खाने के लिए अंदर चले गए।अंकित के अनुसार जब वह खाना खाकर बाहर निकले तो उनकी प्लैटिना मोटरसाइकिल वहां से गायब थी।उन्होंने मोटरसाइकिल को ढूंढने का काफी प्रयास किया लेकिन जब सफलता नहीं मिली। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## विहिप, बजरंग दल ने किया शरबत वितरण

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत दिलाने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा सिधौली कस्बे में चैहान मार्केट के पास शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राहगीरों, दुकानदारों और आम लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर सेवा कार्य किया गया। ऐसे सेवा एवं जनकल्याण के कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण किया और कार्यकर्ताओं के इस प्रयास की सराहना की। आयोजकों ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों की सेवा करना मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने बताया कि संगठन समाज सेवा के विभिन्न कार्यों में लगातार सक्रिय रहता है और आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला सत्संग प्रमुख रनधीर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष सतपाल, प्रखंड उपाध्यक्ष श्याम सिंह, रामसागर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र, रामरतन शर्मा, धर्मेंद्र चैहान, मौनू चैहान, हरजीत सिंह तथा हरबंश सिंह सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया बजरंगबली मूर्ति स्थापना दिवस

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में बजरंगबली की मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन तथा प्रसाद एवं शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और जय श्रीराम तथा बजरंगबली के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए शीतल शरबत की विशेष व्यवस्था की गई। वहीं प्रसाद वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का मंदिर में आना-जाना लगा रहा। आयोजकों ने बताया कि बजरंगबली की कृपा से प्रत्येक वर्ष मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और धार्मिक आस्था को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील सक्सेना, प्रियंका सक्सेना, विजेंद्र कुमार सिन्हा, सोमेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, पिंकू, मीनाक्षी, रुचि, अनुभा, मुन्नी देवी, पूजा सक्सेना, नरेश सक्सेना, रानी देवी, आयुष सक्सेना, सुप्रिया, शिव सक्सेना, तान्या सक्सेना, आर्यब, नव्या सक्सेना एवं प्रियांशु सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से प्रेरणादायक बताया।

## राजा परीक्षित को राजपाट सौंपने का प्रसंग सुनाया

**कांट, शाहजहांपुर।** कुर्रिया कलां क्षेत्र के सिकरहन गांव में आयोजित भागवत कथा में कथाव्यास पंडित प्रभाकर मिश्र ने राजा परीक्षित को राजपाठ सौंपने का प्रसंग सुनाया। कथाव्यास ने कहा कि कृष्ण के श्रीधाम वापस जाने की खबर सुनकर माता कुंती ने प्राण त्याग दिये।ये देखकर पांडवों ने भी अपने प्रपौत्र परीक्षित को राजपाठ सौंपकर स्वर्गलोक गामी हो गये। स्वर्गारोहण से पूर्व पांडवों ने बालक परीक्षित को बताया कि पापकर्म करने वाला तो पापी होता ही हैं और अपने सामने पाप को होते देखने वाला भी पापी की श्रेणी में आता है। शरणागत की हमेशा रक्षा की जाती है। कोई अगर शरण में आ जाये तो उसकी रक्षा करना धर्म होता हैं। कथा श्रवण में वेदप्रकाश मिश्र, पंकज मिश्रा, गोपाल मिश्रा,अतिराज सिंह, अंबुज मिश्र, कृष्णकुमार आदि मौजूद रहे।



## खबरें एक नजर में

### सौरभ गुप्ता रवि पालिका के ब्रांड के एंबेसडर नामित, विधायक व राज्यसभा सांसद समेत तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त किया



**तिलहर-शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता को नगर पालिका परिषद तिलहर का स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया। इस मौके पर विधायक सलोना कुशवाहा, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, नगर पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम, प्रदीप गुप्ता सराफ, अशोक रस्तोगी, आशुतोष सिंह एडवोकेट, अनुज सिंह तोमर, व्यापार मंडल अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू, सभासद अभिषेक सिंह, सतेंद्र सिंह, संदीप रस्तोगी, दिलीप सक्सेना अक्कू, परविंदर यादव, व्यापारी प्रियांक गुप्ता समेत तमाम व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### 6 जून को पुवायां रहेगें डीएम

**शाहजहांपुर।** डीएम की अध्यक्षता में तहसील तिलहर में 6 जून शनिवार को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस तिलहर के स्थान पर तहसील पुवायां में आयोजित होगा। उक्त के अतिरिक्त 20 जून को सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील तिलहर में आयोजित किया जाएगा।

### कार्य होने के कारण पांच घंटे विद्युत आपूर्ति रही ठप्प, बिजली सप्लाई न आने से लोग रहे परेशान

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत रेलवे फीडर बाइफरकेशन के पश्चात बनी नई लाइन तथा इंडस्ट्रियल फीडर की विद्युत आपूर्ति बेहतर करने एवं ट्रिपिंग कम करने के लिये फीडर को इंनकमिंग को जोड़ने तथा आवश्यक मरम्मत और रख-रखाव (मेंटेनेंस) कार्य के चलते विभिन्न क्षेत्रों में पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप्प रही। इसके कारण स्थानीय लोगों और व्यापारियों को उमस भरी गर्मी व पानी की किल्लत जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। बुधवार की सुबह नौ बजे विद्युतकर्मी काम पहुंच गए। बिजली के कार्य को देखते हुए सारे फीडर की विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई। बुधवार की दोपहर दो बजे कार्य समाप्त होने के बाद विद्युत सप्लाई शुरू हो पाई। पांच घंटे विद्युत सप्लाई न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उपकेंद्र के जेई अजय कुमार यादव ने बताया कि बुधवार को रोजा विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत रेलवे फीडर बाइफरकेशन के पश्चात बनी नई लाइन को ऊर्जीकृत करने के साथ साथ इंडस्ट्रियल फीडर की विद्युत आपूर्ति बेहतर करने एवं ट्रिपिंग कम करने के लिये उक्त फीडर को इनकमिंग संख्या दो से जोड़े जाने का कार्य प्रस्तावित किया गया था। इस कार्य को करने के लिए रोजा विद्युत उपकेंद्र से पोषित सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति सुबह नौ से दो बजे तक बाधित रही।

### डीएम ने दो ग्राम प्रधान किए बर्खास्त, एक के वितीय व प्रशासनिक अधिकार सीज, सभी के संबंधित एडीओ पंचायत होंगे प्रशासक

**तिलहर-शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने तहसील क्षेत्र तीन प्रधानों पर बड़ी कार्रवाही की है। दो ग्राम प्रधानों को बर्खास्त कर दिया है। जबकि एक प्रधान के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित कर दिए है। सभी के संबंधित एडीओ पंचायत प्रशासक होंगे। एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि डीएम ने निगोही ब्लॉक की ग्राम पंचायत भट्यूरा पृथ्वी व ग्राम पंचायत खेड़ा संडा के प्रधानों के खिलाफ की गई शिकायतों की जिला स्तरीय कमेटी की जांच रिपोर्ट में शिकायतों की पुष्टि होने पर दोनो प्रधानों को बर्खास्त कर दिया है। उधर जैतीपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत गढ़िया रंगीन के प्रधान लालू प्रसाद प्रजापति के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओ की शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित कर दिए हैं। जैतीपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत पलह्यूरा के प्रधान की मृत्यु होने के चलते उक्त चारों ग्राम पंचायतों के संबंधित एडीओ पंचायत प्रशासक होंगे।

### असंतुष्टि फीड बैक बाली आईजीआरएस शिकायतों का 30 जून तक होगा निस्तारण

**तिलहर - शाहजहांपुर।** तहसील स्तरीय आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायतों के निस्तारण में असंतुष्टि फीड बैक मिलने बाले करीब तीन हजार मामलों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए शासन ने जून मासान्त तक चौपाल लगाकर अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं । इसी क्रम में 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के असंतुष्टि फीड बैक मिलने बाले मामलों को लेकर एसडीएम जीत सिंह राय ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को भूमि एवं अन्य विवादों के प्रभावशाली निस्तारण के लिए प्रत्येक न्याय पंचायत में कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने बताया कि 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर निस्तारण किया जाएगा । बुधवार को एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि भूमि विवादों एवं अन्य विवादों के प्रभावशाली निस्तारण के लिए 1 जून से 30 जून तक विशेष अभियान तहसील में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि तहसील में स्थित 34 न्याय पंचायत में समस्याओं के प्रभावशाली निस्तारण के लिए न्याय पंचायत में 5 जून, 12 जून, 16 जून, 19 जून, 26 जून व 30 जून को विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रोस्टर के अनुसार अधिकारी न्याय पंचायत में मौजूद रहेंगे।

## विश्वविद्यालय में खेल गतिविधियों को मिलेगा नया आयाम

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा एवं खेल-कूद संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं गतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के आदेशानुसार शारीरिक शिक्षा एवं खेल-कूद संबंधी कार्यों के सुचारु संचालन एवं विस्तार हेतु शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. अजीत सिंह चारग को विश्वविद्यालय का क्रीड़ा सचिव नामित किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार क्रीड़ा सचिव के रूप में प्रो. चारग विश्वविद्यालय में खेल गतिविधियों के आयोजन, खेल प्रतिभाओं को

▸ प्रो. अजीत सिंह चारग बने क्रीड़ा सचिव

प्रोत्साहन देने तथा विद्यार्थियों में खेल संस्कृति के विकास से जुड़े कार्यों का समन्वय करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रो अजीत सिंह चारग के कुशल निर्देशन में कई खिलाड़ी वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एथलेटिक्स में सफलतापूर्वक प्रतिभाग कर गोल्ड मेडल तक प्राप्त कर चुके हैं। विश्वविद्यालय बनने के बाद संस्थान में शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। क्रीड़ा सचिव की नियुक्ति से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर अवसर उपलब्ध होने की पूर्ण उम्मीद है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रो चारग को इस महत्वपूर्ण दायित्व हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

## मंडी सचिव धनंजय कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया

▸ रोजा मंडी सचिव रिंकूलाल कश्यप का बदायूं हुआ था स्थानांतरण



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा कृषि उत्पादन मंडी सचिव रिंकूलाल कश्यप का बदायूं स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थान पर बहराइच से आये धनंजय कुमार सिंह ने बुधवार को मंडी पहुंचकर मंडी सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने मंडी के सभी कर्मचारियों से कहा कि काम पूरी लगन व ईमानदारी से करें। काम में लापरवाही माफी योग्य नहीं रहेगी। मंडी कर्मचारियों ने नवागत सचिव श्री सिंह का स्वागत किया।कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि किसानों के हितों की रक्षा और मंडी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और मंडी राजस्व को बढ़ाना उनका मुख्य लक्ष्य है। इसके साथ ही मंडी परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा और किसानों के लिए बुनियादी सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा। इस मौके पर मंडी इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह, चंद्रभूषण मौर्य, धर्मेंद्र कुमार भारती, लिपिक रीता गुप्ता आदि मौजूद थे।

## बेटे पर हुए हमला की पीड़ित मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एक महिला ने बेटे पर किए गए जानलेवा हमले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला केलरगंज निवासी सुमन ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उनका बेटा देव गंगवार नगर की एक दुकान पर काम करता है। रात साढ़े ग्यारह बजे दुकान बंद होने के बाद घर आने के दौरान मोहल्ले के ही रिशु गुप्ता देव के साथ गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि रिशु गुप्ता ने तमंचा से उसके बेटे पर फायर कर दिया। भागकर वह घर पहुंचा। पीछे से पहुंचे रिशु गुप्ता ने सीधा फायर कर दिया । जिसमें वह व परिवार के लोग बाल बाल बच गए। पुलिस ने सुमन की ओर से मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

## छठे वित्त आयोग की बैठक 10 जून को लखनऊ में होगी आयोजित

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिधौली क्षेत्र के ग्राम भटपुरा रसूलपुर निवासी एवं ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में पंचायतों एवं स्थानीय निकायों के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श के लिए छठे वित्त आयोग की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 10 जून को लखनऊ में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रदेश भर से वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, प्रशासक तथा पंचायत व्यवस्था से जुड़े अधिकारी भाग लेंगे। प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि उन्हें भी इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक में ग्रामीण विकास, पंचायतों को मिलने वाले वित्तीय संसाधनों, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्थानीय निकायों की समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही पंचायतों को अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह बैठक प्रदेश की पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। बैठक में प्राप्त सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं और वित्तीय प्रावधानों को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति मिल सके।



## महारास व श्रीकृष्ण जन्म से पूतना बध तक हुआ लीला मंचन

▸ देवकी वासुदेव को कारागार में डाले जाने की लीला से सजल हुए दर्शकों के नेत्र

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्री राधा रानी सेवा समिति के आयोजकत्व में वृंदावन धाम से पधारे श्री राम श्याम लीला संस्थान द्वारा भगवान श्री राधाकृष्ण की रासलीला का भव्य मंचन कर भक्तों को भक्ति धारा से सराबोर कर दिया। यह आयोजन आगामी सात जून तक चलेगा। वृंदावन धाम के पंडित लेखराज ओम प्रकाश शर्मा के संचालन में संस्थान के स्वरूपों ने नगर पालिका परिसर स्थित गांधी ग्राउंड में दूसरे दिन रात्रि नौ बजे भगवान श्री राधाकृष्ण की भव्य झांकी के अलौकिक छटा के दर्शन के साथ शुरू हुई रासलीला में भगवान ने गोपीकाओं संग रास रचाई।

संस्थान के संचालक पण्डित ओम प्रकाश शर्मा के सानिध्य में समिति सदस्यों ने मंच पर विराजमान बाल स्वरूप श्री राधाकृष्ण का पूजन अर्चन कर आरती उतारी। तदोपरांत भगवान की रास में बृजेश्वरी श्री राधा रानी को रिझाने के लिए भगवान के गोपकों के साथ मनोहारी मयूर नृत्य से भक्त गण भाव विभोर हो गए। जय जय श्री राधे के जय घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया।

वासुदेव देवकी विवाह , कंस को उसकी मौत के लिए सचेत करने के लिए आकाशवाणी , देवकी के शिशुओं की कंस द्वारा हत्या। कृष्ण को गोकुल में नन्द यशोदा के घर पहुंचाने और पूर्ण बध के प्रासंगिक मंचन से दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। कार्यक्रम में देवेंद्र गुप्ता, अशोक कुमार रस्तोगी, अमिल गुप्ता ज्ञानी, सौरभ गुप्ता रवि, केशरी नंदन गुप्ता, कमलेश गुप्ता, सतीश गुप्ता, सुमित गुप्ता राकेश गुप्ता, साहू मनोज गुप्ता, अविनाश कुमार, कुलदीप गुप्ता, मनोज प्रबल, तुषार रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, हरीश गुप्ता समेत तमाम श्रद्धालुजन शामिल रहे।

## विवि में छात्र कल्याण एवं स्वयम पोर्टल के कार्यों को मिली गति

**कुलपति के निर्देश पर समन्वयकों की नियुक्ति**

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालयीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने एवं छात्र हितों को केंद्र में रखते हुए कुलपति महोदय के आदेशानुसार विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों के लिए समन्वयकों की नियुक्ति की गई है। विवि प्रशासन द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार स्वयम पोर्टल संबंधी कार्यों के सुचारु संचालन हेतु शिक्षक शिक्षा विभाग की अध्यक्षा प्रो. मीना शर्मा को समन्वयक नामित किया गया है। समन्वयक द्वारा स्वयम पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों का चयन, विद्यार्थियों का पंजीकरण तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यों का संपादन सुनिश्चित किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को ऑनलाइन एवं डिजिटल शिक्षा के आधुनिक अवसरों का अधिक प्रभावी लाभ मिल सकेगा। इसी क्रम में छात्र कल्याण संबंधी कार्यों के बेहतर संचालन के लिए वाणिज्य विभाग के प्रो. कमलेश गौतम को संकायाध्यक्ष (छात्र कल्याण) नामित किया गया है। छात्र कल्याण से जुड़े विभिन्न कार्य विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियमों के आलोक में संपादित किए जाएंगे। इन नियुक्तियों से विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं, डिजिटल लर्निंग सुविधाओं तथा छात्र हित से जुड़े कार्यों को अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार एवं छात्र केंद्रित व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने प्रो मीना शर्मा एवं प्रो कमलेश गौतम को नवीन दायित्व हेतु शुभकामनाएं दी हैं।

## महापौर ने जर्जर मार्ग को लेकर एएनएचआई को लिखा पत्र



**शाहजहांपुर।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत लखनऊ- पलिया मार्ग पर कचहरी, ओवरब्रिज, रोडवेज से महिला थाना होते हुए नियामतपुर मोड़ तक का मार्ग वर्तमान में अत्यंत जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है। जिस कारण सड़क पर अनेक स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण आम नागरिकों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ई-रिक्शा सवारियों सहित पलट चुके हैं, जिससे अनेक दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इसको लेकर महापौर अर्चना वर्मा ने परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पत्राचार किया। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु निकट है। यदि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व उक्त मार्ग की मरम्मत एवं गड्ढामुक्त करने का कार्य नहीं कराया गया, तो सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो सकती है तथा किसी भी समय कोई गंभीर एवं अप्रिय घटना घटित हो सकती है। उन्होंने मांग कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए उक्त मार्ग की शीघ्र मरम्मत एवं गड्ढामुक्त कराने की आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें, जिससे आम जनता को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सके।

▸ महिला थाना से नियामतपुर तक लखनऊ पलिया मार्ग काफी समय से क्षतिग्रस्त

## गर्भवती मां ने तीन बच्चों को दिया जन्म



**कांट, शाहजहांपुर।** कुर्रिया कलां गांव स्थित पीएचसी पर बीती रात एक मां ने तीन बच्चों को जन्म दिया। जिनमें दो पुत्र और एक पुत्री तीनों स्वस्थ हैं। जिले के सीमावर्ती गांव अंटा पूर्वी ब्लॉक भरखनी जिला हरदोई निवासी रजनीश की पत्नी रागिनी के प्रसव पीड़ा होने पर मंगलवार की रात पीएचसी कुर्रिया कलां में भर्ती कराया। डिलीवरी के बाद रागिनी में तीन बच्चों जन्म दिया। डॉ शैलेश द्विवेदी ने बताया कि तीनों बच्चे स्वस्थ हैं फिर भी सुरक्षा की दृष्टिकोण से जच्चा बच्चा को राजकीय मेडिकल कॉलेज एम्बुलेंस से भेज दिया गया। जहां पर उनकी अच्छे से देखभाल हो सकेंगी। इस दौरान स्टाफ नर्स निधि शुक्ला, महेश कुमार, गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

## वक्फ संपत्तियों के संरक्षण एवं पारदर्शी प्रबंधन को प्राथमिकता



**शाहजहांपुर।** बाराबंकी से स्थानांतरित होकर आए मुख्य वक्फ निरीक्षक श्री कांत आजाद ने शाहजहांपुर पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जनपद में स्थित वक्फ संपत्तियों एवं उनके प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारियां हासिल कीं।

इस अवसर पर श्री कांत ने कहा कि वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, विकास एवं पारदर्शी प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वक्फ संपत्तियों से जुड़े अभिलेखों को अद्यतन रखा जाए तथा शासन एवं वक्फ बोर्ड के निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियों पर किसी प्रकार के अतिक्रमण अथवा अनियमितता की शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जनपद के मुतवल्लियों एवं संबंधित लोगों से सहयोग की अपेक्षा जताई ताकि वक्फ संपत्तियों का बेहतर रखरखाव एवं उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

# डीएम ने जनगणना के मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा की

> आठ जून तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण कर लिया जाए: जिलाधिकारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनगणना कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक एसडीएम, चार्ज ऑफिसर, नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 08 जून तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण कर लिया जाए।

भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है। यह कार्य समयबद्ध होने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाना भी अनिवार्य है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण कराने, आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने तथा फील्ड स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्यक्रम है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों की उपस्थिति, कार्य प्रगति एवं सर्वे कार्यों का नियमित अनुश्रवण कर लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मकान सूचीकरण कार्य एवं संबंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए तथा कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी लक्ष्य पूरे किए जाएं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनगणना कार्य पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए।

इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला गणना अधिकारी अरविंद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## 150 सवारियां भरकर दौड़ रही प्राइवेट बस सीज, 3 रोडवेज बसों से भेजे गए यात्री

**शाहजहांपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से एक बड़ा विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन और एएसपी नगर देवेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में चली इस कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम और यातायात निरीक्षक बच्चू सिंह ने किया। चेकिंग के दौरान बरेली मोड़ क्षेत्र में जब टीम ने एक प्राइवेट बस को रोककर उसकी जांच की, तो अधिकारी भी हैरान रह गए। निर्धारित क्षमता से कई गुना अधिक, कुल150 सवारियां बस में ठूंस-ठूंस कर भरी हुई थीं। पुलिस ने नियमों की धज्जियां उड़ाने वाली इस प्राइवेट बस को तुरंत सीज कर अजीजगंज पुलिस चौकी में खड़ा करवा दिया। बस सीज होने के बाद यात्रियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन ने तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था की। मौके पर 3 रोडवेज बसें मंगवाई गईं और सभी यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इसी अभियान के तहत थाना खुटार क्षेत्र में भी सघन चेकिंग की गई। यहाँ नियमों का उल्लंघन कर सड़कों पर फर्राटा भर रहे1 ओवरलोड खनन वाहन और 1 अन्य ओवरलोड ट्रक को पकड़ा गया, जिन्हें दोषी पाए जाने पर मौके पर ही सीज कर दिया गया। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 4 अन्य वाहनों के चालान भी काटे गए।

# शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर सपा ने की बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी कार्यालय शाहजहांपुर में शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व बरेली मंडल प्रभारी कुंवर जयेश प्रसाद एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता भगवतशरण गंगवार ने किया। कार्यक्रम में जिले भर से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और पार्टी नेताओं ने भाग लिया।

बैठक में शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर के समर्थन में व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर हाजी दानिश अख्तर को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज की आवाज को विधान परिषद तक पहुंचाने के लिए हाजी दानिश अख्तर की जीत आवश्यक है। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भी चर्चा हुई। नेताओं ने मिशन-2027 के तहत उत्तर प्रदेश में समाजवादी की सरकार बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। बरेली मंडल प्रभारी कुंवर जयेश प्रसाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार जनता के मुद्दों को उठाने का काम कर रही है और आने वाले समय में प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है। वहीं भगवतशरण गंगवार ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खां सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षक एमएलसी चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने का विश्वास व्यक्त किया गया।

## अवैध पौनिया के साथ फोटो वायरल वाला आरोपी गिरफ्तार

**तिलहर - शाहजहांपुर।** सोशल मीडिया पर अवैध असलहा (पौनिया) के साथ फोटो वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर पौनिया बरामद कर ली है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव धन्यूरा निवासी करन का एक अवैध असलाह पौनिया के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हो रहा था। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निगरानी और समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबर छपने पर पुलिस हरकत में आ गई। अंततः बुधवार को हल्का इंचार्ज एसआई गौरव कुमार ने टीम के साथ आरोपी करन को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पौनिया को भी बरामद कर लिया गया है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि इस तरह असलहों के साथ प्रदर्शन और फोटो वायरल करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

# वंदे भारत एक्सप्रेस का शाहजहांपुर में ठहराव, दिखाई गई हरी झंडी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस का शाहजहाँपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में शाहजहाँपुर को यह अनुपम सौगात मिली है। इस ट्रेन के ठहराव से हमारे जनपद और आस-पास के क्षेत्रों के व्यापारियों, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, मरीजों और विशेषकर बाबा केदारनाथ व देवभूमि जाने वाले श्रद्धालुओं को लखनऊ और देहरादून की यात्रा करने में अभूतपूर्व सुगमता होगी। एमएलसी डॉ सुधीर गुप्ता ने कहा वंदे भारत एक्सप्रेस के शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव से यहां के लोगों को काफी लाभ होगा और सुगम यात्रा का अवसर मिलेगा। उन्होंने इसके लिए पीएम और रेलवे मंत्री का आभार भी जताया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, कौशल मिश्रा, रितेश आनंद, अजय प्रजापति, राजू सिंह, मनोज सिंह, राम कुमार सिंह, क्षमा वर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### देशी शराब बेचते पकड़ा, मुकदमा दर्ज

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करते हुए युवक को उसके घर से गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर में पुलिस को ग्रामीणों से लगातार गांव में अवैध रूप से बेची जा रही देसी शराब की शिकायत मिल रही थी मुखबिर की सूचना पर मंगलवार देर रात पुलिस ने छापेमारी करते हुए जलालपुर निवासी श्यामल सिंह को उसके घर से देसी शराब बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने बिक्री के लिए रखे 26 पौवा बरामद कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### पिकअप-बाइक की टक्कर में घायल बाइक सवार की मौत

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के स्टेट हाईवे पर शिकरापुर मोड़ के पास सोमवार शाम हुई पिकअप और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब सात बजे शिकरापुर मोड़ के पास पिकअप वाहन और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई थी। हादसे में पिकअप चालक मैकू तथा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया था। मंगलवार को उपचार के दौरान बाइक सवार ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सरकारी तालाब पर अतिक्रमण का आरोप, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग



**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरिहरपुर में स्थित सरकारी तालाब की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने के आरोपों को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब क्षेत्र में लगातार मिट्टी डलवाकर उसके मूल स्वरूप को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह तालाब लंबे समय से गांव के जल संरक्षण का प्रमुख स्रोत रहा है। बरसात का पानी एकत्र होने के साथ-साथ ग्रामीण पशुओं के उपयोग के लिए भी इसका महत्व रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों ने निजी स्वार्थ के चलते तालाब की जमीन को भरवाना शुरू कर दिया है, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत भेजी गई है। उनका कहना है कि यदि जल्द हस्तक्षेप नहीं किया गया तो तालाब का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो सकता है, जिससे भविष्य में जलभराव और जल संकट जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराए तथा तालाब की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। साथ ही, अवैध कब्जे के जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उधर, संबंधित अधिकारियों ने बताया कि शिकायत उनके संज्ञान में आई है। मामले की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रामगंगा में डूबे युवक का शव दूसरे दिन राज्य आपदा मोचक दल ने नदी ढूंढ निकाला, शव मिलते परिवार में मचा कोहराम

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज**



बुधवार को ग्राम पंचायत परौर के मजरा बिचपुरी निवासी राजू उर्फ कन्हई का शव राज्य आपदा मोचक बल ने 24 घंटे के अंदर नदी से ढूंढ निकाला। शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मालूम हो कि मंगलवार दुपहर परौर थाना क्षेत्र के ग्राम बिचपुरी निवासी फूलचंद्र कुशवाहा का 25 वर्षीय पुत्र राजू उर्फ कन्हई अत्यधिक गर्मी में पड़ोस में बह रही रामगंगा में नहाने गया था। नहाते समय अचानक गहरे कुंड में चले जाने से वह डूब गया था। घटना की सूचना पर थाना परौर पुलिस ने तत्काल क्षेत्रीय गोताखोरों को नदी में उतारकर डूबे युवक की रामगंगा में तलाश करवाने के साथ ही राज्य आपदा मोचक बल को भी सूचना देकर बुला लिया।

बुधवार दुपहर राज्य आपदा मोचक दल और स्थानीय गोताखोरों के संयुक्त प्रयास से डूबे युवक को नदी से ढूंढकर निकल लिया गया। बेटे का शव निकलते ही उसके पिता फूलचंद, मां चंद्रकली व भाई दहाड़े मार मार कर रोने लगे। कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक विकेश कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## पुलिस एग्जाम: जिले में 3 दिन में 31 हजार परीक्षार्थी देंगे पुलिस परीक्षा

> 13 केंद्रों की सुरक्षा को तैनात रहेगें 400 पुलिसकर्मी, 26 मजिस्ट्रेटों की निगरानी



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा जनपद में 8, 9 और 10 जून को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित कराई जाएगी। जिसको लेकर जिला प्रशासन व पुलिस ने कमर कस ली है। परीक्षा केंद्रों पर कलेक्ट्रेट व पुलिस लाइन स्थित कन्ट्रोल रुम से निगरानी रहेगी।परीक्षा के लिए 13 केंद्र बनाएं गये है, जिन पर लगभग 31 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देने आसपास के जोन से पहुंचेंगे। साथ ही शाहजहांपुर से भी 21 हजार परीक्षार्थी गैर जनपदों में परीक्षा देने के लिए जाएगें। परीक्षा दो पाली में तीन दिन में होगी। जिसमें पहली पाली की लिखित परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से पांच बजे तक होगी। अभ्यर्थियों की सुविधा को भर्ती बोर्ड ने लिखित परीक्षा की तिथि से तीन दिन पहले प्रवेश पत्र डाउनलोड हो सकेगें। परीक्षा को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के लिए 13 सेक्टर व 13 स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। साथ ही साथ सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर 400 पुलिसकर्मियों को चप्पे चप्पे पर तैनात किया गया है।

# विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल जागरूकता अभियान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत शाहजहांपुर एवं मानवता वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कैंट क्षेत्र में साइकिल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों और युवाओं को साइकिल के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा आर्थिक लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कैंट पूर्व उपाध्यक्ष एवं साइकिल क्लब अध्यक्ष गजेंद्र गंगवार ने सभी को साइकिल के लाभ बताते हुए कहा कि साइकिल केवल एक साधन नहीं बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया तथा नियमित रूप से साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पर्यावरण विषयक अनुभवनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्वयंसेवकों ने हरिवन में आशीष भारद्वाज एवं गजेंद्र गंगवार के संरक्षण में विकसित किए जा रहे जंगल क्षेत्र में पौधारोपण किया। प्रतिभागियों को पौधारोपण के महत्व, वृक्षों की देखभाल तथा पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी की भूमिका के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। मेरा युवा भारत उपनिदेशक माहे आलम ने कहा कि आज के समय में साइकिल केवल एक साधन नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक सशक्त कदम है। युवाओं को अपने दैनिक जीवन में साइकिल को अपनाकर फिट इंडिया और हरित भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए मानवता वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि यदि युवा छोटी-छोटी दूरियों के लिए साइकिल का उपयोग करें तो इससे न केवल उनका स्वास्थ्य बेहतर होगा बल्कि प्रदूषण और ईंधन की खपत में भी कमी आएगी। साइकिल एक ऐसा माध्यम है जो स्वास्थ्य, पर्यावरण और समाज तीनों के लिए लाभकारी है। कार्यक्रम में दीव्यांशी मिश्रा, मो शादान, आयुषी, कीर्ति तिवारी, कृष्णा सक्सेना, विकास कोली, पारुल, महक समेत अनेक स्वयंसेवकों, युवाओं एवं बच्चों ने सहभागिता की तथा पर्यावरण संरक्षण और साइकिल उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## एडीएम प्रशासन ने पालिका आराजी से अवैध निर्माण हटवाने के दिये निर्देश

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर पालिका आराजी पर बने मकान को तोड़ने के मद्देनजर विधिक राय लेने के बाद एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने एसडीएम व ईओ को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने की निर्देश दिए हैं। नगर के मोहल्ला बहिदुल्लागंज निवासी उम्मीद अली अंसारी की 9 जनवरी को नगर पालिका की आराजी पर सोहेल अख्तर द्वारा अवैध रूप से मकान बनाये जाने की शिकायत पर डीएम द्वारा एसडीएम, सीओ व ईओ की संयुक्त टीम बनाकर की जांचोपरांत आरोपी सोहेल का मकान पूरी तरह से नगर पालिका आराजी पर पाया गया। जिसकी जांच रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय से बीती 9 मई को डीएम कार्यालय अग्रिम कार्रवाई के आदेशों के लिए भेजी थी। इसी तारतम्य में उक्त अवैध निर्माण हटाने के लिए विधिक राय लेने के बाद एडीएम रजनीश कुमार मिश्रा ने 30 मई को एसडीएम जीत सिंह राय एवं ईओ सत्येंद्र प्रकाश अग्रिम कार्रवाई करते हुए जमीन को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि ईओ द्वारा टीम बनाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

### सूचना

सूचित हो मेरा हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1075465, इंटर मीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0830445 के अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं।

**प्रशांत सिंह तोमर पुत्र इंद्र विक्रम सिंह, मोहल्ला नई बस्ती, तिलहर ( शाहजहांपुर )।**

# डीएम की अध्यक्षता में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण कार्य की बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

> जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ स्वच्छ वातावरण हेतु जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश




जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण कार्य एवं अन्य कार्यों के संबंध में बैठक वीसी कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं को निर्देश दिए निर्माण कार्यों में तेजी लाकर जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण भी किया जाए। जिलाधिकारी ने ट्रामा सेंटर एवं इमरजेंसी के रिनोवेशन का कार्य 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज में सीसी रोड, नाली आदि कार्य जल्द कर लिए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज के सामने अनावश्यक खड़े होने वाले वाहनों एवं ठेलों को व्यवस्थित किया जाए। मेडिकल कॉलेज के अंदर एवं बाहर अच्छे से साफ सफाई प्रतिदिन की जाए? सभी कार्यों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी बनाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में अच्छी वॉल पेंटिंग, खाली जगह पर पार्क, क्यारियां, गमले, वार्ड, कैंटीन को जाने के लिए साइनेज लगाया जाए। उन्होंने कहा मरीजों के लिए मिलने वाले ब्रेकफास्ट, लंच आदि के मेनू का भी बोर्ड लगाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि रजिस्ट्रेशन के लिए पेमेंट गेटवे से लिंक कराया जाए और क्यूआर कोड प्रत्येक गांव में लगाए जिससे मेडिकल कॉलेज में उपचार करने के लिए स्वयं रजिस्ट्रेशन स्वयं लोग कर सकें। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन एवं दवा वितरण के अतिरिक्त काउंटर चलाने की व्यवस्था की जाए। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार मिलना सुनिश्चित कराया जाए। मरीजों एवं तीमारदारों से अच्छा व्यवहार किया जाए।

जिलाधिकारी निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज आने वाले चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के पास जारी किए जाएं वही लोग वाहन लेकर अंदर जाएंगे उनके वाहन खड़े करने की व्यवस्था की जाए इसके अलावा कोई भी वाहन अंदर नहीं जाना चाहिए। मुख्य द्वार से अनावश्यक वाहनों को अंदर न आने दिया जाए इसके लिए पर्याप्त सुरक्षा गार्डों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज को अंदर और बाहर से साफ सुथरा एवं सुंदर बनाना है। उन्होंने कहा कि चयन कर दीवारों की वॉल पेंटिंग कर कर उसपे अच्छे-अच्छे संदेश लिखवाया जाए। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने एवं बाहर सड़क, नाली सही कराने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर लिए जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी एवं प्रधानाचार्य डॉ राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नशे पर शिकंजा

निःसंदेह, नशे का निरंतर फैलता काला कारोबार एक राष्ट्रीय संकट है। देश के विभिन्न भागों में करोड़ों-अरबों रुपये मूल्य के विदेशों से आने वाले नशीले पदार्थों की बरामदगी भयावह संकट की तसवीर उकेरती है। संगठित विदेशी अपराधियों की साजिशों और देश में फैले नशा तस्करों का गठजोड़, इस नशीले जहर के कारोबार को चला रहा है। आज जरूरत इस बात की है कि देश की तमाम खुफिया एजेंसियां व राज्य के विशेष पुलिस बल योजनाबद्ध ढंग से नशा कारोबारियों की कमर तोड़ें। लेकिन फिर भी कई राज्यों द्वारा चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान बिगड़ते हालात सुधारने में किसी हद तक मददगार साबित हो सकते हैं। पिछले दिनों पंजाब में भी ऐसा अभियान चलाया गया। अब सीमावर्ती जम्मू-कश्मीर में वर्षों से गहराते नशे के संकट के खिलाफ अभियान शुरू किया जा रहा है। सवाल यह है कि राज्य में नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू करने में इतना वक्त क्यों लगा? अब भले ही देर से ही सही, यह पहल शुरू करना वक्त की जरूरत है। नशे के नश्तर से हमारी युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है और कई घरों के चिराग असमय बुझ रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, बीस जिलों का दौरा करके सौ दिवसीय नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। वहीं इस अभियान का सुखद पहलू यह है कि दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में, इस कोशिश को प्रतिबंधित संगठन जमाते-ए-इस्लामी के एक गुट का भी समर्थन मिला है। कहना कठिन है कि इस समर्थन का हकीकत में असर कितना होगा। लेकिन इस घोषणा ने सकारात्मक संदेश जरूर दिया है कि समाज के विभिन्न वर्गों के सामूहिक प्रयासों से ही इस भयावह होते संकट का मुकाबला किया जा सकता है। सही मायने में समाज में व्याप्त तमाम वैचारिक मतभेदों को दरकिनार करते हुए, सामूहिक व निरंतर प्रयासों से ही नशा मुक्ति की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जा सकता है। वास्तव में नशा विरोधी अभियान के मार्ग में बाधा पैदा करने वाली जटिलताओं के मुकाबले के लिये कुछ दिन, कुछ माह के अभियान के बजाय साल में 365 दिन चलने वाली रणनीति अपनाने की जरूरत है। कभी-कभार चलाए जाने वाले अभियान इसके लक्ष्य को पाने में ज्यादा मददगार साबित नहीं हो सकते। इस संकट के समाधान के लिये नशे की लत के सामाजिक पहलुओं की भी व्यापक पड़ताल जरूरी है। कारगर समाधान हेतु सामाजिक स्तर पर रणनीति बनाने की जरूरत होती है। निःसंदेह, नशे की लत के तमाम कारण हमारे समाज में विद्यमान हैं। जिनके निराकरण की दिशा में भी कदम उठाने की जरूरत है। मसलन इस व्यसन के मूल में समाज में व्याप्त बेरोजगारी, निराशा, सामाजिक व आर्थिक असमानताएं, बुरी संगत का असर तथा मादक पदार्थों की समाज में आसान उपलब्धता आदि कारक निहित हैं। चिंताजनक है कि नशा अब स्कूल-कालेजों तक को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। कई राज्यों में नशे की आपूर्ति में बच्चों को इस्तेमाल करने के चिंताजनक उदाहरण सामने आए हैं। वहीं यदि नशा मुक्ति के लिये चलाये जा रहे पुनर्वास कार्यक्रमों में शिथिलता अपनायी जाती है तो सख्ती से हासिल होने वाली उपलब्धियां व्यर्थ हो जाती हैं। यह सत्य है कि नशा एक ऐसा रोग है, जिसका कोई आसान इलाज उपलब्ध नहीं है। जहां एक ओर नशीले पदार्थों की आपूर्ति पर अंकुश लगाना जरूरी है, तो दूसरी ओर इसकी तलब को काबू करने के लिये भी प्रयास जरूरी हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि नशे की डोज जुटाने के लिये कुछ छात्र व युवा अपराध की राहों में फिसल जाते हैं। इसलिये जरूरी हो जाता है कि नियमित रूप से नशा तस्करों और ड्रग पेडलरों की गिरफ्तारी करके तुरंत सजा दी जाए। वहीं दूसरी ओर नशे की खरीद-फरोख्त में संलिप्तता पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने, पासपोर्ट निरस्त करने से भी जहरीले कारोबार पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकती है। साथ ही सीमावर्ती संवेदनशील राज्यों में, जहां सीमा पार से नशे की तस्करी आतंकवाद को जिंदा रखने के लिये की जा रही है, वहां अतिरिक्त सावधानी की भी जरूरत है। नशा तस्करों की गिरफ्तारी के तुरंत बाद सजा देना, इस अभियान में मददगार साबित होगा।

# सीएम योगी के नेतृत्व में ऊर्जा आपूर्ति में ऐतिहासिक छलांग

*प्रवीण मालवीय*



उत्तर प्रदेश ने बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, वह केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं बल्कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत इच्छाशक्ति और जनहितकारी शासन का परिणाम है। 31,804 मेगावाट की रिकॉर्ड विद्युत आपूर्ति के साथ उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे अधिक बिजली उपलब्ध कराने वाला राज्य बन गया है। यह उपलब्धि ऐसे समय में हासिल हुई है जब भीषण गर्मी के कारण पूरे देश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश ने न केवल इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया, बल्कि देश के सामने ऊर्जा प्रबंधन का एक नया मॉडल भी प्रस्तुत किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सबको बिजली, पर्याप्त बिजली और निर्बाध बिजली के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर कार्य किए हैं। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में बिजली संकट एक सामान्य स्थिति थी। गांवों में घंटों कटौती होती थी, शहरों में भी निर्धारित समय पर बिजली मिलना कठिन था और उद्योगों को उत्पादन प्रभावित होने की समस्या का सामना करना पड़ता था। लेकिन योगी सरकार ने बिजली क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए उत्पादन, पारेषण और वितरण इन तीनों स्तरों पर व्यापक सुधार किए है।

मा. मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट रूप से यह लक्ष्य तय किया कि प्रदेश के किसी भी नागरिक को बिजली के अभाव में कठिनाई न हो। इसी सोच के तहत विद्युत अवसंरचना को मजबूत किया गया, नए उपकेंद्रों की स्थापना हुई, ट्रांसमिशन लाइनों का विस्तार किया गया और जर्जर व्यवस्थाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया। परिणामस्वरूप आज उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा विद्युत उपभोक्ता राज्य होने के साथ-साथ सबसे अधिक बिजली उपलब्ध कराने वाला राज्य भी बन गया है। प्रदेश में दिनांक 24 मई 2026 को 10:39 बजे 31,804 मेगावाट की पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह रिकॉर्ड केवल आंकड़ा नहीं बल्कि करोड़ों प्रदेशवासियों के विश्वास का प्रतीक है। इतनी बड़ी मांग को पूरा करने के लिए बिजली उत्पादन इकाइयों, ग्रिड प्रबंधन, ट्रांसमिशन नेटवर्क और वितरण तंत्र के बीच अभूतपूर्व समन्वय करते हुए उत्तर प्रदेश ने सफलतापूर्वक विद्युत आपूर्ति की है।

**आज जब उत्तर प्रदेश 31,804 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति कर रहा है, तब यह उपलब्धि केवल सरकार की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की सामूहिक सफलता बन गई है। यह उस परिवर्तनकारी सोच का परिणाम है जिसमें शासन की प्राथमिकता जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने यह साबित किया है कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रभावी प्रबंधन और जनकल्याण की प्रतिबद्धता के बल पर असंभव लगने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। ऊर्जा क्षेत्र में यह उपलब्धि आने वाले समय के लिए भी नई संभावनाओं के द्वार खोलती है। बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्युत अवसंरचना को और मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है। सौर ऊर्जा, हरित ऊर्जा और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है। उत्तर प्रदेश का यह नया रिकॉर्ड केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि विकास, सुशासन और जनविश्वास की नई कहानी है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश आज जिस ऊर्जा क्रांति का साक्षी बन रहा है, वह आने वाले वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित और आत्मनिर्भर राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।**

प्रदेश सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में यह भी है कि बिजली व्यवस्था एवं आपूर्ति को केवल शहरों तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि गांवों और दूरदराज क्षेत्रों तक भी निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 22 से 22.5 घंटे तक बिजली उपलब्ध कराना इस बात का प्रमाण है कि सरकार विकास को संतुलित और समावेशी रूप में आगे बढ़ा रही है। किसानों को सिंचाई में सुविधा मिल रही है, छोटे उद्योगों और व्यापारियों को राहत मिली है तथा घरेलू व विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन का वातावरण प्राप्त हो रहा है। बिजली केवल सुविधा नहीं बल्कि विकास की मूल आधारशिला है। इसी सोच के अनुरूप प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए भी विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया।

निवेशकों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की नीति का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख निवेश गंतव्यों में शामिल हो चुका है। बड़े उद्योगों से लेकर सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों तक को बेहतर ऊर्जा आपूर्ति का लाभ मिल रहा है। इससे रोजगार सृजन को गति मिली है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्राप्त हुई है।

प्रदेश सरकार ने बिजली चोरी रोकने, लाइन लॉस कम करने और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए भी कई प्रभावी कदम उठाए हैं। स्मार्ट मीटर, ऑनलाइन बिलिंग, शिकायत निवारण प्रणाली और विद्युत उपकेंद्रों के डिजिटलीकरण जैसे प्रयासों ने व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है। 1912 हेल्पलाइन और फील्ड मॉनिटरिंग व्यवस्था के माध्यम से उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। योगी सरकार के कार्यकाल में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम यह है कि प्रदेश की विद्युत क्षमता लगातार बढ़ी है। नए पावर प्लांट, सौर ऊर्जा परियोजनाएं और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में भी उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की ओर निरंतर कार्य कर रही है ताकि भविष्य की बढ़ती मांग को भी आसानी से पूरा किया जा सके। मा. मुख्यमंत्री जी ने हमेशा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिजली आपूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यही कारण है कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था को लेकर लगातार समीक्षा और निगरानी की जा रही है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा स्वयं फील्ड स्तर पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं। इससे विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों में जवाबदेही की भावना मजबूत हुई है।

प्रदेश सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि प्राकृतिक आपदाओं, आंधी-तूफान या तकनीकी कारणों से यदि कहीं व्यवधान उत्पन्न होता है तो उसे शीघ्रता से ठीक किया जाए। बिजली विभाग के कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में भी दिन-रात कार्य कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में बढ़ती बिजली उपलब्धता का सकारात्मक प्रभाव सामाजिक जीवन पर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। गांवों में अब रात के समय भी सामान्य गतिविधियां जारी रहती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार हुआ है। अस्पतालों में बेहतर सेवाएं मिल रही हैं और डिजिटल सेवाओं का विस्तार भी तेज हुआ है। बिजली की उपलब्धता ने प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा दी है।

आज जब उत्तर प्रदेश 31,804 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति कर रहा है, तब यह उपलब्धि केवल सरकार की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की सामूहिक सफलता बन गई है। यह उस परिवर्तनकारी सोच का परिणाम है जिसमें शासन की प्राथमिकता जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने यह साबित किया है कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रभावी प्रबंधन और जनकल्याण की प्रतिबद्धता के बल पर असंभव लगने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। ऊर्जा क्षेत्र में यह उपलब्धि आने वाले समय के लिए भी नई संभावनाओं के द्वार खोलती है। बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्युत अवसंरचना को और मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है। सौर ऊर्जा, हरित ऊर्जा और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है।

उत्तर प्रदेश का यह नया रिकॉर्ड केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि विकास, सुशासन और जनविश्वास की नई कहानी है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश आज जिस ऊर्जा क्रांति का साक्षी बन रहा है, वह आने वाले वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित और आत्मनिर्भर राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

*(सूचना अधिकारी)*

## विचार

# सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान से फूड रेस्टोरेंट के मालिक बने केतन

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना आज प्रदेश के शिक्षित और कुशल युवाओं को कारोबारी बनने का स्वाभिमान प्रदान कर रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं के भीतर छिपी उद्यमशीलता की भावना को जगाना और उन्हें खुद का व्यवसाय स्थापित करने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करना है। अक्सर देखा जाता है कि देश के सुदूर और जनजातीय बहुल क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, लेकिन सही मार्गदर्शन न मिलने से युवा अक्सर भ्रमित हो जाते हैं और फिर वित्तीय संसाधनों के अभाव में वे कोई जोखिम उठाने का साहस नहीं कर पाते।

उत्तर प्रदेश सरकार की इस पहल ने वित्तीय बाधाओं को दूर कर युवाओं को स्वाभिमान के साथ उनका अपना खुद का कारोबार स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा और सार्थक कदम उठाया है। यह योजना न केवल युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि वे स्वयं रोजगार प्रदाता भी बन रहे हैं। औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में अपना उद्यम प्रारम्भ करने की इच्छा रखने वालों के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। इसके तहत पात्र युवाओं को अपने उद्यम शुरू करने के लिए चार वर्षों की अवधि हेतु पांच लाख रुपये तक का ब्याज-मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है। ब्याज-मुक्त ऋण की यह सुविधा नए कारोबारियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि शुरुआती दिनों में किसी भी व्यवसाय को स्थापित करने में पूंजी का दबाव सबसे बड़ा रोड़ा होता है।

सरकार का लक्ष्य इस योजना के माध्यम से हर साल एक लाख युवा उद्यमियों को तैयार करना है, जिससे आने वाले दशक में राज्य के भीतर बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसरों का सृजन हो सके। इतना ही नहीं, जो उद्यमी अपने पहले चरण के ऋण का समय पर और सफलतापूर्वक भुगतान कर देते हैं, उन्हें अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए साढ़े सात लाख रुपये तक के दूसरे चरण के समग्र ऋण की पात्रता भी मिलती है। इसके साथ ही योजना में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए विशेष अनुदान के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं, जो आधुनिक दौर के अनुकूल हैं। प्रदेश में बड़ी संख्या में युवाओं ने इस योजना का लाभ उठाकर यह साबित कर दिया है कि यदि सही अवसर और प्रशासनिक सहयोग मिले, तो वे किसी भी चुनौती को पार कर सकते हैं। यह योजना सीधे तौर पर उन युवाओं को जोड़ती है जिन्होंने पहले से विभिन्न सरकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे-'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' या 'एक जिला एक उत्पाद योजना' के तहत हुनर सीखा है, या फिर जिनके पास मान्यता प्राप्त संस्थानों से डिग्री और डिप्लोमा है।

सोनभद्र जनपद के रॉबर्ट्सगंज के आर्य नगर मुख्य मार्ग निवासी केतन कुमार पाण्डेय की कहानी इस योजना की सफलता का एक जीवंत उदाहरण है। एक साधारण परिवार में जन्मे केतन के मन में हमेशा से खुद का कुछ काम करने की इच्छा थी। वे कोई नौकरी करने के बजाय स्थानीय स्तर पर ही कोई ऐसा व्यवसाय स्थापित करना चाहते थे, जिससे वे खुद के पैरों पर खड़े हो सकें और दूसरों की भी मदद कर सकें। हालांकि, किसी भी आम युवा की तरह उनके सामने भी सबसे बड़ी समस्या सीमित आर्थिक संसाधनों की थी। पर्याप्त पूंजी न होने के कारण उनके व्यवसाय शुरू करने के प्रयास बार-बार अटक जाते थे। इसी जद्दोजहद के बीच केतन को प्रदेश सरकार की इस कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी मिली, तो उन्हें उम्मीद की एक बड़ी किरण नज़र आने लगी। केतन ने बिना कोई समय गंवाए योजना के तहत आवेदन करने का फैसला किया। आवेदन करते समय सरकारी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों और औपचारिकताओं को पूरा करने में जिला प्रशासन की तरफसे उन्हें भरपूर सहयोग मिला, जिससे उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ने का हौसला मिला। इस पूरी प्रक्रिया में जिला प्रशासन एवं स्थानीय बैंक तंत्र की भूमिका बेहद सहयोगी और मार्गदर्शक की रही। जिला प्रशासन और बैंक कर्मियों के सकारात्मक रुख के कारण केतन की फाइल को सही दिशा मिली और अंततः उन्हें यूको बैंक, रॉबर्ट्सगंज से पांच लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हो गया। यह ऋण राशि केवल एक वित्तीय सहायता नहीं थी, बल्कि केतन के उन सपनों की बुनियाद थी जिसे वे सालों से बुन रहे थे।

ऋण की राशि हाथ में आते ही केतन ने उसका पूरा सदुपयोग किया और रॉबर्ट्सगंज के मुख्य मार्ग पर एक आधुनिक और व्यवस्थित फूड रेस्टोरेंट की शुरुआत की। उन्होंने अपने व्यवसाय में बाजार की मांग को समझा और ग्राहकों की संतुष्टि, स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया। किसी भी नए व्यवसाय की तरह शुरुआत में ग्राहकों का भरोसा जीतना और बाजार में पहले से मौजूद प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी जगह बनाने की चुनौती ने केतन को व्यवसाय की मुश्किलों से भी रू-ब-रू कराया। लेकिन केतन ने अपनी कड़ी मेहनत, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण के बल पर इन सभी शुरुआती मुश्किलों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने ग्राहकों के सामने गुणवत्ता के साथ स्वाद परोसा, जो इस व्यवसाय की रीढ़ है। उनकी लगन और मेहनत का असर भी हुआ; धीरे-धीरे उनके रेस्टोरेंट के स्वाद और बेहतर सेवा की चर्चा पूरे क्षेत्र में फैल गई।

आज उनका यह फूड रेस्टोरेंट न केवल रॉबर्ट्सगंज के स्थानीय लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय हो चुका है, बल्कि आसपास के ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों से भी लोग यहां खिंचे चले आते हैं।

इस पूरी सफलता का सबसे प्रेरणादायक पहलू यह है कि केतन ने इस उद्यम के जरिए न केवल खुद को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाया, बल्कि अपने साथ पांच अन्य स्थानीय युवाओं को भी सम्मानजनक रोजगार प्रदान किया। आज वे पांचों परिवार इस व्यवसाय के माध्यम से अपने घर का भरण-पोषण बेहद स्वाभिमान के साथ कर पा रहे हैं। आज केतन सरकार के उत्तरदायित्व के सफल क्रियान्वयन की एक नज़ीर हैं। प्रदेश सरकार की सही नीतियां ही सामाजिक उत्थान का कारक होती हैं। सही नीतियां हों तो केतन कुमार की तरह समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक बदलाव की बयार पहुंच जाती है। केतन अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों और जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग को देते हैं। उनका मानना है कि यदि समय पर उन्हें यह आर्थिक संबल नहीं मिला होता, तो शायद आज भी वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष ही कर रहे होते। प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के हित में चलाई जा रही इन योजनाओं ने राज्य के हजारों युवाओं को एक नई राह दिखाई है। केतन की यह कामयाबी इस बात का भी सीधा प्रमाण है कि सरकारी योजनाएं अब केवल फाइलों और विज्ञापनों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ जमीन पर आम जनता और जरूरतमंदों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंच रहा है। सोनभद्र जैसे जनपद में केतन कुमार पाण्डेय आज दूसरे युवाओं के लिए एक रोल मॉडल बन चुके हैं। उनके प्रयासों की यह सफलता, मजबूत इरादों के साथ काम करने तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर अवसरों का लाभ उठाते हुए अपना जीवन सुदृढ़ करने की प्रेरणा दे रही है। वे अक्सर स्थानीय युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें जागरूक करते हैं कि वे डर और संकोच को छोड़कर सरकार की इन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हासिल करें और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं। जिला प्रशासन भी लगातार ऐसे सफल लाभार्थियों की कहानियों को सामने लाकर अन्य युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास कर रहा है ताकि जनपद का कोई भी हुनरमंद युवा अवसरों से वंचित न रहे। किसी भी क्षेत्र का समग्र विकास तभी संभव है जब वहां के युवा आर्थिक गतिविधियों के केंद्र में आएं और स्वयं नेतृत्व संभालें। सोनभद्र जनपद में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना' के माध्यम से आ रहा यह बदलाव इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में यहां का युवा वर्ग पूरी तरह आत्मनिर्भरता की दिशाएं स्वयं तो तय करेगा ही, साथ में राज्य की मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। केतन कुमार पाण्डेय की यह यात्रा सिर्फ एक व्यक्ति की सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस बदलते परिवेश की गाथा है जहां दृढ़ संकल्प, सही सरकारी नीति और प्रशासनिक सहयोग मिलकर एक नए और सशक्त समाज का निर्माण कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की ये दूरदर्शी विकास नीतियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ युवाओं के कौशल को आर्थिक संपन्नता में बदलने का सशक्त माध्यम बन रही हैं, जिससे आने वाले समय में राज्य के औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों को एक नई और टिकाऊ दिशा मिलना तय है।

## साहित्य



### कोमल तानों की सुमन...!

**संजय एम तराणेकर**

*(यादें शेष : सुमन कल्याणपुर)*

स्वर की सरिता में मधुर गीतों से घुलता प्रेम निराला,
कोमल तानों की पहचान, सुमनजी का अद्भुत गान।

सुर सुबह की पहली किरण, मन को छूएँ हर स्पंदन।
भावों में गहराई शब्दों का मान, संगीत बना पहचान।

ना शोर, ना कोई प्रदर्शन, सादगी में छिपा आकर्षण।
हर धुन में ममता, राग में प्यार, सुन झूम उठे संसार।

समय बदलता रहा निरंतर, उनका संगीत रहा अमर।
स्वर्णिम यादें पहचान, कल्याणपुर का अनुपम गान।

स्वराकाश में चमके सितारा, संगीत जगत को संवारा।
पीढ़ियाँ गाएँगी गीत महान, युगों जीवित रहेगा स्थान।



## राशिफल

**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**वृषभः-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुनः-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंहः-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयसत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः-** शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# आसमान से बरसता 'अमृत', नालियों में बहता भविष्य

*डॉ. अनिल कुमार निगम*

भारत में जल संकट दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। पृथ्वी का लगभग 71 प्रतिशत भाग जल से ढँका हुआ है, किंतु पीने योग्य मीठे पानी की मात्रा अत्यंत सीमित है। इसमें अतिश्योक्ति नहीं होगी अगर भविष्य में भारत के कुछ क्षेत्रों में ऐसी स्थिति आ जाए जहां पानी पेट्रोल से अधिक मूल्यवान हो जाए और पर्याप्त पैसा होने के बावजूद तत्काल स्वच्छ पानी उपलब्ध न हो। देश में जब भीषण गर्मी पड़ती है, शायद तभी हमें जल संकट की याद आती है लेकिन यह समस्या 'सुरसा के मुंह' की तरह प्रत्येक वर्ष गंभीर होती जा रही है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है।

विभिन्न सरकारी रिपोर्टों, केंद्रीय जल बोर्ड के आकलनों और हालिया अध्ययनों के अनुसार देश की राजधानी दिल्ली में 2023-24 में भूजल दोहन 100.77 प्रतिशत तक पहुंच गया था, अर्थात् पुनर्भरण से अधिक पानी निकाला गया। 2024-25 में यह घटकर 92.1 प्रतिशत हुआ, फिर भी कई क्षेत्र ओवर-एक्सप्लॉइटेड हैं। बेंगलूरू में भूजल दोहन लगभग 177.3 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। शहर में लगभग 3.7 लाख बोरवेल सक्रिय हैं और जल टैंकरों पर निर्भरता बढ़ रही है। जबकि 2025 के आकलन में बेंगलूरू और हैदराबाद को भारत के महानगरों में सबसे गंभीर भूजल संकट वाले शहर बताया गया। कई क्षेत्रों में जलस्तर 28 मीटर गहराई तक पहुंच गया है।

देश के 54 बड़े शहरी केंद्रों में से 23 शहरों में भूजल स्तर में सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण गिरावट आई है। गिरावट की दर कई शहरों में 0.12 से 0.45 मीटर प्रति वर्ष तक पाई गई। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलूरु जैसे महानगरों में अत्यधिक भूजल दोहन के कारण भूमि धंसाव की समस्या भी सामने आ रही है। पानी की बढ़ती समस्या के लिए कई कारण जिम्मेदार हैं। अधिसंख्य हाईराइज कॉलोनियों या सोसाइटियों में पानी की आपूर्ति के लिए निजी बोरवेल लगे होते हैं। वर्षों तक लगातार भूजल निकालने से जलस्तर नीचे चला जाता है और बोरवेल सूखने लगते हैं। टंकियों से पानी का ओवरफ्लो होना सामान्य बात है।

दूसरा प्रमुख कारण वर्षा जल संचयन का अभाव है। वास्तविकता तो यह है कि अनेक शहरों में पानी रिचार्ज करने से अधिक भू दोहन कर निकाला जा रहा है। सोसायटियों और मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था नहीं है। अगर कहीं पर है भी तो वे महज शो पीस बनकर रह गए हैं क्योंकि वे फंक्शनल भी हैं या नहीं, इसकी नियमित निगरानी का जबरदस्त अभाव है। इसलिए बारिश का पानी सीधे नालियों में चला जाता है, जिससे भूजल का पुनर्भरण नहीं हो पाता।

विकास के नाम पर भवनों, सड़कों और अन्य निर्माण कार्य अनियोजित तरीके से चल रहा है। भवनों के प्रांगण, सड़कों के किनारे, आंगन, खाली प्लॉट और मिट्टी वाले क्षेत्र अब सीमेंट, टाइल्स और कंक्रीट से ढँक दिए गए हैं। इससे वर्षा का पानी जमीन में जाने का रास्ता बंद हो चुका है।

इसके अलावा आरओ सिस्टम का अपशिष्ट जल घरों में लगे आरओ फिल्टर एक लीटर शुद्ध पानी के लिए 2-4 लीटर तक पानी बाहर निकाले जाने से पानी नालियों में बह जाता है। कई कॉलोनियों में पानी की पाइप लाइनें पुरानी हैं। लीकेज से बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद होता है। यही नहीं, पुराने तालाब, कुएं और जोहड़ शहरीकरण की भेंट चढ़ गए हैं। इससे प्राकृतिक जल संचयन प्रणाली कमजोर हो गई है। सबसे अहम बात यह है कि लोगों में पानी की बर्बादी रोकने को लेकर जागरूकता का भारी अभाव है।

देश में जल संकट का सबसे बड़ा कारण पानी की कमी नहीं बल्कि वर्षा जल का खराब प्रबंधन है। भारत में औसतन 1100-1200 मिमी वर्षा होती है, जो विश्व औसत से कम नहीं है। समस्या यह है कि वर्षा का अधिकांश पानी कुछ दिनों में बहकर नदियों और अंततः समुद्र में चला जाता है, जबकि हम साल भर भूजल निकालते रहते हैं। यदि शहरों, सोसाइटियों, संस्थानों और उद्योगों में बड़े पैमाने पर वर्षा जल संचयन के लिए रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लागू हो जाए, तो जल संकट का बड़ा हिस्सा नियंत्रित किया जा सकता है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के पानी का सौ प्रतिशत पुनः उपयोग फ्लशिंग, बागवानी और सफाई करने के लिए उपयोग किया जाना चाहिए।

भारत में इस गंभीर समस्या के बारे में कह सकते हैं कि जल संकट का समाधान आसमान से गिरता है लेकिन हम उसे नालियों में बहा देते हैं। बिजली ऑडिट की तरह हर बड़ी सोसाइटी का वार्षिक जल ऑडिट हो और यह अनिवार्य कर दिया जाए कि जितना भूजल सोसायटी निकालेंगी, उतना या उससे अधिक रिचार्ज करना कानूनी रूप से अनिवार्य होगा। अधिकांश शहरों ने अपने प्राकृतिक जलाशयों को खो दिया है। इसलिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण काम किया जाना चाहिए कि शहरी झीलों और तालाबों का पुनर्जीवन किया जाए। भारत के इन्हें पुनर्जीवित करना भूजल रिचार्ज का सबसे सस्ता और प्रभावी तरीका है।

इस मामले में हमें इजराइल से सीखने में भी कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। उसने जल संकट पर नियंत्रण रखने के लिए वर्षा जल संरक्षण, जल पुनर्चक्रण, ड्रिप सिंचाई, और समुद्री जल का शोधन कर जल संकट को काफी हद तक नियंत्रित किया है। हमें जल संचयन के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे तभी हम आसमान से बरसने वाले 'अमृत' (पानी) को नालियों में बहने से रोक पाएंगे।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मरीज की मौत, परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर लगाए लापरवाही का आरोप



**बहुआ, फतेहपुर।** बहुआ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी में सोमवार को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। मृतक की पहचान 50 वर्षीय रामआसरे कुशवाहा, निवासी आजाद नगर बहुआ, के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रामआसरे की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल बहुआ पीएचसी लाया गया था। आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद काफी देर तक चिकित्सकीय सहायता के लिए गुहार लगाई गई, लेकिन समय पर उपचार नहीं मिल सका। इसी दौरान उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों और ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि अस्पताल में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं और कई बार मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। मृतक के परिवार में इस घटना के बाद शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. शैलेंद्र सिंह गौतम का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मामले की जानकारी दे दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच कराए जाने की बात कही गई है। घटना के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चर्चा तेज हो गई है और स्थानीय लोग स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे हैं।

### थाना पनवाड़ी पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी द्वारा गठित टीम, जिसमें उ.नि. ओमप्रकाश मिश्रा, उ.नि. राजेन्द्र प्रसाद यादव, कां. शिवबाबू एवं कां. शैलेश यादव शामिल रहे, द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग, विवेचना एवं लंबित अभियोगों के निस्तारण के दौरान अर्जुन सहाय नहर पुलिया के पास से 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त चन्द्रभान अहिरवार पुत्र छब्बू लाल, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी ग्राम रिछा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर एवं 1 अदद कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना पनवाड़ी पर मु.अ.सं. 64/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी तथा उसे न्यायालय महोबा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने आयोजित किया अर्दली रूम



**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सर्किल नगर के समस्त थानों पर नियुक्त विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित किया गया। अर्दली रूम के दौरान उन्होंने जनपद में अपराध नियंत्रण की स्थिति, अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही, लंबित विवेचनाओं की प्रगति, प्रचलित अभियानों की समीक्षा, लंबित प्रार्थना पत्रों आई जी आर एस प्रकरणों के निस्तारण एवं शस्त्र लाइसेंस से संबंधित मामलों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया कि विवेचनाओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित हो। उन्होंने साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने, वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का समुचित उपयोग करने तथा विधिक प्रावधानों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आमजन में सुरक्षा का भाव सशक्त किया जाए। इसके लिए सतत गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता एवं जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। अर्दली रूम के दौरान समस्त विवेचकों को अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे जनपद में सुशासन, कानून का प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

### दहेज उत्पीड़न में गर्भवती महिला से मारपीट, चार माह का हुआ गर्भपात, पति समेत 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज



**कोंच (जालौन)।** कोंच कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। कदौरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला सिद्धार्थनगर निवासी अंगूरी देवी ने अपने पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने तथा मारपीट का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता अंगूरी देवी के अनुसार उसकी शादी वर्ष 2021 में हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शादी के समय मायके पक्ष द्वारा लगभग सात लाख रुपये नकद सहित अन्य घरेलू सामान और दहेज सामग्री दी गई थी। इसके बावजूद ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। अंगूरी देवी ने बताया कि जब वह चार माह की गर्भवती थी, तब पति सुभाष, ससुर राममोहन, सास रामवती, ननद राजाश्री, प्रेमलता और राखी ने कथित रूप से उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि छोटी ननद राखी ने उसके पेट में लात मार दी, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और रक्तस्राव शुरू हो गया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला महिला चिकित्सालय उरई रेफर कर दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि उपचार के दौरान चिकित्सकों ने काफी प्रयास किए, लेकिन चार माह के गर्भस्थ शिशु को बचाया नहीं जा सका और उसका गर्भपात हो गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि 17 अप्रैल को हुई पंचायत के दौरान भी उसके साथ मारपीट की गई थी। लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर उसने बुधवार को कोंच कोतवाली पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। कोंच कोतवाली प्रभारी ब्रजेश बहादुर ने बताया कि शिकायत के आधार पर पति समेत छह आरोपितों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर डीएम से मिला कांग्रेस डेलिगेशन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद की तहसीलों व नगर पालिका परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के एक डेलीडेशन ने जिलाधिकारी से मुलाकात की एवं उन्हे शिकायती पत्र सौंप कर इस पर कठोर कार्यवाही की मांग की। जिलाधिकारी से रूबरू जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि तहसील में आय जाति निवास प्रमाणपत्रों में रिपोर्ट लगाने के नाम पर लेखपालों द्वारा प्रार्थी से सुविधा शुल्क की मांग की जाती है वहीं भूमि को कमर्शियल कराने, दाखिल खारिज व हदबंदी के नाम पर मनमानी धन वसूला जाता है जिसे भुक्त भोगी मजबूरन देने को मजबूर होता है अथवा काम पेंडिंग में चला जाता है। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने बताया कि नगर पालिका परिषद में जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने में चार से छः महीने लग जाते है कभी कभी तो पूरी फाइल ही गुम हो जाती है जिससे मजबूर होकर जरूरत मंद को सुविधा शुल्क देकर अपना काम कराना पड़ता है इसी तरह असिसमेंट में ग्राम समाज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर मनमाना धन वसूला जा रहा है धन न मिलने पर तहसील से आख्या न आने के नाम पर फाइल पेंडिंग में चली जाती है जिसके चलते आठ नौ महीने की फाइलें पेंडिंग हैं। सभी बिंदुओं पर गौर कर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कुछ साक्ष्यों की मांग की जिन्हें डेलिगेशन द्वारा जल्द उपलब्ध करा देने को कहा गया है साथ ही यह भी कहा गया कि अगर इन सभी बिंदुओं पर जल्द ही कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती तो आगे पार्टी एक बृहद आंदोलन के लिए बाध्य होगी। डेलिगेशन में जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डा के साथ श्रवण गौड़, शेख एजाज अहमद, आशीष गौड़, मणि प्रकाश दुबे, प्रेम शंकर त्रिवेदी, देवी प्रकाश दुबे, राजू लोधी, पं. राम नरेश महराज, जेपी पासवान भी मौजूद रहे।

## पीड़ित ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

### मुतवल्ली पर वक्फकी आय के दुरुपयोग का लगाया आरोप



**फतेहपुर।** वक्फकी ज़मीन पर मुतवल्ली पर नया निर्माण कराकर सौपने का झूठा आश्वासन देकर मकान खाली कराने का पीढ़ियों से राह रहे परिवार ने आरोप लगाते हुए एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई है। शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र के कजियाना मोहल्ले में रहने वाले मो शरीफने अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह अपने परिवार के साथ पूर्वजों के समय से लगभग 70 वर्षों से वक्फनम्बर 16 में बने हुए मकान में रह रहे थे। व प्रबंधन कमेटी को किराया अदा कर रहे थे। 23 जुलाई 2024 को अनवर अहमद पुत्र अब्दुल वहीद के द्वारा खुद को मस्जिद का मुतवल्ली बताकर मकान खाली करने के लिए गाली गलौच की गयी बाद में समझौते के बाद साढ़े सात बाई नो फिट की तीन दुकानों को देने की बात कही गयी थी बदले में उससे दस लाख रुपये भी लिए गये जिसे बाद में दुकानों के किराए में काटने की भी बात शामिल थी। बताया कि जबरन दबंगई के बल पर उनसे मकान खाली कराया गया। जिससे परिवार के सामने रहने की समस्या है। निर्माण के बाद खुद को मुतवल्ली बताने वाले अनवार द्वारा पीड़ित परिवार को रहने के लिए जगह व दुकानें नही दी गयी। वही उसका दस लाख रुपया भी हड़प लिया गया। पीड़ित ने जिलाधिकारी से दोषियों पर करवाई किये जाने व न्याय की गुहार लगाई है।

# फतेहपुर के राजा भैया ने एशियन गेम्स में जीता गोल्ड, बढ़ाया देश का मान

- ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन संस्था परिवार ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**




खागा कस्बे के होनहार खिलाड़ी राजा भैया ने एशियन गेम्स की पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सूचना मिलते ही पूरे जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई। राजा भैया के निजी आवास पर समर्थकों, खेल प्रेमियों एवं शुभचिंतकों ने पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया तथा उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन संस्था परिवार के पदाधिकारियों ने उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संक्षिप्त साक्षात्कार के दौरान राजा भैया ने अपनी सफलता के पीछे वर्षों के कठिन संघर्ष, अनुशासन और निरंतर अभ्यास को बताया। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं अपने कोच धर्मेंद्र को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और समर्थन के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि वे पूरी लगन, मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें तो कोई भी मंजिल दूर नहीं है। इस सम्मान समारोह में ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन के महानिदेशक एबी बाबू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी.के., जिलाध्यक्ष अमित मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष राहिल एवं डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राजा भैया की यह उपलब्धि न केवल फतेहपुर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश और देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। उनकी सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता का परचम लहराया जा सकता है।

## रोडवेज बस में महिला के सूटकेस से लाखों के जेवर-नकदी पार

- लाखों के जेवरात समेत 30 हजार नकद गायब, कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**फतेहपुर।** रोडवेज बस में सफर कर रही महिला के सूटकेस से लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता मौसी की लड़की की शादी में शामिल होने लखनऊ जा रही थी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**7 मई को रोडवेज बस स्टाफपर हुई वारदात:** मलवां थाना क्षेत्र के मन्झुपुर निवासी रिचा देवी पाण्डेय पत्नी सरवन कुमार पाण्डेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 मई 2026 को सुबह करीब 11.15 बजे वह बहन कामिनी देवी और दो बेटों के साथ फतेहपुर रोडवेज बस स्टाफ से लखनऊ जाने के लिए बस में बैठ गई। एक अज्ञात व्यक्ति भी उसी बस में उनके आगे वाली सीट पर आकर बैठ गया, जहां सूटकेस रखे थे। लखनऊ में मौसी के घर पहुंचने पर जब सूटकेस खोला तो उसमें रखे जेवरात और नकदी गायब मिले।

**12 तोला सोने के जेवर और 30 हजार नकद चोरी:** सूटकेस से 1 रानी हार वजन 5 तोला, 1 हार वजन 3 तोला, कान की रिंग 2 सेट वजन लगभग 1 तोला, 7 हाथ की अंगूठी वजन लगभग 1.5 तोला, 1 बड़ा मंगलसूत्र वजन 01 तोला और नकद 30,000 रुपये गायब थे। सूटकेस पूरी तरह लॉक था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तहसील परिसर में प्यासे फरियादी, वाटर कूलर बने शोपीस

**जालौन (उरई)।** भीषण गर्मी के दौर में जालौन तहसील परिसर की पेयजल व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी नजर आ रही है। परिसर में लगे वाटर कूलर या तो खराब पड़े हैं या फिर ठंडे पानी की जगह गर्म पानी दे रहे हैं, जिससे तहसील आने वाले फरियादियों, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को तहसील पहुंचे रमेश चन्द्र कुशवाहा, मुल्लू और राजेश मंगल ने बताया कि वह अपनी समस्याओं के समाधान के लिए तहसील आए थे। प्यास लगने पर जब वे परिसर में लगे वाटर कूलर के पास पहुंचे तो वह खराब मिला। लोगों ने बताया कि संबंधित वाटर कूलर कई दिनों से बंद पड़ा है, लेकिन उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। फरियादियों का कहना है कि भीषण गर्मी में गला तर करने के लिए लोग ठंडे पानी की उम्मीद में इधर-उधर भटकते हैं, लेकिन निराश होकर उन्हें बाजार से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है। उनका कहना है कि तहसील जैसे महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय में पेयजल की समुचित व्यवस्था न होना चिंताजनक है। जानकारी के अनुसार तहसीलदार कार्यालय के समीप लगा वाटर कूलर ठंडे पानी के बजाय गर्म पानी दे रहा है, जबकि उप जिलाधिकारी कार्यालय के पास स्थापित वाटर कूलर लंबे समय से बंद पड़ा है। इससे प्रतिदिन तहसील आने वाले सैकड़ों लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नागरिकों का कहना है कि जिस स्थान पर आम जनता अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आती है, वहां पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खराब पड़े वाटर कूलरों की तत्काल मरम्मत कराकर उन्हें सुचारु रूप से संचालित कराया जाए, ताकि भीषण गर्मी में तहसील आने वाले लोगों को राहत मिल सके।

# पत्नी और बेटियों के हत्यारे पर दोषसिद्ध होने पर फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

- हत्यारे पति ने वर्ष 2023 में सिलबट्टे से कूंचकर उतारा था मौत के घाट, कोर्ट ने रुपया 50 हजार का जुर्माना भी लगाया

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



साल 2023 में दो नाबालिग बेटियों सहित पत्नी की सिलबट्टे से कूचकर निर्मम हत्या करने के मामले में दोषसिद्ध होने पर फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट ने हत्यारे पति को मृत्युदंड सहित 50 हजार रूपये के जुर्माने की सजा का ऐलान किया है। फिलहाल पुलिस ने हत्या का दोषसिद्ध होने और सजा का ऐलान होने के बाद सजायाफ्ता को जेल भेज दिया है। मामला शहर कोतवाली कस्बा क्षेत्र के समद नगर इलाके का है। जहाँ के रहने वाले देवेंद्र विश्वकर्मा ने बीती 17 जुलाई 2023 को घरेलू विवाद के चलते अपनी ही पत्नी राम कुमारी एवं 6 वर्षीय पुत्री सोनाक्षी सहित 9 वर्षीय पुत्री आयुषी की सिलबट्टे से कूच-कूचकर निर्मम हत्या कर दी थी और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई कर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां अभियोजन की प्रभावी पैरवी और सबूतों के आधार पर अपर सत्र न्यायालय एफटीसी द्वितीय की विद्वान न्यायाधीश अपर्णा त्रिपाठी ने पत्नी और बेटियों की हत्या का दोषसिद्ध होने पर देवेंद्र विश्वकर्मा को फांसी की सजा सहित रुपया 50 हजार का अर्थदंड का ऐलान किया है। फिलहाल पुलिस ने अपनी ही नाबालिग बेटियों और पत्नी की हत्या के मामले में दोषी साबित किए गए आरोपी को जेल भेज दिया है। मामले को लेकर शासकीय अधिबक्ता दिनेश सिंह ने बताया कि पत्रावली में सम्पूर्ण साक्ष्य का अवलोकन करते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी कोर्ट जज अपर्णा त्रिपाठी ने आज अभियुक्त को फांसी सहित 50 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# सोशल मीडिया पर अवैध तमंचा लहराने वाले युवक को पुलिस ने भेजा जेल

- पुलिस बोली- शौक नहीं, अपराध है सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



एक युवक को जन्म दिन पार्टी के दौरान अवैध तमंचा लहराते हुए सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करना महंगा पड़ गया। थाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के नेतृत्व में, थानाध्यक्ष श्रीनगर जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम को सोशल मीडिया के माध्यम से एक प्रकरण संज्ञान में आया कि थाना श्रीनगर क्षेत्र के भैरोगंज मोहल्ले में एक युवक द्वारा जन्मदिन पार्टी के दौरान केक काटने के बाद खुलेआम अवैध तमंचा लहराते हुए फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड की गई थी। यह फोटो सम्राट आशीष सिंह कुशवाहा नामक फेसबुक प्रोफाइल से साझा की गई, जिसमें बाइक की सीट पर केक रखकर हाथ में अवैध तमंचा प्रदर्शित करते हुए कानून का उल्लंघन किया गया। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए थाना श्रीनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त आशीष कुशवाहा पुत्र नन्दराम, उम्र 22 वर्ष, निवासी मुहल्ला भैरवगंज, कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा को मय अवैध असलहा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना श्रीनगर पर मु.अ.सं.-89/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

**अपील**

जनपद पुलिस द्वारा आमजन से अपील करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का अवैध शस्त्र प्रदर्शन, स्टंट या कानून-विरुद्ध गतिविधियों का प्रचार-प्रसार न करें। इस प्रकार की हरकतें न केवल कानूनन अपराध हैं, बल्कि समाज में गलत संदेश भी देती हैं। ऐसे मामलों में पुलिस द्वारा सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# एसडीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया जनगणना कर्मियों का हौंसला

- नगर पंचायत कदौरा में समारोह आयोजित

**कदौरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**




नगर पंचायत कदौरा में आयोजित एक गरिमामय समारोह में जनगणना 2027 के अंतर्गत उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी कालपी अमित शेखर ने जनगणना कार्य में विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर शिक्षक राकेश कुमार एवं शिवकुमार को जनगणना कार्य के दौरान उनकी कर्तव्यनिष्ठा, समयबद्धता, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षकों ने जनगणना के दौरान क्षेत्र में घर-घर जाकर आंकड़ों के संकलन, सत्यापन तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके समर्पण एवं परिश्रम के कारण जनगणना कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सका। समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम कालपी ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सफल बनाने में शिक्षकों और अन्य जनगणना कर्मियों का योगदान अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जनगणना कर्मियों द्वारा जुटाए गए सटीक आंकड़े शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायक होते हैं। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि राकेश कुमार एवं शिवकुमार ने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। उनका कार्य अन्य कर्मचारियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत है। ऐसे कर्मठ एवं समर्पित व्यक्तियों को सम्मानित करने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है तथा उत्कृष्ट कार्य करने की भावना को प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नगर पंचायत प्रतिनिधि रविकान्त शिवहरे, सभासद गम्भीर गौतम, राजेश कुमार, रेनू वर्मा, लालाराम अहिरवार, शिक्षक सत्यपाल, परमानंद, अरुण व्यास, सुमन कुमार, अरविंद तथा नगर पंचायत के लिपिक जीतेन्द्र पटैरिया, आशीष तिवारी,भारत सिंह, दीपक कुमार गुप्ता, पीयूष कुमार, अंकुर गुप्ता, भोला सिंह एवं स्थानीय नागरिकों ने सम्मानित शिक्षकों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात दोनों शिक्षकों ने प्रशासन एवं विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में योगदान देना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने भविष्य में भी इसी लगन एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प व्यक्त किया।

## नकलविहीन, शांतिपूर्ण ढंग से टीजीटी परीक्षा कराने में प्रशासन रहा सतर्क

- डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दोनों पालियों में रही कड़ी निगरानी



**उरई (जालौन)।** बुधवार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) लिखित परीक्षा जनपद में नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरे समय सतर्क एवं सक्रिय रहा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच, सीसीटीवी निगरानी, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था तथा आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जनपद में टीजीटी परीक्षा के लिए कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रथम पाली में कुल 2,788 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 1,269 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 1,519 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में कुल 2,127 अभ्यर्थियों में से 1,033 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 1,094 अनुपस्थित रहे। परीक्षा दोनों पालियों में पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा केंद्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखा गया।

# शौर्य प्रताप सिंह ने जेईई एडवांस परीक्षा में 3804वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल कर माता-पिता व जिले का नाम किया रोशन

### पूर्व ब्लाक प्रमुख त्रिवेदीगंज सुनील सिंह के सुपुत्र हैं शौर्य प्रताप सिंह



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत ककरी निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह के पुत्र शौर्य प्रताप सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन व परिश्रम के बल पर जेईई एडवांस में 3804 वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। बताते चलें कि ककरी गांव निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह के पुत्र शौर्य प्रताप सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत एवं लगन के बल पर सफलता का परचम लहराते हुए, जेईई एडवांस परीक्षा में 3804 वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल अपने माता-पिता व घरवालों के साथ क्षेत्र व जिलें का नाम रोशन किया है। शौर्य प्रताप सिंह की इस उपलब्धि पर उनके घर में जहाँ खुशी का माहौल है सभी लोग उनकी इस बड़ी उपलब्धि पर अपने आप को गोरवान्वित महसूस कर रहें है तो वहीं घर पर पहुंचकर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर उन्हें बधाई दी है।

शौर्य प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत व लगन एवं अटूट संकल्प के दम पर यह सफलता हासिल की। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता व चाचा चाची के साथ गुरुजनों को दिया है उन्होंने कहा कि यदि इरादा दृढ़ संकल्प हो तो बड़ा से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। शौर्य प्रताप सिंह ने आगे बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। वे प्रतिदिन 10 से 12 घंटे पढ़ाई करते थे, और परीक्षा नजदीक आने पर यह समय 14 घंटे तक बढ़ जाता था। उन्होंने कठिन विषयों को समझने के लिए लगातार अभ्यास किया और शिक्षकों से मार्गदर्शन लिया। उनका मानना है कि नियमितता और अनुशासन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। शौर्य का लक्ष्य भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर देश के अग्रणी अभियंताओं में शामिल होना है। शौर्य प्रताप सिंह की इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ हैं।

## युवक ने अनजाने में पिया कीटनाशक हालत गंभीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के घरकोइया गांव निवासी 35 वर्षीय युवक अनजाने में कीटनाशक दवा खा गया हालत भी करने पर जनों द्वारा एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी लाया गया जहां पर उपचार चल रहा है। मुकेश पुत्र रामचंद्र 35 वर्ष शाम 4:00 बजे कमरे में रखी दवा खाने गए इसी दौरान अनजाने में दवा के बगल में रखी कीटनाशक की गोली का सेवन कर लिया कुछ देर में तबियत बिगड़ने पर पता चला कि दवा के चक्कर में गलती से कीटनाशक का सेवन कर लिया है। परिजनों ने उन्हें एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी पहुँचाया, जहां उपचार चल रहा है।

## अध्यक्ष योगेश द्विवेदी के नेतृत्व में चलाया गया व्यापक सदस्यता अभियान



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत हैदरगढ़ में बुधवार को उद्योग व्यापार संगठन की ओर से एक व्यापक सदस्यता अभियान चलाया गया इस अभियान का नेतृत्व संगठन के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी ने किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन का विस्तार करना और अधिक से अधिक व्यापारियों को इससे जोड़ना रहा अभियान के दौरान संगठन के पदाधिकारी ने नगर के विभिन्न व्यापारियों से मुलाकात कर जनसंपर्क किया और व्यापारियों को संगठन से जुड़ने का आग्रह कर उनके सम्मान व सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष शादाब अहमद मीडिया प्रभारी विष्णु शुक्ला संगठन मंत्री शक्ति शुक्ला बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कटहल के पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के नरौली गांव में तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक कटहल के पेड़ से जा टकराई, जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार नरौली गांव निवासी मायाराम (25) पुत्र बाबूलाल अहमदाबाद में रहकर मजदूरी करता था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह करीब 15 दिन पहले अपने घर आया था और जल्द ही वापस अहमदाबाद लौटने वाला था। बताया जाता है कि मायाराम गांव में सड़क किनारे स्थित रमन की पान की दुकान पर बैठा था। उसी समय गांव का सोनू भी वहां मौजूद था। इसी दौरान मायाराम ने सोनू की मोटरसाइकिल की चाबी लेकर बाइक चलानी शुरू कर दी। कुछ ही दूरी पर बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कटहल के पेड़ से जा टकराई। हादसे में मायाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैदरगढ़ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की असमय मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दहेज में बुलेट, सोने की चेन और 5 लाख नकद न मिलने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप, पति समेत 5 पर मुकदमा

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने, मारपीट करने तथा तीन तलाक देने के आरोप में रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मसौली थाना क्षेत्र के बांसा गांव निवासी तहसीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब चार माह पहले उसका निकाह रामसनेहीघाट क्षेत्र के मोहम्मदपुर उपाध्याय मजरा महलेरा निवासी सुल्तान रजा पुत्र इख्तियाज अली उर्फ गोली के साथ हुआ था। विवाह के समय उसके परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे।

# नागरिक सुरक्षा संगठन के स्वयं सेवकों को जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ

### आपदा में मानवता की सहायता के लिए तैयार हुए 134 स्वयं सेवक



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जनपद में नागरिक सुरक्षा विभाग के एक वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में नागरिक सुरक्षा के स्वयं सेवकों को कर्तव्यों की शपथ दिलाते हुए जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि आने वाला समय देश और दुनिया के लिए चुनौतीपूर्ण होने वाला है, प्राकृतिक आपदाओं के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय राजनैतिक घटनाओं से होने वाली आपदाए भी मानवीय संकट उत्पन्न कर सकती हैं, इस संकट में मानवता की सहायता के लिए सिविल डिफेन्स के स्वयं सेवकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। मैं नागरिक डिफेन्स के चयनित चीफ वार्डन, डिप्टी चीफ वार्डन, स्टॉफ ऑफिसर वार्डन सेवा और सेक्टर वार्डन पदों चयनित किये गए स्वयं सेवको को बधाई देता हूँ। जिलाधिकारी ने नागरिक डिफेन्स के सभी पदों पर चयनित स्वयं सेवकों को शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने महादेवा में लगे स्वयं सेवकों के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि महादेवा में भीड़ प्रबंधन में स्वयं सेवा करें और दर्शन का भी लाभ लें। उन्होंने ने कहा कि तहसील स्तर पर भी स्वयं सेवकों का नेटवर्क बनाना चाहिए, खासकर बाढ़ प्रभावित तहसीलों में अवश्य बना लिया जाए, जो सहायता एवं आभासी आपदा की सूचनाएँ, मौसम परिवर्तन की जानकारी त्वरित रूप से लोगों तक पहुंचाई जा सके। जिलाधिकारी ने स्वयं सेवकों को निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंम राष्ट्र गान से हुआ। जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदि अधिकारियों का उपनियंत्रक नागरिक डिफेन्स अनीता प्रताप ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीँ समाज में सेवा भावी कार्यकर्ताओं को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। शपथ लेने वालों में चीफ वार्डन नवीन सेठ, डिप्टी चीफ वार्डन भूपेंद्र सिंह सैकी, जतिन गुप्ता, स्टॉफ ऑफिसर वार्डन सेवा रत्नेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, शिवानी वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, सरिता सिंह सहित 135 सेक्टर वार्डन ने शपथ ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में सिविल डिफेन्स कार्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल, मुख्य अग्नि शमन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नागरिक डिफेन्स कार्यालय से नीरज कुमार, अंबरीश कुमार, प्रेमवती मौर्या, सहित पुलिस के व प्रशासनिक अधिकारी व बड़ी संख्या में नागरिक सुरक्षा के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### लेखपाल व कर राजस्व निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

**समृद्धि न्यूज, डलमऊ रायबरेली।** शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी रायबरेली द्वारा डलमऊ तहसील के 11 क्षेत्रीय लेखपाल और तीन राजस्व निरीक्षक का स्थानांतरण सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए जनपद के अन्य तहसीलों के लिए किया गया। डलमऊ तहसील में तैनात छेत्रीय लेखपाल मनोज कुमार पाल आदित्य पटेल सतीश कुमार को सलोन तहसील वही रुद्र प्रकाश पटेल कृष्ण कुमार साहू गौरव अवस्थी आशीष सैनी राकेश गुप्ताको लालगंज तहसील रामेंद्र पटेल प्रगति अवस्थी करुणेश मौर्य को सदर रायबरेली तहसील स्थानांतरित किया गया इसी क्रम में राजस्व निरीक्षक को लालगंज तहसील और राजेंद्र प्रजापति व महेश प्रसाद को महाराजगंज तहसील भेजा गया उप जिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जरी अलग अलग प्राप्त स्थानांतरण सूची के आधार पर 11 क्षेत्रीय लेखपाल और तीन राजस्व निरीक्षक का स्थानांतरण किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**समृद्धि न्यूज़, लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के बेहटा कला गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिससे उसे गंभीर चोटे आ गई । जानकारी के अनुसार चंद्रशेखर सिंह उम्र 60 वर्ष पुत्र रामेश्वर निवाशी बेमौरा जोकि दांत की दवा लेने लालगंज आए थे और दवा लेकर वापिस अपने घर जा रहे थे तभी यह दुर्घटना के शिकार हो गए। जैसे ही इसकी सूचना घर वालों को हुई तो घर में हड़कंप मच गया। वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस के जरिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस मामला की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### तहसील न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील बार एसोसिएशन द्वारा समय-समय पर आपके न्यायालय पर व्याप्त भ्रष्टाचार तथा तहसील स्थित न्यायालयों की समस्याओं के सम्बन्ध में कई बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराने के बावजूद किसी भी समस्या का संज्ञान आपके द्वारा नही लिया गया है, जिसके कारण वाद कारियों एवं अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। तहसील बार एसोसिएशन ने एसडीएम कार्यालय द्वारा 29 मई को प्रेषित पत्र के सन्दर्भ में पत्र प्रेषित करते हुए कही।कहा कि आपकी मनमानी के कारण ही 140 अधिवक्ताओ ने आपके न्यायालय के विरूद्ध कार्य बहिष्कार की घोषणा की है, जिससे तहसील बार एसोसिएशन की कोई भूमिका नही थी, फिर भी अधिवक्ता एवं वादकारियों के हित में तहसील बार एसोसिएशन आम अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार का मजबूती से समर्थन करती है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि अधिवक्ताजनों एवं वादकारियों के आक्रोश को देखते हुए आपके तानाशाही एवं भ्रष्टाचार में लिप्त आचारण के सन्दर्भ में 16 मई को जिलाधिकारी बाराबंकी को तहसील बार एसोसिएशन द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है, साथ ही यह भी अवगत कराना है कि आपके अविधिक आचरण के सन्दर्भ में क्षेत्रीय विधायक को भी पत्र लिखा गया है तथा उच्चाधिकारियों को पुनः तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार से अवगत कराया जा रहा है।

## आबादी के बीच शराब की दुकान हटाने का मोर्चा महिलाओं ने संभाला

**समृद्धि न्यूज़, रामनगर बाराबंकी।** घरेलू कलह, मारपीट और शराबियों के उत्पात से परेशान महिलाओं ने बुधवार को आबादी के बीच संचालित देशी शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों महिलाओं ने एकत्र होकर महादेवा-सूरतगंज मार्ग जाम कर धरना शुरू कर दिया। पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार तहसील रामनगर क्षेत्र के ग्राम अमराई में भुंड के पास देशी शराब की दुकान संचालित है। ग्रामीण महिलाओं का आरोप है कि दुकान के कारण गांव में आए दिन शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। शराब पीकर घर लौटने वाले पुरुष महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं।

## जमीन दिलाने का झांसा देकर रिटायर्ड शिक्षक से ठगो लाखों रुपये




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जमीन दिलाने का झांसा देकर एक रिटायर्ड शिक्षक से लाखों रुपए की ठगी का मामला प्रकाश मे आया है। नगर पालिका क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत कटरा लालगंज निवासी रिटायर्ड शिक्षक केपी सविता ने बताया कि जमीन दिलाने के नाम पर जनपद प्रतापगढ़ के रास्तीपुर रानीगंज निवासी जीतलाल शर्मा नामक व्यक्ति ने दो साल पहले तीन लाख रुपये ले लिया था। लेकिन अभी तक जमीन नहीं दिला सका। भुक्तभोगी शिक्षक ने अमेठी व प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने बताया कि दो साल पहले उक्त व्यक्ति ने गौरीगंज में जमीन दिलाने के नाम पर मुझसे तीन लाख रुपए लिए थे। जमीन न दिला पाने पर उसके द्वारा कुछ रुपये देकर शेष रुपयों के लिए बराबर अगले महीने वापस कर देने को कहा जा रहा है। दोनों लोगों में तय यह हुआ था कि संबंधित जमीन वह जमीन मालिक से लेकर शिक्षक को कुछ रुपये अधिक लेकर उसे रजिस्ट्री कर देगा। जमीन न मिलने पर कुछ समय बाद जब रुपये वापसी की बात होने लगी तो संबंधित व्यक्ति महीने दर महीने पैसे वापस कर देने की तारीखें देने लगा। शिक्षक ने लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# कांग्रेस कार्यालय पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने सुनीं जन समस्याएं



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपने चार दिवसीय रायबरेली और अमेठी के क्षेत्रीय दौरे के दूसरे दिन केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों की समस्याएं गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनीं। विभिन्न गांवों और कस्बों से पहुंचे लोगों ने सड़क निर्माण, सोलर लाइट, हाईमास्ट लाइट, इलाज हेतु आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, रोजगार, स्थानांतरण, स्कूलों में प्रवेश तथा अन्य जनहित के मुद्दों को सांसद के समक्ष रखा। जनता दर्शन में 46 प्रार्थना पत्र सोलर लाइट,18 सड़क निर्माण, 6 हाईमास्ट लाइट सहित चिकित्सा, शिक्षा और आर्थिक सहायता से जुड़े अनेक मामलों का तत्काल संज्ञान लेते हुए सांसद जी ने संबंधित अधिकारियों एवं विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई गई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि गांधी परिवार द्वारा अमेठी में स्थापित जनसेवा, जनसंपर्क और जनता के प्रति समर्पण की परंपरा को किशोरी लाल शर्मा पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। जनता दर्शन में उमड़ी भारी भीड़ इस बात का प्रमाण रही कि अमेठी की जनता अपने सांसद पर विश्वास व्यक्त कर रही है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, इसराक, प्रवक्ता अनिल सिंह, ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, गीता सिंह, मुन्ना त्रिसुंडी, राजीव सिंह, बैजनाथ तिवारी, रामबरन कश्यप सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत दो वांछित गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत बुधवार को मोहनगंज पुलिस द्वारा वांछित महिन्द्रा थार कार सवार 2 अभियुक्तों रिषभ सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी दाउद नगर थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली व अंकुर उर्फ वैभव श्रीवास्तव पुत्र राजेश निवासी मेढ़ौना थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से कार की डिग्गी से 2 बांस के डण्डे बरामद हुए हैं। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन दोनों ने उनके अन्य साथियों के साथ मिलकर बीते 31 मई को पुरानी रंजिश को लेकर श्याम बिहारी मौर्या पुत्र राम बहादुर निवासी समरहदा थाना चंदापुर जनपद रायबरेली के साथ मारपीट में इसी महिन्द्रा थार का प्रयोग किया था। बरामद डण्डे महिन्द्रा थार की डिग्गी में हमेशा रखे रहते हैं इन्हीं डण्डों से श्याम बिहारी उपरोक्त से मारपीट की गई थी। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में 'शक्ति रसोई कैंटीन' का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** महिला स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में उजाला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित 'शक्ति रसोई कैंटीन' का शुभारंभ जिलाधिकारी संजय चौहान ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी ने कैंटीन का निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने का प्रभावी माध्यम हैं। जिलाधिकारी ने कैंटीन परिसर में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कूड़ा निस्तारण के लिए पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखे जाएं। इसके अलावा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, शुद्धता एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। महिला समूहों द्वारा संचालित ऐसे उद्यम न केवल रोजगार के अवसर सृजित करते हैं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी को भी बढ़ावा देते हैं।

## दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत, तीन घायल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** गौरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रायबरेली-सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित माधवपुर गांव के पास दो कारों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना आपातकालीन सेवा को दी। जिसके बाद 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस कर्मियों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों की निगरानी में घायलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। सूचना मिलते ही गौरीगंज पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों कारों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। हादसे के कारण कुछ समय तक मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस की तत्परता से स्थिति जल्द सामान्य हो गई। गौरीगंज कोतवाल रवि सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर हादसे के पीछे तेज रफ्तार या वाहन नियंत्रण खोने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## डीएम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने ग्राम पंचायत कचनार, विकास खण्ड ऐलिया सीतापुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर आरोग्य परमं धनम् पहुंचकर निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र पर आयी हुयी महिला से वार्ता करते हुये उसके शिशु को लगाये गये टीकाकरण के बारे में जाना तथा महिला की टीकाकरण संबंधी पुस्तिका का भी अवलोकन करते हुये अपने सामने ही शिशु का टीकाकरण कराया। जिलाधिकारी ने एच0आर0पी0 एवं अन्य रजिस्टरों का अवलोकन करते हुये त्रुटियां मिलने पर नाराजगी व्यक्त की तथा आईस बाक्स का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से वार्ता करते हुये उनके द्वारा बनाये गये विभाागीय अभिलेखों का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने गर्भवती महिला ट्रैकिंग रजिस्टर का अवलोकन करते हुये कमियां मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिलाधिकारी ने सभी आरोग्य मंदिरों की मानीटरिंग सही ढंग से कराये जाने के निर्देश दिये। ड्यू लिस्ट एवं वितरित किये जाने वाले पुष्टाहार का भी अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने कमियां पाये जाने पर ए0एन0एम0 के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने के साथ ही अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरित न किये जाने के निर्देश दिये।

## जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

# सीएमओ डॉ. विकास चंद्रा ने संभाला कार्यभार

- स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जनहित प्राथमिकता
- पूर्व सीएमओ को दी गई भावभीनी विदाई
- मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद को नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी मिल गया है। नवनियुक्त सीएमओ डॉ. विकास चंद्रा ने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



वहीं, निवर्तमान सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में डॉ. विकास चंद्रा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाएगी, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

नवनियुक्त सीएमओ ने कहा कि जिले के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी।

साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

इस दौरान डॉ. के.पी. त्रिपाठी, डॉ. मंजुल, डॉ. जाटव, डॉ. रवि, डॉ. अजर सिद्दीकी, डॉ. बी.के. शुक्ला सहित स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह में सभी ने नए सीएमओ को शुभकामनाएं देते हुए, जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई।

### निर्धारित स्थल पर रोक लगाने का दावा

# गौ संरक्षण के मुद्दे पर लोगों से की मतदान की अपील

- गौरक्षा यात्रा के दौरान बोले, अब पाल चौराहा मैदान में ही करेंगे रात्रि विश्राम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गौरक्षा यात्रा पर निकले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बुधवार को कन्नौज पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कन्नौज प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके रुकने के लिए पूर्व निर्धारित स्थल पर प्रशासन ने पाबंदी लगा दी है।

मीडिया से बातचीत में शंकराचार्य ने कहा कि प्रशासनिक रोक के चलते अब वे पाल चौराहा स्थित मैदान में ही अपना डेरा डालेंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी गौरक्षा यात्रा का उद्देश्य गौमाता की रक्षा, संवर्धन और समाज में गौ संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरण करना है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गौमाता की रक्षा को प्राथमिकता देने वाले मुद्दों को ध्यान में रखकर मतदान करें। शंकराचार्य ने बताया कि उनकी यात्रा उत्तर प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचेगी और लोगों को गौ संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। राजनीतिक बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि



गौमाता करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र हैं और उन्हें केवल एक पशु के रूप में नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गाय को जन्म से लेकर उसकी स्वाभाविक मृत्यु तक माता के रूप में स्वीकार करता है, वही सनातन परंपरा के मूल भाव का पालन करता है। शंकराचार्य के इन आरोपों और बयानों के बाद जिले के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

## पत्नी से मारपीट व धमकी देने पर तीन पर मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** राशन लेने घर गई महिला के साथ ससुराल पक्ष ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर कुर्मी, कसावा निवासी निर्मला देवी पत्नी वेदप्रकाश ने बताया कि सोमवार को वह राशन लाने के लिए घर गई तो उनके पति वेदप्रकाश, देवर संदीप और सास गंगादेवी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उन्हें पुलिस में शिकायत करने पर घर में नहीं रहने देंगे। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर पति, देवर और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। पीड़िता की शादी को 7 वर्ष हो चुके हैं और घटना के बाद वह सुरक्षा की मांग कर रही हैं।

# पराविधिक स्वयंसेवकों के लिए 30 जून तक होंगे आवेदन आमंत्रित

- सिद्धदोष बंदियों के विधिक अधिकारों की रक्षा को लेकर डीएलएसए सक्रिय

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) कन्नौज द्वारा जिला कारागार में निरुद्ध सिद्धदोष बंदियों के विधिक अधिकारों की सुरक्षा और उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है। इसीक्रम में बुधवार को न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुजा सिंह ने क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज का निरीक्षण किया।

जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में हुए निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार में निरुद्ध सिद्धदोष बंदियों से



उनके मामलों की जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान ऐसे बंदियों को चिन्हित किया गया, जिनकी अपीलें सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल कराई जानी हैं। इस संबंध में कारागार अधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सचिव अनुजा सिंह ने कारागार की बैरकों एवं पाकशाला का भी निरीक्षण किया तथा साफ- सफाई की व्यवस्था को निरंतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कारागार में कार्यरत पराविधिक स्वयंसेवकों को निर्देशित किया कि वे विचाराधीन एवं सिद्धदोष बंदियों के अधिकारों की प्रभावी पैरवी के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करें, जिससे किसी भी बंदी के विधिक अधिकारों का हनन न हो। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पराविधिक स्वयंसेवक (पीएलवी) के रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून 2026 तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कन्नौज में अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राधिकरण ने अधिक से अधिक योग्य एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तियों से आवेदन करने की अपील की है। इस दौरान जेलर सूबेदार यादव सहित आदि लोग रहे।

# फौजी के किरदार में दिखे अभिनेता प्रशांत यादव

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



यहां के युवाओं में इन दिनों बॉलीवुड का रंग चढ़ा हुआ है। एफएक्स हॉलीबुड प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही आगामी बॉलीवुड फिल्म मिशन कनाडा की शूटिंग यहाँ के विभिन्न लोकेशंस पर जोर-शोर से चल रही है। फिल्म की शूटिंग देखने के लिए स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म मिशन कनाडा की कहानी देशभक्ति और हैरतअंगेज एक्शन से लबरेज है। फिल्म में मुख्य अभिनेता प्रशांत यादव एक जांबाज फौजी का किरदार निभा रहे हैं, जो देश की आन-बान और शान के लिए पूरी तरह समर्पित है। कहानी के अनुसार देश की सीमा पर तैनात जवान कुछ दिनों की छुट्टी लेकर अपने पैतृक गांव आता है, इसी दौरान कुछ खूंखार आतंकवादी उसकी हत्या की साजिश रचकर चुपके से गांव में दाखिल हो जाते हैं, इसके बाद शुरू होता है थ्रिलर और एक्शन का ऐसा दौर, जहाँ फौजी अकेले ही आतंकवादियों को कड़ी टक्कर देता है, इस महामुकाबले में कई आतंकी मारे जाते हैं, जबकि बचे हुए आतंकियों को पुलिस हिरासत में ले लेती है।

इस फिल्म का कुशल निर्देशन और निर्माण जाने-माने निर्माता निर्देशक विजय सक्सेना कर रहे हैं। फिल्म के दृश्यों को कैमरे में कैद करने की जिम्मेदारी अनुभवी कैमरामैन अमित भाई और पंकज भाई संभाल रहे हैं, जो छिबरामऊ के खूबसूरत ग्रामीण परिवेश को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप देने में जुटे हैं। निर्देशक विजय सक्सेना ने बताया कि फिल्म की कहानी दर्शकों को बांधे रखेगी और समाज में देशभक्ति का एक सकारात्मक संदेश देगी। फिल्म की टीम स्थानीय प्रशासन और क्षेत्रीय जनता से मिल रहे सहयोग की सराहना कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### राहगीरों में वितरित किया ठंडा शरबत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के फर्रुखाबाद चौराहे पर किसान कोल्ड स्टोरेज के एमडी मुरारी लाल अग्रवाल एवं प्रबंधक वीरेंद्र पाल के सौजन्य से राहगीरों में ठंडा शरबत वितरण किया गया। नौतपा समाप्त होने के बावजूद वातावरण में गर्मी के साथ उमस बढ़ी हुई है। फर्रुखाबाद चौराहे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में वहां पर शरबत वितरण की व्यवस्था की गई। इस कार्य में वीरेंद्र पाल, विनोद कुमार दुबे, संतराम वर्मा, सुनील कुमार, राजेश बाथम, सुधीर यादव, बलवीर सिंह, प्रवीण कुमार गुप्ता, फूल सिंह पाल, उमाकांत आदि ने सहयोग किया।

### राकेश सचान को कन्नौज का प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर भाजपा देवेंद्र देव ने दी बधाई



**गुरसहायगंज,कन्नौज।** नगर के भाजपा नेता व छेत्रीय महामंत्री देवेंद्र देव ने उत्तर प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री राकेश सचान को जनपद कन्नौज का प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर में खुशी का माहौल है। भाजपा नेता देवेंद्र देव व भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने राकेश सचान को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राकेश सचान के नेतृत्व और अनुभव का लाभ जनपद कन्नौज को मिलेगा तथा विकास कार्यों को नई गति प्राप्त होगी। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए जनपद के विकास की उम्मीद जताई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि संगठन और सरकार के समन्वय से जिले में जनहित से जुड़े कार्यों को और मजबूती मिलेगी।

### जॉर्ज फर्नांडिस की जयंती पर विजय मिश्रा ने किया नमन



**गुरसहायगंज,कन्नौज।** नगर के जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष ने भारत के पूर्व रक्षा मंत्री एवं पद्म विभूषण से सम्मानित वरिष्ठ नेता जॉर्ज फर्नांडिस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से जारी संदेश में कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस का देश की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा के प्रति योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। विजय मिश्रा ने कहा कि फर्नांडिस ने अपने राजनीतिक जीवन में आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाया और लोकतंत्र की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर उन्होंने जॉर्ज फर्नांडिस को कोटि–कोटि नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी व्यक्त किया।

### भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया स्वागत, फीता काटकर प्रतिष्ठा का किया उद्घाटन



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** व्यापारी की कार्य के प्रति निष्ठा एवं लगन ही उसके व्यापार की सफलता की कुंजी है 7 ग्राहकों के प्रति व्यापारी को ईमानदार एवं मृदु भाषी होना चाहिए। उक्त विचार भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने सतौरा स्थित एक प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत व्यक्त किया। बुधवार को उद्घाटन करने के उपरांत प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार एवं विभागों में बैठे बाबू किसान विरोधी कार्य कर रहे हैं। किसानों को भरपूर मात्रा में बिजली पानी एवं खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। केसीसी के नाम पर किसानों से धनउगाही की जा रही है। आलू किसान फसल के रेट कम होने के कारण सड़क पर आ गया है 7सरकारी मुंक दर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आलू का एमएसपी मूल्य घोषित करे । विभागों में फैले भ्रष्टाचार पर लगाम कसे, जिससे किसान भाइयों को राहत मिल सके। जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ढाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक चांद खान द्वारा शमीम सिद्दीकी एवं महेंद्र प्रताप सिंह को प्रत्येक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपेंद्र सिंह राजपूत, डॉक्टर साजिद हुसैन , असगर खान हफीज खान सरवन अवस्थी सुधीर सिंह मसरूर खान पवन माथुर , राहुल कुमार , निखिल प्रताप सिंह , धर्मेंद्र सिंह राजपूत उर्फ बबलू ढाकुर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों ने उठाई साप्ताहिक अवकाश की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ ने नगर पंचायत समधन में कार्यरत आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में महासंघ की ओर से नगर पंचायत प्रशासन को अवगत कराया गया। महासंघ के जिला अध्यक्ष राजा वाल्मीकि द्वारा दिए गए पत्र में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को पिछले दो सप्ताह से लगातार साप्ताहिक अवकाश दिया जा रहा है, जबकि नगर पंचायत समधन के आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को अभी तक साप्ताहिक अवकाश की सुविधा नहीं मिल रही है। समधन नगर पंचायत में कार्यरत आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को भी अन्य निकायों की तरह नियमित साप्ताहिक अवकाश उपलब्ध कराया जाए, जिससे उन्हें कार्य के साथ आवश्यक विश्राम का अवसर मिल सके। महासंघ ने नगर पंचायत प्रशासन से कर्मचारियों के हित में शीघ्र निर्णय लेते हुए साप्ताहिक अवकाश संबंधी आदेश जारी करने की अपील की है। संगठन का कहना है कि सफाई कर्मचारी नगर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# राजकमल द्विवेदी बने सनातन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष

**तालग्राम,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सनातन समाज पार्टी ने संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए युवा समाजसेवी राजकमल द्विवेदी को जनपद कन्नौज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार उन्हें संगठन की नीतियों, उद्देश्यों और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि राजकमल द्विवेदी के नेतृत्व में संगठन जनपद में और अधिक सशक्त होगा तथा धर्म, संस्कृति और समाज हित से जुड़े कार्यों को नई गति मिलेगी।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकमल द्विवेदी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, युवाओं को जोड़ने तथा सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। वहीं क्षेत्र के सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# स्कूटी-बाइक की हुई भिड़ंत, टला बड़ा हादसा

- स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से की क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने व नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर सख्ती करने की मांग

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के राम किशन नगर सर्विस रोड़ स्थित शिव चिल्ड्रेन गार्डन स्कूल के पास मंगलवार शाम स्कूटी और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद तेज रफ्तार स्कूटी स्कूल के बाहर लगे लोहे के बोर्ड में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास बैठे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्कूटी में फंसे बच्चों को बाहर निकाला और स्थिति को संभाला।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी पर तीन नाबालिग बच्चे सवार थे, जो तेज रफ्तार में वाहन चला रहे थे। हादसे के दौरान बच्चों को हल्की चोटें आईं, हालांकि बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम के समय इस क्षेत्र में नाबालिग लड़के तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी चलाते हुए निकलते हैं, जिससे अक्सर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि रात करीब 8 बजे के बाद क्षेत्र का माहौल पूरी तरह बदल जाता है और स्कूल के आसपास खुले में शराब सेवन जैसी गतिविधियां भी शुरू हो जाती हैं। गौरतलब है कि शिव चिल्ड्रेन गार्डन के आसपास का क्षेत्र खुला और शांत वातावरण होने के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के टहलने का प्रमुख स्थान माना जाता है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहन और असामाजिक गतिविधियों से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर सख्ती करने की मांग की है।

# भाकियू "भानु" ने किया संगठन का विस्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने संगठन विस्तार एवं किसान हितों को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री अम्न यादव ने कहा संगठन का उद्देश्य है कि कोई भी किसान अपनी समस्या को लेकर स्वयं को अकेला महसूस न करे और उसे समय पर उचित सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि संगठन के प्रति समर्पण एवं सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए आनंद कुमार निवासी ककरैया को तहसील सचिव, युवा मोर्चा तथा उत्तम गुप्ता निवासी काशीराम कॉलोनी, को तहसील उपाध्यक्ष, छात्र मोर्चा नियुक्त किया गया। इस अवसर पर



दोनों पदाधिकारियों को संगठन के संविधान, उद्देश्यों एवं किसान हित में किए जाने वाले कार्यों के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें निर्देशित किया गया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनें तथा समय-समय पर किसानों के बीच पहुंचकर उनकी हर संभव सहायता करें। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों का पालन करते हुए किसान, मजदूर एवं युवाओं के हितों की रक्षा के लिए पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर अमित कुमार राजपूत कानपुर मंडल अध्यक्ष, देवू गुप्ता नगर महा मंत्री किसान क्रांति दल उपस्थित रहे।

### आस्था और सामाजिक एकता की पहचान बनी प्रभात फेरी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्राचीन मंशेश्वरनाथ मंदिर परिसर से प्रतिदिन सुबह पांच बजे निकलने वाली प्रभात फेरी नगर की आस्था और सामाजिक एकता की पहचान बन चुकी है। श्रीगोविंद सत साहित्य प्रचार समिति एवं प्रभातफेरी मंडल के तत्वावधान में रामधुन और भजनों के साथ निकलने वाली यह प्रभात फेरी पिछले लगभग 15 वर्षों से निरंतर जारी है। प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मोहल्लों और गलियों का भ्रमण करती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर जयकारों के साथ विराम लेती है। प्रभात फेरी में हर आयु वर्ग के लोग शामिल होते हैं। 10 वर्ष के बच्चों से लेकर 85 वर्ष तक के बुजुर्ग इसकी शान बने हुए हैं। प्रभातफेरी मंडल की अध्यक्ष मधु शुक्ला, शिवानी भदौरिया और शुभी मिश्रा द्वारा प्रस्तुत भजन श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर देते हैं। प्रभातफेरी जिस भी मोहल्ले से गुजरती है, वहां के लोग स्वागत के लिए पहले से तैयार दिखाई देते हैं। ध्वजवाहक विनय त्रिपाठी की आरती उतारकर माल्यार्पण करते हैं। नगर के लोगों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण भी किया जाता है। विशेष रूप से प्रत्येक सोमवार को मैंगो शेक और मंगलवार को चाय की व्यवस्था की जाती है। धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सामूहिक सहभागिता का यह अनूठा आयोजन नगर में लोगों के बीच प्रेम, भक्ति और भाईचारे का संदेश दे रहा है।

# विश्व साइकिल दिवस पर दिया स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष ने विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। समाजवादी शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव इस मौके पर कहा गया कि साइकिल न केवल शरीर को स्वस्थ और सक्रिय रखने का बेहतर माध्यम है, बल्कि यह प्रदूषण कम करने और स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आगे कहा कि आज के समय में बढ़ते



प्रदूषण और बदलती जीवनशैली के बीच साइकिल का उपयोग बेहद जरूरी हो गया है। नियमित साइकिल चलाने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है, ऊर्जा की बचत होती है और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर लोगों से अपील की गई कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग कर स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाने में अपना योगदान दें। साथ ही विश्व साइकिल दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

# कन्नौज की कानून व्यवस्था पर एडीजी ने जताया संतोष

- लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश
- प्रथम दौरे पर पहुंचीं कानपुर जोन की एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर जोन की एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने अपने प्रथम कन्नौज दौरे के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, सभी क्षेत्राधिकारी तथा थाना प्रभारियों ने भाग लिया। एडीजी ने जिले की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं, महिला सुरक्षा और विभिन्न पुलिस अभियानों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अपराधियों



के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने और आम जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने को कहा।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि कन्नौज राजनीतिक एवं व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण जिला है। उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस अपराध नियंत्रण और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर रही है। एडीजी ने कहा कि आमजन की सुरक्षा और बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा जनविश्वास को और मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# 2027 के विस चुनाव में प्रदेश की जनता करेगी पूर्ण बदलाव: रामआसरे विश्वकर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

2027 विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट जमीन पर शुरू हो गई है। 10 साल से सत्ता से बाहर समाजवादी पार्टी पूरी तरह से चुनावी कमर कर चुकी है।

जहां सपा मुखिया एक तरफप्रत्याशी चयन और जमीनी हकीकत खंगाल में जुटे हैं। वहीं दूसरी तरफ पार्टी नेताओं का जिलों में दौरा और सियासी बयानबाजी का सिलसिला शुरू हो चुका है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने आवास विकास स्थित एक होटल के सभागार में विश्वकर्मा समाज एवं समाजवादी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों के

**▸ भाजपा सरकार में जातिवाद और भ्रष्टाचार अपने चरम पर**

साथ बैठक कर जनपद की सियासी जमीन की हकीकत को जानने की कोशिश की। कार्यक्रम का आयोजक जिला सचिव शिवशंकर शर्मा एवं संचालन ओमप्रकाश शर्मा ने किया। पूर्व मंत्री वर्तमान सरकार पर काफी हमलावर दिखे। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जातिवाद और भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुंच चुका है। पूरे देश ने देखा है कि किस तरह से गाजीपुर में विश्वकर्मा समाज की एक बेटी के साथ अन्याय हुआ और सत्ता संरक्षण में पल रहे गुण्डों ने उस बेटी से मिलने जा रहे प्रतिनिधि मण्डल पर हमला किया था। आज लोकतंत्र की गरिमा



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते रामआसरे विश्वकर्मा

तार-तार हो चुकी है, सत्ता पक्ष अपने गुण्डों की गुंडई के बल पर न्याय मांग रहे लोगों का मुंह बंद कर देना चाहती है। आज किसान, व्यापारी, छात्र, नौजवान, महिलाएं सब इस सरकार की दिशाहीन और भ्रष्ट नीतियों से परेशान हैं, महंगाई आसमान छू रही है, हर मोर्चे पर ये सरकार विफल साबित हुई है। 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता पूर्ण रूप से बदलाव का मन बना चुकी।

जनता ऐसे धोखेबाज और जुमलेबाज लोगों को सत्ता से बाहर करेगी और प्रचंड बहुमत के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश में पीडीए सरकार बनेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, अंबेडकर, मंदीप यादव, नदीम फारुकी, इलियास मंसूरी, डॉ0 जेपी वर्मा, नरेंद्र सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव, युनिस अंसारी, बीना शर्मा, पवन कठेरिया, विशाल राठौर, प्रशांत राठौर, रजत क्रांतिकारी, चंद्रेश राजपूत, अर्चित शर्मा, शिवम पटेल, मुकेश शर्मा, राधेश्याम सविता आदि मौजूद रहे।

# फूड फैक्ट्री में नौकरी कर रहा युवक का पैर फिसला, नीचे गिरकर मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

फूड फैक्ट्री में नौकरी कर रहा युवक पैर फिसलने से तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य कर्मचारी साथियों की मदद से उसे अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। स्वजन घटना स्थल के लिए रवाना हो गए।

जानकारी के अनुसार गांव बिल्हा निवासी चक्रपाल सिंह का 22 वर्षीय पुत्र अभिजीत चौहान उर्फ अभी हरियाणा के पानीपत स्थित एक प्राइवेट फूड फैक्ट्री में नौकरी करता था। बुधवार सुबह करीब आठ बजे अभिजीत कंपनी की तीसरी मंजिल पर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे आ गिरा। हादसे के बाद कंपनी में अफरा- तफरी मच गई। घायल अवस्था में उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्वजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। अभिजीत की शादी आगामी 6 जुलाई को होनी थी और घर में विवाह की तैयारियां चल रही थीं। घर में उसकी शादी की तैयारियां



मृतक का फाइल फोटो

**▸ 6 जुलाई को होनी थी शादी, खुशिया बदली मातम में**

जोरों पर थीं। परिजन और रिश्तेदार विवाह की तैयारियों में जुटे थे तथा घर में खुशियों का माहौल था। किसी ने भी नहीं सोचा था कि शादी से ठीक एक माह पहले ऐसा दुखद समाचार मिलेगा। स्वजनों ने बताया कि अभिजीत अपने छोटे भाई रवि चौहान से बड़ा था। परिवार में एक बहन वैष्णवी भी है। परिवार के लोग उसके विवाह को लेकर काफी उत्साहित थे और तैयारियों में लगे हुए थे, लेकिन अचानक हुए इस हादसे ने सारी खुशियां छीन लीं। शादी की तैयारियां मातम में बदल गई।

# बीडीओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश



बैठक लेते बीडीओ व मौजूद सचिव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कार्यालय परिसर में बीडीओ की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सचिवों की साप्ताहिक बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

विकासखंड कार्यालय पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत के सचिवों की साप्ताहिक ली। बैठक में अलग-अलग समीक्षा की गई। बीडीओ अमरेश चौहान ने बताया कि सर्वप्रथम ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी तथा स्वच्छता पर जोर दिया जाए। जिससे किसी भी अन्नदाता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में कोई दिक्कत ना हो। वहीं पेंशन संबंधी समस्याओं को एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत में कोई भी लाभार्थी पेंशन से वंचित न रहे। आवास संबंधी समस्याओं के बारे में भी सभी ग्राम पंचायत के सचिवों से जानकारियां प्राप्त की।

बीडीओ ने बताया कि सारे काम सरकार की योजना को जिला अधिकारी के निर्देशन में किये जाए तथा तथा समस्त सरकारी योजनाओं के बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेश सिंह, एडीओ समाज कल्याण अंकुज कटियार, ग्राम पंचायत सचिव बृजेश कुमार, अनुपम बाजपेई, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार, मोतीलाल, बृजेश कुमार, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, आकांक्षा सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## ससुराली व मायके पक्ष में विवाद पुलिस ने लिया हिरासत में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते रात बहन की ससुराल में हुए विवाद की सूचना पर मायके पक्ष के लोग पहुंच गये। पंचायत के दौरान विवाद होने पर पुलिस ने पहुंचकर हिरासत में ले लिया। कस्बा नवाबगंज स्थित निवासी नागपाल राजपूत का विवाद घरेलू बातों को लेकर अपनी पत्नी शोभा से चल रहा था, जो विवाद बढ़ने पर शोभा के द्वारा मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी गई। सूत्रों के बताए मुताबिक शोभा के मायके पक्ष के लोग उनके घर पर आए, तभी ससुरालीजनों में विवाद बढ़ गया। जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया। बताया कि मौके से एक स्कूटी व तमंचा कारतूस भी नागपाल के भाई सर्वेश राजपूत से बरामद हुआ है। जब इसकी जानकारी थाना प्रभारी से की गई तो थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी का चालान धारा 3/25 में किया गया है।

# मायके में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**▸ पति पर शराब पीकर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना जहानगंज के गांव मुबारिकपुर स्थित अपने मायके में रह रही विवाहिता का शव बुधवार सुबह घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी के फंदे से लटका मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

वहीं मायके वालों ने पति पर शराब पीकर मारपीट करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर



मृतका का फाइल फोटो





पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन

निवासी बेचेलाल की 30 वर्षीय पुत्री शिल्पी की शादी मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव नगला शीशम निवासी विजय के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि विजय शराब पीने का आदी है। इसका विरोध करने पर वह आए दिन शिल्पी के साथ मारपीट करता था। परिजनों ने बताया कि दामाद के उत्पीड़ से त्रस्त आकर बेंचेलाल अपनी पुत्री को चार पूर्व ही घर पर बुला लाये थे। मंगलवार रात को परिजन खाना खाने के बाद घर की दूसरी मंजिल पर सो गए थे। सुबह परिजन दूसरी मंजिल से नीचे उतरकर आए, तो नीचे कमरे में शिल्पी का शव छत में लगे कुंडे में दुपट्टे से फांसी के फंदे से लटका मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मिलने पर शिल्पी के ससुराल वाले मौके पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष पूनम अवस्थी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोबाइल छीनने के मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा छीने गये मोबाइल व तमंचा कारातूस बरामद हुए। वादी पवन कुमार पुत्र उदयभान सिंह निवासी बाईपास रोड कुईया रोड थाना मऊदरवाजा द्वारा दी गई तहरीर में दर्शाया कि देवरामपुर क्रासिंग थाना कादरीगेट के पास अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों ने उसका फोन छीन लिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 304(2) बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी थी। मुखबिर की सूचना पर वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस व सर्विलांस टीम ने 03 बाल आपचारियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 01 मोबाइल एप्पल आईफोन, 15 व एक मोबाइल रियलमी तथा 01 देशी तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। बरामदगी के सम्बन्ध में पूछताछ पर बाल अपचारियों द्वारा रियलमी मोबाइल 20 मई को नेकपुर पुल कोतवाली फतेहगढ़ से एक चलते हुए राहगीर से छीनने के सम्बन्ध में बताया। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2)/3(5) बीएनएस व 9/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान जारी



जांच करते आबकारी अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देशानुसार जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करनाए राजस्व हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त मदिरा उपलब्ध कराना है। जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण एवं सघन जांच अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान देशी मदिरा दुकान बढ़पुर, देशी मदिरा दुकान तलैयालैन, कम्पोजिट शॉप बढ़पुर तथा कम्पोजिट शॉप फतेहगढ़ चौराहा का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा के स्टॉक रजिस्टर, बिक्री अभिलेख, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, पीओएस मशीनों के माध्यम से की जा रही बिक्री तथा बारकोड स्कैनिंग प्रणाली का परीक्षण किया गया। साथ ही दुकानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं रिकॉर्डिंग व्यवस्था का भी सत्यापन किया गया। अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बिक्री गतिविधियां शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप संचालित हो रही हैं। जांच के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का भौतिक सत्यापन कर उसका मिलान स्टॉक रजिस्टर एवं ऑनलाइन अभिलेखों से किया गया। निरीक्षण में संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि वे समस्त अभिलेखों को अद्यतन रखें तथा बिक्री एवं भंडारण संबंधी सभी नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई कि किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण, बिना बारकोड की मदिरा अथवा अभिलेखों में विसंगति पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखी जाए तथा अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद को अवैध मदिरा मुक्त बनाने के लिए विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# डीएम ने नवयुग पालिका योजना के क्रियान्वयन के संबंध में ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नवयुग पालिका योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुपालन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग-9, लखनऊ द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के क्रम में योजना के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं अपेक्षित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप योजना के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित



बैठक लेती डीएम मौजूद अन्य

करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि नवयुग पालिका योजना का उद्देश्य नगरीय निकायों में ऑनलाइन नागरिक सेवाओं का विस्तार, डिजिटल गवर्नेन्स की आधारभूत संरचना का विकास, नगरों के कलात्मक एवं सौंदर्यपरक स्वरूप में सुधार तथा अभिनव तकनीकों एवं नवाचारों के माध्यम से नगरीय निकायों का सर्वांगीण विकास करना है। शासन स्तर से प्रदेश के 58 नगरीय निकायों का चयन इस योजना के प्रथम चरण में किया गया है, जिनमें नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद को भी शामिल किया गया है। यह चयन जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे नगर के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। बैठक में योजना के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अवगत कराया गया कि यह योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 से प्रारम्भ होकर आगामी पांच वर्षों तक संचालित की जाएगी। योजना के अंतर्गत चयनित 58 निकायों को उनकी जनसंख्या के आधार पर दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। श्रेणी-1 में 1.5 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिका परिषद तथा श्रेणी-2 में 1.5 लाख से कम जनसंख्या वाले नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत सम्मिलित हैं। योजना के अंतर्गत श्रेणी-1 के नगरीय निकायों को अधिकतम 12 करोड़ रुपये तथा श्रेणी-2 के निकायों को अधिकतम 8 करोड़ रुपये तक का वार्षिक बजट आवंटन किए जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त विशेष परिस्थितियों में निकाय की आवश्यकता, भौगोलिक स्थिति, राजस्व वृद्धि, नवाचार आधारित परियोजनाओं एवं राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं को ध्यान में रखते हुए बजट में आवश्यक परिवर्तन किए जाने का भी प्रावधान रखा गया है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि निर्धारित बजट के अतिरिक्त निकायों को उनकी कार्यकुशलता एवं प्रदर्शन के आधार पर प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। संपत्ति कर अभिलेखों के ई-प्रस्तुतीकरण, संपत्ति कर रजिस्टर में दर्ज संपत्तियों की संख्या में वृद्धि तथा कुल राजस्व वसूली में वृद्धि करने वाले निकायों को अतिरिक्त प्रोत्साहन बजट प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन नगरीय निकायों को यह प्रोत्साहन राशि प्रतिवर्ष दी जाएगी। बैठक में योजना के अंतर्गत संभावित परियोजनाओं, राजस्व संवर्धन उपायों तथा नवाचार आधारित विकास कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## कार की टक्कर से किशोर घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कार की टक्कर से किशोर गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए परिजनों ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। थान जहानगंज के गांव बाहिदपुर निवासी 13 वर्षीय रामजी पुत्र



लोहिया में भर्ती किशोर

जयप्रकाश सिंह सड़क पार करके दुकान पर जा रहा था, तभी तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल 13 वर्षीय रामजी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ0 ने बताया कि 13 वर्षीय रामजी का पैर फैक्चर हो गया और सिर में गंभीर चोट है। वहीं स्थानीय लोगों ने कार का पीछा किया, लेकिन कार चालक फरार हो गया।

## भाभी पर गड़ासे से हमला करने वाला देवर गया जेल



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भाभी पर गड़ासे से हमला करने वाला आरोपी देवर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार जेल भेज दिया। कमालगंज थाना क्षेत्र के गाँव मकू नगला निवासी दिवारीलाल पुत्र दयाराम की तहरीर पर पुलिस ने धारा 352, 351, (3),109(1) बीएनएस के तहत चरन सिह पुत्र जयवीर निवासी मोहल्ला प्रेम नगर थाना कायमगंज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार द्वारा की जा रही। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, कांस्टेबिल बबलू, कांस्टेबिल छोटेलाल की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त चरन सिंह पुत्र जयवीर को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त चरन सिंह ने बताया कि 1 जून को मैं अपने घर पर सो रहा था, मेरी भाभी कल्पना घर पर ही सिलाई का काम कर रही थी तथा सिलाई करते समय काफी शोर शराबा व सिलाई मशीन की खटपट की आवाज आ रही थी। मेरे द्वारा अपनी भाभी कल्पना को कई बार समझाया, लेकिन मेरी भाभी कल्पना नहीं मानी तो मेरी और कल्पना की गाली-गलौज भी हो रही थी। फिर जब मेरी भाभी कल्पना कमरे में दरवाजे के पास बैठकर कुछ सिलाई का काम कर रही थी, तभी मैंने गुस्से में आकर अपने घर मे रखे लोहे के गडासे से अपनी भाभी कल्पना को जान से मारने की नियत से कई बार बार करके घायल कर दिया था। कल्पना को काफी खून बहने लगा वह चिल्ला रही थी, तभी कल्पना को वही पड़ा छोड़कर अपने हाथ में उसी गड़ासे को लेकर घर से निकल आया। वही घर के सामने गली में मेरी चाची गुड्डी देवी पत्नी जगदीश भी खड़ी थी। वह मेरे हाथ में खून से सना गडसा देखकर डर गई थी।

# दलित किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने झाड़ा पल्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दलित किशोरी न्याय पाने के लिए थाने से लेकर पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगा रही है, लेकिन अभी तक उसकी पीड़ा किसी ने नहीं सुनी। इतना जरुर पीड़िता ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तुम्हारे मामले को दिखवाते है। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय दलित किशोरी बुधवार को अपने मामा के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश हुई और अपने साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए लिखित प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें दर्शाया गया कि उसका इंस्टाग्राम के जरिए शिवम राजपूत पुत्र रामसच्चे निवासी बलिया मोहम्मदाबाद से पहचान हो गयी। इसी दौरान वह मिलने जुलने लगा, तभी उसने चोरी छिपे अपने मोबाइल से वीडियो बना लिये और उसी के जरिए मुझे ब्लैकमेल करने लगा। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मुझे मोहम्मदाबाद एक होटल ले गया।

जहां उसने व उसके साथी कृष्णा यादव पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह यादव निवासी नगला विदहा मोहम्मदाबाद, होरी लाल यादव पुत्र हग्गू, अंशू यादव पुत्र नामालूम निवासी नगला दलजीत ने बारी-बारी जबरियन दुष्कर्म किया और फिर सबने अपने-अपने मोबाइल से वीडियो बनाया। विरोध करने पर बेरहमी से पिटाई की और इसी वीडियो

**▸ पीड़िता थाने और पुलिस अधिकारियों के लगा रही चक्कर**

**▸ वीडियो वारयल करने की धमकी देकर कई बार कई लोगों ने किया दुष्कर्म**

के जरिए कई बार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगभग 5 लाख रुपये व जेवरात ले चुका है और कई बार बलात्कार कर चुका है। इस दौरान वह कई बार धमकी देकर ले गया। 31 मई 2026 को बस स्टैण्ड पर बदहवाश हालत में छोड़ दिया और जाति सूचक गाली देकर कहा कि ज्यादा विरोध किया तो जान से मार देंगे। पीड़िता अपने मामा के साथ थाना जहानगंज गयी तो पुलिस शिवम राजपूत के घर गयी, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस के सामने उसकी बहनों ने मारपीट पीड़िता के साथ कर दी। पुलिस ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि हमने जो करना था, वह कर दिया। बुधवार को पीड़िता अपर पुलिस अधीक्षक से मिली और न्याय की गुहार लगायी। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुझे किसी ने व्हाट्सएप भेजा था, दिखवाते है। जबकि पीड़िता का कहना है कि अपर पुलिस अधीक्षक ने जब थाने में बात की तो कहा कि सीओ मोहम्मदाबाद को बता देते है। ऐसे गंभीर मामले में पुलिस डाक्टरी परीक्षण कराने की बजाय एक दूसरे की तरफ इशारा कर पीड़िता को टरकाने का काम कर रही है।

# एलिवेटेड ट्रैक निर्माण के दौरान फर्रुखाबाद चार साल नहीं आएगी कालिंदी एक्सप्रेस: एडीआरएम

**▸ एडीआरएम मनोज कुमार ने फर्रुखाबाद जंक्शन पर चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) मनोज कुमार ने कहा है कि कानपुर अनवरगंज मंधना खंड पर प्रस्तावित एलिवेटेड रेलवे ट्रैक निर्माण के दौरान कालिंदी एक्सप्रेस का संचालन फर्रुखाबाद तक नहीं होगा।

एडीआरएम मनोज कुमार ने बुधवार को फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन पर अन्य अधिकारियों के साथ चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मंधना जंक्शन और कानपुर अनवरगंज के मध्य एलिवेटेड रेलवे ट्रैक निर्माण परियोजना को पूरा होने में लगभग चार वर्ष का समय लग सकता है। इस दौरान 14117/14118 कालिंदी एक्सप्रेस का संचालन टूंडला, शिकोहाबाद और कानपुर मार्ग से प्रयागराज तक किया जाएगा तथा यह फर्रुखाबाद नहीं आएगी। एडीआरएम ने बताया कि रेलवे प्रशासन दिल्ली तक यात्रियों की कनेक्टिविटी के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर विचार कर रहा है। एडीआरएम ने प्लेटफार्म नंबर एक और माल गोदाम की ओर बनाए जा रहे रनिंग रैंप का बारीकी से निरीक्षण



फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते एडीआरएम

किया। उन्होंने निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया।

मनोज कुमार ने बताया कि वह निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदार और कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। फर्रुखाबाद जंक्शन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहा निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा होना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इसे जल्द से जल्द तैयार कर जनता को समर्पित किया जाएगा। एडीआरएम ने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य उद्देश्य मंधना से अनवरगंज के बीच एलिवेटेड लाइन का निरीक्षण करना था। फर्रुखाबाद जंक्शन पर चल रहे कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता देखने के लिए वे रास्ते में रुके थे।

कालिंद्री एक्सप्रेस ट्रेन जो फर्रुखाबाद से होकर भिवानी तक जाती है उसका रूट बदलेगा, बताया कि कानपुर इटावा होते हुए टूंडला रूट से वह जाएगी और इधर नहीं आएगी। करीब 4 साल तक के लिए कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन फर्रुखाबाद आने के लिए बंद रहेगी। कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन के पूर्व में फर्रुखाबाद से भिवानी बीच चलने के सवाल पर कहा कि इसे देख रहे हैं कि यहां की पब्लिक को दिल्ली के लिए कैसे कनेक्ट करें। बताया कि फर्रुखाबाद और कन्नौज के लोगों को दिल्ली तक के लिए कैसे कनेक्ट करना है इसके लिए हम लोग ईएयू की प्लानिंग कर रहे हैं। जिससे दिल्ली तक सीधे आना-जाना मथुरा वाले रूट से बना रहे। फर्रुखाबाद से दिल्ली तक नई गाड़ी चलाई जाने के सवाल के जवाब पर कहा कि कन्नौज से कोशिश करेंगे की एग्जामिनेशन करने के लिए गाड़ी को डेडलाइन चाहिए हम लोग प्लानिंग कर रहे हैं कि कालिंद्री बंद होने से पब्लिक को लॉस होगा उसको कैसे कबर करें।

बताया कि प्लेटफार्म नंबर एक की लंबाई बढ़ाने की प्लानिंग है। कानपुर फर्रुखाबाद कासगंज के बीच डबल ट्रैक बनाए जाने को लेकर कहा कि इस पर हम लोग विचार कर रहे हैं बताया कि कासगंज से मथुरा वाला हो गया है। कासगंज से इधर वाले रूट पर अभी प्लानिंग चल रही है।

## हिन्दू संगठन ने बैठक कर लव जिहाद पर की चर्चा



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर लव जिहाद के मुद्दे पर चर्चा की और कस्बे के विद्यालय में अपनी शाखाएं बढ़ाने पर जोर दिया। नवाबगंज स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अपने समस्त पदाधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में पूरे तौर तरीके से अपने शाखाएं कार्यकर्ता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष में लव जिहाद की समस्या अधिक बढ़ रही है, इसलिए सभी कार्यकर्ता मजबूती से अपने-अपने क्षेत्र में निकालकर हिंदुत्व पर जोर दे। ब्राह्मण से लेकर बाल्मीकि तक को हिंदू मानकर बजरंग दल तथा विश्व हिंदू परिषद के विचारों को उन तक पहुंचाएं और भारतवर्ष में हो रहे लव जिहाद का कड़ाई से मुकाबला करें। लव जिहाद कर हिंदुओं की जमीनों पर अनावश्यक तरीके से कब्जे कर रहे हैं, जिसका बहुत कड़ाई से मुकाबला करते हुए उनका विरोध तथा समस्त प्रकार की कार्रवाई करने के लिए सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे और तैयार रहे तथा हिन्दू आदि सभी लोगों का हर संभव मदद करें। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा, ऋषभ, अभिषेक शाक्य, राहुल सिंह, सुदीप कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रुपये लेकर किशोरी की शादी कराने के मामले में दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

किशोरी की रुपये लेकर जबरन शादी कराने के मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया।

सोनभद्र जिले के चोपन थाना क्षेत्र की निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी ने राजेपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने कुशीनगर के पडरौना निवासी माया देवी, शाहजहांपुर के जलालाबाद निवासी रामदेवी और उसके बेटे अचल तथा राजेपुर निवासी हुकुम सिंह पर आरोप लगाया है कि रुपये लेकर मेरी जबरियन शादी करा दी। किशोरी ने बताया कि वह गोखरपुर में मजदूरी करती थी। वहां उसकी मुलाकात माया देवी से हुई थी। माया देवी उसे अपने मायके ले जाने का बहाने 27 मई को रामदेवी के घर ले गई। उसके बाद 30 मई को आरोपी उसे शादी के लिए राजेपुर स्थित हनुमान मंदिर ले गए। वहां रुपये लेकर उसकी शादी हुकुम सिंह से जबरन करा दी। किसी तरह वहां से भागकर मैं थाने पहुंची और पूरी घटना बतायी। पुलिस ने सभी चारों आरोपियों को राजेपुर कड़क्का बांध के पास से गिरफ्तार कर लिया।


डॉक्टरी परीक्षण कराती पुलिस

थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी पायल और 53,000 रुपये बरामद हुए हैं। राजेपुर के गांव चित्रकूट निवासी हुकुम सिंह शादी के लिए इच्छुक था। उसने मुश्किल से 80,000 रुपये एकत्र किए थे। किसी माध्यम से वह अचल के संपर्क में आया और शादी की बात की। अचल की मां रामदेवी का संपर्क माया देवी से था। माया देवी किशोरी को चार दिन पहले बहलाकर अपने मायके लाई थी, उसे अच्छी जगह शादी कराने का झांसा दिया गया था। किशोरी को जब पता चला कि उसका सौदा किया जा रहा है, तो उसने विरोध किया। मंदिर में शादी होने के बाद उसने सिंदूर पोंछ दिया और उसने हुकुम सिंह के साथ जाने से साफ इनकार कर दिया। इस पर हुकुम सिंह ने अपने रुपये मांगे। जिसको लेकर विवाद हो रहा था, तभी पुलिस पहुंच गयी और मौके से सभी को गिरफ़्तार कर लिया।

# व्यापारी अमन पटेल को कायमगंज नगर अध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने कायमगंज नगर के युवा उद्यमी अमन पटेल को अध्यक्ष बनाकर कायमगंज नगर की जिम्मेदारी दी है। प्रमोद गुप्ता ने नवनियुक्त अमन पटेल को अपनी कायमगंज नगर की पूरी कार्यकारिणी शीघ्र बनाकर घोषित करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश संगठन मंत्री और प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने कहा कि जिले की एक महत्वपूर्ण व्यवसायिक तहसील कायमगंज में काफी दिनों से हमारे संगठन की इकाई का वहां मौजूद न होना काफी अखर रहा था, आज वह कमी पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि संगठन की मजबूती और विस्तार के वास्ते शीघ्र ही कायमगंज में हमारे संगठन की युवा इकाई और महिला इकाई का गठन भी किया जाएगा। कायमगंज के नगर अध्यक्ष अमन पटेल ने बताया कि उनको जो जिम्मेदारी शीर्ष संगठन ने दी है, वह उसको बखूबी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे और व्यापारी भाइयों की समस्याओं को दूर करने का पूरा भरसक प्रयास करेंगे। इस मौके पर अरुण गुप्ता, दीपक गुप्ता, आनंद गुप्ता, आशीष वर्मा, राहुल गुप्ता, महेश चंद गुप्ता आदि उपस्थित रही।


कार्यक्रम में मौजूद व्यापारी

# स्वास्थ शिविर में 130 लोगों ने कराया उपचार, दी गई दवाई


स्वास्थ्य परीक्षण कराते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक राजेपुर की ग्रामसभा कढ़हार में, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हार पर वृद्ध जनों एवं आम जनमानस के स्वास्थ्य संवर्धन हेतु एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 130 रोगियों (72 पुरुष-58 महिला) ने निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा उपचार प्राप्त किया, साथ ही चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने शिविर में आये हुए समस्त रोगियों, उनके परिजनों एवं अन्य उपस्थित समस्त ग्रामवासियों से अपनी व्यक्तिगत ओर अपने आसपास के परिवेश को साफ सुथरा बनाए रखने की अपील करते हुए साफ सफाई, पौष्टिक भोजन, नियमित योग एवं व्यायाम, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन शैली के महत्व को समझाते हुए तंबाकू रहित दंतमंजन एवं बाजार में खुले में बिकने वाली हानिकारक रंगों एवं उच्च वसा वाली रिफाइंड युक्त तली भुनी चीजों से हमेशा परहेज करने की महत्वपूर्ण सलाह दी। चिकित्साधिकारी ने गर्मी/लूं से बचने के विभिन्न उपाय बताते हुए सभी को दिन में 2 बार सही विधि से दांत साफ करने की तकनीक को समझाया और भोजन करने से पहले स तरीके से हाथ साफ करना सिखाया।


राष्ट्रीय ध्वज के साथ सलामी देते पूर्व सैनिक

## पूर्व सैनिक के निधन पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ दी सलामी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को राजपूत रेजीमेंट से सेवानिवृत्त कैप्टन जगत सिंह यादव का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। आवास विकास निवासी सेवानिवृत्त कैप्टन जगत सिंह पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। उनके दो लड़के व तीन लड़किया है। सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ सम्मान देकर श्रद्धांजलि अर्पित की और नम आंखों के साथ उन्हें विदाई दी। उनके निधन पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित परिवार को सभी ने ढांढस बंधाकर सांत्वना दी।

# लिंक एक्सप्रेसवे के कटो पर नहीं छोड़ी गई जमीनें तो होगा बड़ा आंदोलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाकियू टिकैत के प्रतिनिधिमंडल और यूपीडा के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिला प्रशासन की तरफसे अपर जिला अधिकारी अरुण कुमार सिंह, एसडीम सदर गजराज सिंह यादव एवं यूपीडा की तरफ से परियोजना अधिकारी नागेन्द्र शर्मा मौजूद रहे। बैठक के माध्यम से किसानों ने जनपद में बन रहे लिंक एक्सप्रेसवे फैली भ्रांतियों को उठाया और जो बड़े-बड़े कट बनाये जा रहे हैं उन पर भी वार्ता हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कटो पर ली जा रही बेतहाशा जमीनों को छोड़ा जाये और कटो को आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की तरह समानांतर बनाया जाए और उनकी जमीनों का मुआवजा उनकी जमीनें रोड के हिसाब से दिया जाए, वाणिज्य के हिसाब से दिया जाए न कि सामान्य के हिसाब से दिया जाए। उन्होंने कहा कि मानसिक क्षतिपूर्ति भी किसानों को दी जाए, क्योंकि किसान का जमीनों से भावनात्मक रिश्ता होता है। किसानों को जमीन देने के नाम पर परेशान न किया जाए। जिला प्रशासन और यूपीडा के अधिकारियों ने एक शुरू में कहा कि हम किसानों से समन्वय बनाकर ही लिंक एक्सप्रेसवे में जमीनें लेंगे और जो भी समस्याएं का आपके द्वारा मांग पत्र सौंपा गया है। उसको यूपीडा के सीईओ को भेजकर उन समस्याओं को हल कराने की कोशिश की जाएगी। जिसके बाद किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने एक मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, रामनरेश यादव, अंकेश गंगवार, सत्यप्रकाश, विशेन, भूपेंद्र आदि किसान मौजूद रहे।


एडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

# राज्य कर्मचारी महासंघ ने नवांगतुक सीएमओ का किया स्वागत



सीएमओ का स्वागत करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त संघर्ष समिति व महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित के साथ पदाधिकारियों ने पहुंचकर नवांगतुक मुख्य चिकित्साधिकारी का स्वागत किया। बुधवार को संरक्षक राकेश कुमार सारस्वत व जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित एवं महासंघ के कोषाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी एवं मनोज कुमार व बबलू शुक्ला आदि कर्मचारी नेताओं ने नवांगतुक सीएमओ का गुलदस्ता व बुके देकर स्वागत किया। सीएमओ ने सभी कर्मचारी नेताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महासंघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस भीषण गर्मी में भी पुलिस शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में छात्राओं व महिलाओं को जागरुक कर रही है। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

महिला थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।


मऊदरवाजा में महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

# जनपद में आज आयेंगे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

▸ जनपद की चारों विधानसभा में किया जायेगा स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरूवार को गौ रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा निकलेगी। जिला सह संयोजक गौ रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा डॉ. दीपक द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्र में भव्य स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई। जिला संयोजक के नेतृत्व में परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्त श्रीविभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 महाराज जनपद आगमन पर काली नदी जहानगंज में 4 जून को भव्य स्वागत किया जाएगा। यहीं से पूरे जिले में जगह-जगह स्वागत, आरती एवं सभा का आयोजन किया जाएगा और पाण्डेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर शंकराचार्य का स्वागत किया जायेगा।


शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

# संस्कार भारती की लोक कला कार्यशाला में बच्चे सीख रहे लोक नृत्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संस्कार भारती की ग्रीष्मावकाश कला संस्कृति कार्यशाला में लोक कला के माध्यम से बच्चों को भारतीय लोक जीवन का आनंद सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षिका रजनी लौगवानी और कोमल शर्मा के मार्गदर्शन में बच्चे लोक नृत्य, लोक गायन और लोक संगीत के जरिए तनाव मुक्त जीवन जीने की कला सीख रहे हैं। प्रशिक्षिकाओं का कहना है कि वर्तमान समय में लोगों की जीवनशैली जटिल हो गई है, लेकिन लोक कला के माध्यम से लोग तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। कार्यशाला में बच्चों के उत्साह और उमंग के साथ लोक नृत्य सिखाया जा रहा है। लोक नृत्य के साथ-साथ गुजरात का परंपरागत डंडिया नृत्य और सिंधियत शैली में डंडिया नृत्य की बारीकियों के साथ भाव नृत्य कला की भी शिक्षा दी जा रही है। कार्यशाला में बच्चे लोक नृत्य, लोक गायन और संगीत के माध्यम से लोक जीवन का आनंद बिखेर रहे हैं। संस्कार भारती का उद्देश्य बच्चों को भारतीय लोक संस्कृति से जोड़कर उन्हें आत्मविश्वास और सृजनात्मकता देना है। कार्यशाला की व्यवस्था अनुराग अग्रवाल, गौरव मिश्रा बंटी, अरविंद दीक्षित, कुलभूषण श्रीवास्तव, नरेंद्र नाथ मिश्रा, रविंद्र भदोरिया, आदेश अवस्थी आदि लोग देख रहे हैं।


नृत्य करते बच्चे

# दरगाह हज़रत बाबा जूही रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स शुरु

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

दरगाह हज़रत बाबा जूही रहमतुल्लह अलैह का 68वां तीन दिवसीय सालाना उर्स कुरान मजीद की तिलावत के साथ शुरू हो गया। दरगाह के जानशीन खलीफा व सज्जादानशीन सूफी हज़रत मुशीर अहमद क़ादरी चिश्ती वारसी ने बताया कि आज ही के दिन हज़रत बाबा जूही शाह ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था, तब से आज तक उनकी याद में उर्स मनाया जाता है।

यहां हजारों की तादाद में लोग अपनी मुरादे लेकर आते है और बाबा अल्लाह की मदद से उनकी मुरादे पूरी करते है। बाबा ने अपनी जिंदगी में ही अपना खलीफा मुनीर अहमद शाह रहमतुल्लह अलैह को बनाया और मुनीर अहमद शाह ने अपनी जिंदगी में अपने पांच बेटों में से हज़रत कबीर अहमद शाह रहमतुल्लह को अपना जानशीन व खलीफा बनाया और अपनी जिंदगी में ही हज़रत कबीर अहमद शाह ने अपने चार बेटों में से हज़रत मुशीर अहमद क़ादरी को अपना जानशीन व खलीफा बनाया और तब से सफी मुशीर अहमद क़ादरी ही इस दरगाह का निजाम चला रहे है। दरगाह का पैगाम हमेशा से बिना जात पात धर्म अमीरी गरीबी देखे एक दूसरे से मोहब्बत करना इल्म को हासिल करना, गरीबों की मदद करना व मुल्क के लिए हमेशा वफादार रहना सिखाया है, फातिहा के बाद नगर व आस पास के साधु-संतों को भोजन के बाद दक्षिणा व वस्त्र देकर विदा किया। जाने की यह रस्म बाबा के ज़माने से चली आ रही है जिसको लगभग 150 साल से भी ज्यादा का समय बीत चुका है। संतों के बाद कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें भारी तादाद में नगर के हर वर्ग के लोग शामिल हुए बाद नमाज ईशा के मीलाद शरीफ जलसा जिसमें बाहर से आए, मौलाना अपना खिताब करेंगे और उसके बाद नातिया का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अरुण दुबे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रश्मि दुबे, संदेश राजपूत, आसिफ मंसूरी, संजय गुप्ता, अमित सेठ, डा0 अतुल गंगवार, मधु गंगवार, अनिल गंगवार को सम्मान पत्र व शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया।

सभी आगंतुकों ने बाबा जूही शाह की शान में अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अमीर हुसैन, तमहीद, अमरेश गंगवार, नोमान सिद्दीकी, जुबैर, जमीर अहमद, धनेश गौर, सनी बॉथम, पवन बॉथम, मुन्ना लाल, संजय शर्मा, विनय सक्सेना आदि शामिल रहे।


उर्स में सम्मानित होते अतिथि

# सोलहवीं शरीफ पर धूमधाम से मनायी गई जश्न ए उर्स शमशी तेहरानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ शहर की एतिहासिक वा गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल की लोको स्थिति दरगाह हज़रत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा में जिल्हज महीने की 16 वी शरीफ बड़े ही धूमधाम से मनाई गई साथ ही दूर दराज से आए अकीदतमंदों ने अपने अपने तरीके से फूल वा चादर पेश की। नमाज़ असर सातवां सालाना उर्स कुतुबुल अफताब मुफ्ती जियाउद्दीन शमसी तेहरानी अलैहि रहमा टोंकवी का भी मनाया गया और कुल शरीफकी नज़रो नियाज़ पेश कर फूल और चादर पेश की। जिसमे सभी मजहब के जायरीनों ने हाजिरी दी और अपनी अकीदत पेश की और लंगर भी तकसीम किया गया। खानकाह शरीफ़ के सज्जादा नशीन जानशीन ए हुज़ूर मोहब्बत शाह पीरजादा शाह मुहम्मद वसीम उर्फमुहम्मद मियां ने खिताब कर कहा की सभी को खानकाहों से अकीदत रखना चाहिए, जोकि आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती है ये दरगाहें मानवता का प्रतीक और तर्जुमान है इंसानियत का, सूफी संतों ने सदैव अमन संदेश देने के साथ सभी धर्मो का सम्मान करने की शिक्षा दी है। वहीं दारुल इफ्ता के मुफ़्ती व उस्ताद गुलाम आसी साहब ने बेहतरीन अंदाज में ख़िताब किया। हज़रत प्रोफेसर मुफ़्ती ज़ियाउद्दीन शम्सी तहरानी रहमतुल्लह अलैह एक ऐसे महान और बहुमुखी व्यक्तित्व थे, जिनकी मिसाल सदियों में कभी-कभार ही देखने को मिलती है। हज़रत ख्वाजा मोहब्बत शाह अलैहि रहमा को जानशीनी और ख़िलाफ़त और बना आध्यात्मिक सिलसिलो फतेहगढ़ बना। प्रमुख ख़लीफा और जानशीन हज़रत ख़्वाजा मोहम्मद शरीफ़ उर्फ़ मोहब्बत शाह अलैहि रहमा थे। हज़रत ख्वाजा मोहब्बत शाह अलैहि रहमा ने फतेहगढ़ को अपना केंद्र बनाया और वहाँ से दीन, तसव्वुफ़और इंसानियत की सेवा का कार्य जारी रखा। उन्होंने अपने जीवनकाल में ही हज़रत पीरज़ादा शाह मोहम्मद वसीम उर्फ मोहम्मद मियाँ साबरी मुजद्दिदी मज़हरी को अपना जानशीन और दरगाह हज़रत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया का सज्जादा नशीन भी नियुक्त किया। खानकाह फतेहगढ़ के सज्जादा नशीन व जानशीन ए हुज़ूर मोहब्बत शाह पीरजादा शाह मुहम्मद वसीम उर्फ मुहम्मद मियां चिश्ती साबरी मुजद्दीदी अपने बुज़ुर्गों की तालीमात पर चलते हुए दीन-ए-इस्लाम की ख़दिमतए समाज की इस्लाह और नौजवानों की दीन की सही जानकारी देने का काम कर रहे हैं। हज़रत प्रो0 मुफ़्ती सैयद जियाउद्दीन शम्सी तहरानी रहमतुल्लह अलैह ने अपनी पूरी जिंदगी इल्म, अमल, तसव्वुफ़ और इंसानियत की सेवा में गुज़ारी। मौलाना शोएब आतिर मदारी और हाफिज अरशद साबरी ने कुल शरीफ में बेहतरीन अंदाज में कुरआन पाक की तिलावत कर नजरों नियाज़ पेशकर फूल और चादर पेश की। इस मौके पर कब्बाल कमालुद्दीन ने कलाम पेश किये। हाफिज फरहान सबरी, अयान साबरी व आरिश साबरी ने बेहतरीन अंदाज में कुरान पाक की तिलावत की। इस मौके पर अंसार साबरी, अफजल हुसैन नियाजी, रफत हुसैन, हनीफ, राजू, अरशद सबरी, तनवीर खान, राहुल, फैसल साबरी, आकाश, शिवम आदि मौजूद रहे।


दरगाह पर दुआ करते अकीतदमंद



## कार्यालय क्षेत्र पंचायत-कमालगंज-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः-/ लेखाकार/केन्द्रीय वित्त-राज्य/निविदा/2026-27 दिनांकः- 03/06/2026

### निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत कमालगंज, विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना को निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से दिनांक 04/06/2026 से 10/06/2026 अपरान्ह 4:00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 10/06/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे विकास खण्ड कमालगंज में खण्ड विकास अधिकारी, जे.ई.आर.ई.डी. तथा सहायक विकास अधिकारी सहकारिता एवं उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 04/06/2026 से 10/06/2026 की अपरान्ह 04:00 बजे किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज से 1000/- रू0 जमा करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | मद | वित्तीय स्त्रोंत | लागत | जमानत धनराशि 2प्रति0रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्राम पंचायत गगनी में वृहद गौशाला हसनापुर में टीन शेड निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | प्राक्कलन अनुसार | प्राक्कलन अनुसार | 1000/- |
| 2 | ग्राम पंचायत चौकी महमदपुर में गौशाला में टीन शेड निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | प्राक्कलन अनुसार | प्राक्कलन अनुसार | 1000/- |
| 3 | ग्राम पंचायत महमदपुर अचला गौशाला में टीन शेड मरम्मत एवं उच्चीकरण कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | प्राक्कलन अनुसार | प्राक्कलन अनुसार | 1000/- |
| 4 | विकास खण्ड कमालगंज परिसर में वाटर कूलर एवं आर0ओ0 फिल्टर स्थापना कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | प्राक्कलन अनुसार | प्राक्कलन अनुसार | 1000/- |
| 5 | ग्राम पंचायत नगरिया देवधरापुर में अनुज राजपूत के घर के बाहर वाटर कूलर एवं आर0ओ0 फिल्टर स्थापना कार्य। | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | प्राक्कलन अनुसार | प्राक्कलन अनुसार | 1000/- |

नियम एवं शर्ते विकास खण्ड कार्यालय कमालगंज में अवकाश को छोड़क देखी जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी, वि0ख0 कमालगंज**

**पांच गिरफ्तार, एक बदमाश जख्मी**

# पुलिस मुठभेड़ में अंतरजनपदीय लुटेरे गैंग का पर्दाफाश



**समृद्धि न्यूज़, मितौली खीरी।**

थाना नीमगांव पुलिस को उस वक्त बड़ी कामयाबी हासिल हुई, जब पुलिस और शातिर लुटेरों के बीच हुई मुठभेड़ में अंतरजनपदीय लूट गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह जख्मी हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध असलहे, कारतूस और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। क्षेत्राधिकारी मितौली यादवेंद्र यादव ने बताया कि 22 मई को थाना नीमगांव क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के मुल्जिमों की तलाश में नीमगांव पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर-ए-खास से सूचना मिलने पर पुलिस ने अल्हवापुर पुल के पास घेराबंदी की। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें मुख्य आरोपी मौजीराम के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने मौके से मौजीराम निवासी मूड़ा हूसा थाना महोली, आलोक कुमार, सुमित प्रजापति, सर्वेश राठौर तथा अभय प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। घायल अभियुक्त को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पूछताछ में इन्किशाफ हुआ कि यह गिरोह शराब की दुकानों के सेल्समैनों की रेकी कर सुनसान रास्तों पर उन्हें रोककर असलहों के बल पर नकदी और मोबाइल लूट लेता था। आरोपियों ने सीतापुर जनपद के पिसावा और रामकोट क्षेत्रों में भी कई वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर खीरी और सीतापुर जनपद में हुई लूट और चोरी की करीब आधा दर्जन वारदातों का राजफाश हुआ है।

इनमें मोबाइल लूट, वाहन से जेवरात चोरी तथा नगदी चोरी की घटनाएं शामिल हैं। सी ओ मितौली ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों का आपराधिक रिकॉर्ड भी लंबा है और इनके खिलाफ चोरी, लूट तथा आर्म्स एक्ट के कई मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य मुजरिमों की तलाश में जुटी हुई है।

## दुर्लभ रेड सैंड बोआ का सफल रेस्क्यू, सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया



**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।** पलिया नगर के अजीत नगर मोहल्ले में उस समय लोगों की भीड़ जुट गई, जब एक घर के परिसर में दुर्लभ प्रजाति का रेड सैंड बोआ (दोमुंहा सांप) दिखाई दिया। सांप के दिखने से परिवार के लोग घबरा गए और इसकी सूचना स्थानीय सर्प रेस्क्यूअर नाजरुन निशा को दी गई। सूचना मिलते ही नाजरुन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और काफी सावधानी व मशक्कत के बाद सांप का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सांप घर के एक कोने में छिपा हुआ था। उसके दिखाई देने के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने पहले इसे साधारण सांप समझा, लेकिन करीब से देखने पर यह दुर्लभ प्रजाति का रेड सैंड बोआ निकला। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। रेस्क्यूअर नाजरुन निशा ने बताया कि रेड सैंड बोआ एक अत्यंत दुर्लभ और संरक्षित प्रजाति का सांप है, जिसे आम बोलचाल में दोमुंहा सांप भी कहा जाता है। यह विषहीन होता है और सामान्यतः इंसानों के लिए खतरनाक नहीं माना जाता। इसके बावजूद अज्ञानता के कारण लोग इसे देखकर भयभीत हो जाते हैं।

उन्होंने बताया कि इस प्रजाति की तस्करी की घटनाएं भी समय-समय पर सामने आती रहती हैं, जिसके चलते इसका संरक्षण बेहद आवश्यक है। करीब आधे घंटे की मेहनत के बाद सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया गया। रेस्क्यू के दौरान नाजरुन निशा ने मौजूद लोगों को वन्यजीव संरक्षण और सांपों के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं सांप दिखाई दे तो उसे नुकसान पहुंचाने के बजाय तत्काल प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम या वन विभाग को सूचना दें।

रेस्क्यू के बाद सांप को वन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने नाजरुन निशा के साहस और वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनके समर्पण की सराहना की।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार मैजिक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के मुड़पेली मोड़ के पास मंगलवार की दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार साला व रिश्तेदार के जीजा की मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मैजिक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना हलिया क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी मोहन कोल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र मोनू कुमार अपने रिश्तेदारी के जीजा सुनील कोल निवासी कवलझर के साथ मोटरसाइकिल से किसी कार्य से बाजार जा रहा था।मंगलवार दोपहर करीब चार बजे मुड़पेली मोड़ के पास सामने से आ रही यूपी 63 बीटी 1975 नंबर की मैजिक के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मोनू कुमार व सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों को बचाने का प्रयास किया लेकिन गंभीर चोटों के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंच गए और रो.रोकर बेहाल हो उठे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर मैजिक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दोषी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जर्जर हो चुकी पुलिया निर्माण के लिए डीएम को दिया पत्रक

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैंसोड़ बलाय पहाड़ गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य व भाजपा नेता आदित्य तिवारी ने डीएम पवन कुमार गंगवार को मंगलवार को पत्रक देकर जर्जर हो चुकी पुलिया की तात्कालिक मरम्मत व निर्माण कार्य की मांग की है। दिए गए पत्रक में क्षेत्र पंचायत सदस्य ने बताया कि जिले के अंतिम छोर पर मध्यप्रदेश की सीमा से सटे भैंसोड़ बलाय पहाड़ गांव के हरिजन बस्ती, बहेलियान बस्ती व यादव बस्ती में जाने के लिए वर्ष 1999 में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क बनाई गई थी। सड़क बनाने के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में बनाई गई दोनों पुलिया का पीडब्ल्यूडी द्वारा नव निर्माण नहीं करवाया जा सका। सड़क पर बनी दोनों पुलिया विगत तीन वर्षों से जर्जर हो चुकी है।भारी बारिश होने से कभी भी धराशाई हो सकती है। जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो जाएगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य ने बताया कि ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत से पुलिया निर्माण हेतु गुहार लगाई गई तो वहां से पीडब्ल्यूडी द्वारा पुलिया निर्माण कराने की बात कही गई। पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता का कहना है कि शासन को पुलिया निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। जनहित में बारिश से पूर्व क्षतिग्रस्त दोनों पुलिया की मरम्मत करवाए जाने की आवश्यकता है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर जर्जर हो चुकी पुलिया का निर्माण करवाए जाने की मांग की है।

### डॉक्टर नदारद, मरीज परेशान

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** चुनार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। एक मरीज ने डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाए हैंए जिसमें ड्यूटी न करने और कार्यशैली में लापरवाही बरतने की बात कही गई है। मरीज को दो से तीन दिन पहले कुत्ते ने काट लिया था और उसे इंजेक्शन लगवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पीड़ित मरीज ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से इंजेक्शन लगवाने के लिए चक्कर लगा रहा है। अस्पताल का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित हैए लेकिन इस दौरान भी उसे कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं मिला। मरीज का आरोप है कि डॉक्टर तरह.तरह के बहाने बना रहे हैं और अपनी ड्यूटी पर मौजूद नहीं रहते।इस संबंध में जब संबंधित अधिकारी प्रभारी निरीक्षक डॉ0 राकेश कुमार पटेल चुनार से बात की गईए तो उन्होंने बताया कि अस्पताल का समय ओपीडी टाइम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक है। हालांकिए मरीज ने बताया कि उसने इस समय सीमा के भीतर कई बार अस्पताल का दौरा किया। लेकिन उसे कोई डॉक्टर नहीं मिला। मिर्जापुर के सीएमओ से संपर्क करने पर उन्होंने मरीज को डॉक्टर से मिलने की सलाह दीए जबकि वहां कोई डॉक्टर मौजूद ही नहीं था।सीएमओ की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। मरीज का कहना है कि यह स्थिति उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को धूमिल कर रही है। मिर्जापुर में चिकित्सा अधिकारी समय पर उपलब्ध नहीं होते। जिससे लोगों को दवा और जांच कराने में भी दिक्कतें आती हैं। मरीज ने बताया कि कुत्ते के काटने के बाद से वह दो.तीन दिन से इंजेक्शन लगवाने के लिए संघर्ष कर रहा है। उसने संबंधित अधिकारियों से फोन पर भी बात की, लेकिन उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले पर क्या कार्रवाई करते हैं।

### नाबालिग किशोरी सकुशल बरामद, पुलिस कर रही विधिक कार्रवाई

**मोहम्मदी (खीरी)।** थाना मोहम्मदी क्षेत्र के एक गांव से लापता हुई नाबालिग किशोरी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर लिया है। मामले में दर्ज मुकदमे के आधार पर पुलिस आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी कर रही है। जानकारी के अनुसार, किशोरी के परिजनों ने थाना मोहम्मदी में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही दो युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। परिजनों ने किशोरी के नाबालिग होने की बात भी पुलिस को बताई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दहेज उत्पीड़न मामले में वांछित पति गिरफ्तार नवविवाहिता की मौत के बाद था फरार



**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।** थाना सिंगाही पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की तलाश पुलिस काफी समय से कर रही थी। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के फरदहिया गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद मृतका के परिजनों की तहरीर पर पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक सिंगाही के निर्देशन में पुलिस टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए लवकुश उर्फ लवकेश पुत्र रामपाल निवासी ग्राम राजापुर, थाना धौरहरा को ढकेरवा चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी थाना सिंगाही में दर्ज मुकदमे में वांछित था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध, दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा जैसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# तीन किलो से अधिक अफीम के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

**60 लाख की खेप बरामद**



**समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी।**

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निघासन कोतवाली पुलिस ने बुधवार तड़के बड़ी सफलता हासिल करते हुए छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 3.024 किलोग्राम अफीम, एक मारुति स्विफ्ट कार, सात एंड्रॉयड मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 60 लाख रुपये आंकी गई है। क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम कुमार के नेतृत्व तथा कोतवाली प्रभारी अवधराज सिंह सेंगर की अगुवाई में पुलिस टीम बुधवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे निघासन-सिंगाही मार्ग पर सहतेपुरवा मोड़ के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान सिंगाही की ओर से आ रही एक संदिग्ध काले रंग की मारुति स्विफ्ट कार को रोककर उसकी जांच की गई। कार सवार लोगों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार में रखे दो पैकेटों से क्रमशः 1.986 किलोग्राम और 1.038 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। दोनों पैकेटों में मिली अफीम का कुल वजन 3.024 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने मौके से सुबेग सिंह उर्फ काला, सारज सिंह, पारस सिंह, देवेंद्र सिंह, गुरनैब सिंह और अंगरेज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मारुति स्विफ्ट कार, सात एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा 1,640 रुपये नकद भी बरामद किए। बरामद अफीम को कब्जे में लेकर सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी अवधराज सिंह सेंगर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में गिरफ्तार आरोपियों में शामिल सुबेग सिंह उर्फ काला, गुरनैब सिंह और अंगरेज सिंह का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। इनके खिलाफ जनपद खीरी के अलावा शामली जिले में भी विभिन्न आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इनके आपराधिक रिकॉर्ड का विस्तृत सत्यापन कर रही है। क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि बरामद 3.024 किलोग्राम अफीम की भारतीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 60 लाख रुपये है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

# तेंदुए के हमले में घायल दो लोगों को मिला मुआवजा

**वन विभाग ने सौंपी आर्थिक सहायता**



**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।**

दक्षिण निघासन रेंज क्षेत्र में तेंदुए के हमले में घायल हुए दो लोगों को वन विभाग ने शासन की ओर से निर्धारित आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। मुआवजा मिलने से प्रभावित परिवारों को राहत मिली है। वन विभाग ने इस दौरान ग्रामीणों से वन्यजीवों की गतिविधियों को लेकर सतर्क रहने और किसी भी सूचना की तत्काल जानकारी विभाग को देने की अपील भी की।

वन विभाग के अनुसार दक्षिण निघासन रेंज के ग्राम बरोठा निवासी रोज अली तथा ग्राम दुलही निवासी सिरधरा कुछ समय पूर्व तेंदुए के हमले में घायल हो गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद विभागीय टीम मौके पर पहुंची और पूरे प्रकरण की जांच-पड़ताल कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं। जांच रिपोर्ट और अभिलेखीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों प्रभावितों को वन्यजीव जनित क्षति के तहत शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई।

क्षेत्रीय वनाधिकारी मोहम्मद मोबीन आरिफ ने बताया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को विभाग गंभीरता से लेता है। ऐसे मामलों में प्रभावित व्यक्तियों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण वन्यजीवों की संभावित मौजूदगी वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वन्यजीव की सूचना तत्काल वन विभाग को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। मुआवजा वितरण के दौरान वन दरोगा शुभम रंजन श्रीवास्तव, वन दरोगा अखिलेश कुमार समेत दक्षिण निघासन रेंज का स्टाफ मौजूद रहा। वन विभाग ने ग्रामीणों को सलाह दी है कि जंगल और आबादी से सटे क्षेत्रों में विशेष सतर्कता रखें तथा बच्चों को अकेले खेतों या वन क्षेत्र के आसपास न भेजें।

विभाग का कहना है कि लोगों की जागरूकता और समय पर सूचना से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम किया जा सकता है।

## 10 दिवसीय तबला वादन कार्यशाला का भव्य समापन

**प्रतिभागियों को मिले प्रमाण-पत्र**

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के संस्कृति विभाग एवं भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय तबला वादन कार्यशाला का समापन समारोह सोमवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा के संरक्षण, संवर्धन तथा युवा पीढ़ी को संगीत शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया था। महाविद्यालय के प्राधिकृत नियंत्रक नरेंद्र बहादुर सिंह के संरक्षण, प्राचार्य प्रो. गीता शुक्ला की अध्यक्षता तथा शिवांगी सक्सेना के निर्देशन एवं प्रशिक्षण में आयोजित इस कार्यशाला के समापन समारोह की अध्यक्षता अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर अर्चना सिंह ने की। दस दिनों तक चली कार्यशाला में क्षेत्र के विद्यार्थियों, संगीत प्रेमियों और युवा कलाकारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर तबला वादन की बारीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत रोली-अक्षत एवं बैच लगाकर किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागी अनामिका और महक ने कार्यशाला से जुड़े अपने अनुभव साझा किए, जबकि लविशा तिवारी और पलक पाठक ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत तबला वादन ने भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में अर्चना सिंह ने भारतीय संगीत की गौरवशाली परंपरा और युवाओं में संगीत के प्रति बढ़ती रुचि की सराहना करते हुए कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## मुंडा विष्णु क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-5 का खिताब कंजा के नाम, बेलाहरी रही उपविजेता



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** मुंडा विष्णु क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 (सीजन-5) का फाइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के उत्साह और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बीच संपन्न हुआ। फाइनल में कंजा क्रिकेट टीम ने बेलाहरी क्रिकेट टीम को 53 रनों से हराकर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली, जबकि बेलाहरी की टीम उपविजेता रही। फाइनल मैच में कंजा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 121 रन बनाए। जवाब में 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेलाहरी की टीम कंजा के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 12 ओवरों में 68 रन पर सिमट गई। इस तरह कंजा ने चार ओवर शेष रहते हुए 53 रनों से शानदार जीत दर्ज की। विजेता कंजा टीम को 11,000 नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता बेलाहरी टीम को 5,000 नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही सभी खिलाड़ियों को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आशुतोष को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्हें 500 नगद पुरस्कार और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# डीएम व एसपी ने टीजीटी परीक्षा केंद्रों का किया संयुक्त निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** जनपद में बुधवार से प्रारम्भ हो रही प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) लिखित परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने एमडीपीजी कॉलेज एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ परीक्षा केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया। डीएम एवं एसपी ने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने हेतु केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी में लगे कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्र परिसर एवं उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जनपद में टीजीटी लिखित परीक्षा कुल 33 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### तीन गैंगस्टर आरोपियों की 45 लाख की संपत्ति कुर्क

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के आरोपी मो. इलियास पुत्र जान मोहम्मद निवासी रंजीतपुर चिलबिला कोतवाली नगर की 20 लाख रुपए की चल अचल संपत्ति कुर्क की गई।मो. इलियास की एक महिंद्रा टीयूवी कीमत 6 लाख,फर्म किसान ग्रामोद्योग आंवला फैक्ट्री कीमत 14 लाख रुपए को कुर्क किया गया।

# पर्यटन विकास को रफ्तार देने चौक पहुंचे डीएम



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जिले की पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बुधवार को चौक स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर, सोनाड़ी देवी मंदिर तथा महत्वाकांक्षी रामग्राम परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों, श्रद्धालुओं को उपलब्ध सुविधाओं तथा निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गुरु गोरखनाथ मंदिर परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को मंदिर परिसर में यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके बाद जिलाधिकारी ने सोनाड़ी देवी मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में पाथवे निर्माण, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा आवश्यक स्थानों पर अतिरिक्त लाइटें लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी श्रद्धालु को मंदिर परिसर में असुविधा का सामना नहीं करना चाहिए और सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने रामग्राम परियोजना की प्रगति का भी अवलोकन किया। परियोजना के कार्यों में हो रही देरी पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही परियोजना की अगली किस्त जारी कराने के लिए पर्यटन विभाग को आवश्यक पत्राचार शीघ्र पूरा करने को कहा।

**रामग्राम परियोजना में देरी पर जताई नाराजगी**

### बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों की होगी कड़ी परीक्षा, 11 जून को जिले में होगी मेगा मॉक ड्रिल

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** मानसून सत्र के आगमन से पहले संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। राज्य स्तरीय बाढ़ मॉक एक्सरसाइज के तहत जिले में तीन चरणों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से आपदा प्रबंधन तंत्र की कार्यक्षमता, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का व्यापक परीक्षण किया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत ऑनलाइन ओरिएंटेशन एवं कोऑर्डिनेशन कॉन्फ्रेंस के साथ हो चुकी है।

## विधायक ने बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** सदर विकास खंड के ग्राम मटिहनिया चौधरी में क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। लंबे समय से स्थानीय ग्रामीणों और किसानों द्वारा इस पुल की मांग की जा रही थी, जिसके पूरा होने से क्षेत्र के कई गांवों के हजारों लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की गंभीर समस्या का भी स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद है। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार गांव, गरीब, किसान और आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना है, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकासोन्मुखी सोच का ही परिणाम है कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई और अन्य आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पुल निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी।